3 | राजधानी
यमुना का जलस्तर खतरे के पार

6 | अभिमत
बड़ी विश्व शक्ति बनकर उभरा भारत

9 | राष्ट्रीय
ट्विटर पर भिड़े गिरिराज और तेजस्वी

10 | कारोबार
शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 274
नई दिल्ली, शनिवार, 13 अगस्त, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



केएल राहुल को पहली जीत का इंतजार
स्पोर्ट्स-12

# प्रधानमंत्री पद की रेस में शामिल नहीं: नीतीश

- केंद्र में सत्तारूढ़ राजग के खिलाफ विपक्ष को एकजुट करने में सकारात्मक भूमिका निभाने को तैयार
- कहा-आने वाले दिनों में दिखेगा कुछ एक्शन



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/पटना

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को कहा कि वे प्रधानमंत्री पद की रेस में शामिल नहीं है। उन्होंने कहा कि केंद्र में सत्तारूढ़ राजग के खिलाफ विपक्ष को एकजुट करने के लिए वे 'सकारात्मक' भूमिका निभाने के लिए तैयार है। पटना में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कुमार से विपक्ष के समर्थन से प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनने के सवाल पर उन्होंने कहा कि कृपया ऐसे सवाल न पूछे। मैंने पहले भी कई बार कहा है कि मैं ऐसी कोई महत्वाकांक्षा नहीं रखता।

मैं अपने राज्य की सेवा करना चाहता हूं। मैं हाथ जोड़कर यह कह रहा हूं, मेरी ऐसी कोई इच्छा नहीं है.. मेरा काम सबके लिए काम करना है। उन्होंने कहा कि वे प्रयास करेंगे कि सभी विपक्षी दल मिलकर एकसाथ काम करें। उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव के लिए सभी पार्टियां साथ आएं। इसके लिए सभी विपक्षी दलों को आगे आना होगा। विपक्षी दलों को एक करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मेरी भूमिका सकारात्मक रहेगी। मेरे पास बहुत से फोन आ रहे हैं। मेरी इच्छा है कि सब एकसाथ आए। आने वाले दिनों में आप कुछ एक्शन देखेंगे।

एक ओर जहां कुछ विपक्षी दल नीतीश की अगुवाई में 2024 का आम चुनाव लड़ना चाहते हैं, वहीं आम आदमी पार्टी भाजपा के नेतृत्व वाले राजग और कांग्रेस की यूपीए से बराबर की दूरी बनाए रखते हुए कहा कि यह जदयू और उनके सहयोगियों पर निर्भर करता है कि क्या 2024 लोकसभा चुनाव में वे नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री पद का प्रत्याशी बनाना चाहते हैं। नीतीश की दावेदारी को बल उस समय मिला जब उत्तर प्रदेश की सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि यदि विपक्ष नीतीश कुमार को अगले आम चुनाव में अपना प्रधानमंत्री पद का प्रत्याशी बनाता है तो वे उनको समर्थन देने के बारे में विचार करेंगे। शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विपक्षी दलों का एकजुट होना तभी संभव है जब उसके नेता परिपक्वता दिखाएं, जैसा कि हमने बिहार में देखा है।

मीडिया से बातचीत के बाद कुमार ने बिहार में नई सरकार के खिलाफ सीबीआई और ईडी के दुरुपयोग की आशंका जताई। उन्होंने कहा कि जो लोग दुरुपयोग के आदी है उन्हें जनता का गुस्सा झेलना पड़ेगा। नीतीश ने कहा कि 2019 में भाजपा ने जब चार मंत्री पद देने से इनकार कर दिया तो उन्होंने केंद्र सरकार में जदयू के शामिल न होने का फैसला किया। उन्होंने यह भी कहा कि उनके पूर्व करीबी सहयोगी आरसीपी सिंह को उनकी अनुमति के बगैर कैबिनेट में शामिल किया गया था।

## बिहार में फिर लौटा जंगलराज: भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई वाली महागठबंधन सरकार के गठन के बाद से राज्य में हुई अपराध की विभिन्न घटनाओं का उल्लेख करते हुए शुक्रवार को दावा किया कि राज्य में एक बार फिर जंगलराज लौट आया है। भाजपा बिहार में राजद के शासनकाल को अक्सर जंगलराज कहती है और इसे हर चुनाव में मुद्दा भी बनाती है। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 10 अगस्त से लेकर 12 अगस्त के बीच बिहार में पत्रकारों सहित कई लोगों की हत्याएं हुई हैं और एक पुजारी को गला रेत कर मारा गया है। इस दौरान उन्होंने राज्य में हुई बलात्कार की कुछ घटनाओं के साथ ही छपरा में जहरीली शराब पीने से हुई मौतों का भी जिक्र किया। पात्रा ने कहा कि राज्य में तेजी से अव्यवस्था फैल रही है। यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि राज्य में जंगलराज लौट आया है। पात्रा ने दावा किया कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में राजग सरकार के दौरान गृह और उत्पाद विभाग भाजपा के पास नहीं हुआ करते थे इसके बावजूद भाजपा के दबाव में अपराध की तमाम घटनाओं पर अंकुश रहता था।

## देशभर में दिखेगा बिहार का एकता मॉडल: तेजस्वी



- उपुख्यमंत्री बनने के बाद नई दिल्ली में सोनिया गांधी समेत विपक्षी नेताओं से की मुलाकात
- भाजपा पर लगाया एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप, नीतीश के राजग से अलग होने के निर्णय को भगवा पार्टी पर तमाचा बताया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**बिहार** का उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को नई दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव सीताराम येचुरी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव डी राजा से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि बिहार में विपक्ष का एकता मॉडल अब देशभर में देखने को मिलेगा।

तेजस्वी ने यह भी कहा कि नीतीश कुमार का राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन से अलग होने का निर्णय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मुंह पर तमाचा है। पिछले दिनों बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को छोड़ कर महागठबंधन का हिस्सा बन गए। नीतीश की अगुवाई वाली नई सरकार में तेजस्वी यादव एक बार फिर से उप मुख्यमंत्री बने हैं। इस नए राजनीतिक घटनाक्रम के बाद पहली बार दिल्ली पहुंचे तेजस्वी ने सोनिया गांधी से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा कि नीतीश जी ने राजग से अलग होने का जो निर्णय लिया, उससे सही समय पर भाजपा को तमाचा लगा है।

भाजपा को छोड़कर सभी दल एकजुट हो चुके हैं। यही दृश्य अब पूरे देश में दिखेगा। उनके अनुसार, पूरे देश में लोग महंगाई और बेरोजगारी से परेशान हैं। जो लोग हिंदू-मुसलमान को लड़वाकर राज करना चाहते थे, जो गंगा-जमुनी तहजीब को (शेष पेज 9)

## लेखक सलमान रुश्दी पर न्यूयार्क में चाकू से हमला



**भाषा।** न्यूयार्क (अमेरिका)

- व्याख्यान देने के पहले मंच पर हुआ अटैक, गर्दन में आई है चोट, हेलीकॉप्टर से ले जाया गया अस्पताल

**अमेरिका** के न्यूयार्क शहर में शुक्रवार को एक कार्यक्रम के दौरान अंग्रेजी भाषा के प्रख्यात लेखक सलमान रुश्दी पर एक व्यक्ति ने हमला कर दिया। मुंबई में पैदा हुए और बुकर पुरस्कार से सम्मानित रुश्दी (75) पश्चिमी न्यूयॉर्क के शुटाउक्वा संस्थान में एक कार्यक्रम के दौरान अपना व्याख्यान शुरू करने वाले ही थे कि तभी एक व्यक्ति मंच पर चढ़ा और रुश्दी को घूंसे मारे या चाकू से हमला कर दिया।

उस समय कार्यक्रम में उनका परिचय दिया जा रहा था। ऑनलाइन पोस्ट किए गए एक वीडियो में घटना के तुरंत बाद उपस्थित लोगों को मंच की ओर भागते देखा जा सकता है। कहा जाता है कि वहां मौजूद लोगों ने हमलावर को पकड़ लिया। बीबीसी ने बताया कि रुश्दी की स्थिति के बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं है। ट्विटर का उपयोग करने वाली रयान केली ने एक ट्वीट में कहा कि रुश्दी को मंच पर जाने के दौरान चाकू मार दिया गया और वहीं उनकी प्राथमिक चिकित्सा की गई।

स्वतंत्र पत्रकार मैरी न्यूजॉम ने कहा कि रुश्दी पर चाकू से हमला किया गया और उनका उपचार किया जा रहा है। उन्होंने हमले के बाद के क्षणों की एक तस्वीर ट्वीट की। घटनास्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रुश्दी मंच पर गिर गए और उनके हाथों (शेष पेज 9)

## मेट्रो स्टेशनों पर पार्किंग नहीं कई प्रमुख सड़कें रहेंगी बंद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- स्वतंत्रता दिवस पर सुरक्षा के मद्देनजर दो दिन तक व्यवस्था में किया गया बदलाव

**स्वतंत्रता** दिवस के मौके पर सुरक्षा उपायों के मद्देनजर दिल्ली के मेट्रो स्टेशनों पर रविवार सुबह से सोमवार दोपहर तक वाहन पार्किंग की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने शुक्रवार को हालांकि कहा कि मेट्रो ट्रेन सेवाएं सामान्य रूप से चलती रहेंगी।

डीएमआरसी द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उठाए गए सुरक्षा कदमों के मद्देनजर दिल्ली के मेट्रो स्टेशनों पर रविवार 14 अगस्त को सुबह छह बजे से सोमवार यानी 15 अगस्त दोपहर दो बजे तक वाहन पार्किंग की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। दिल्ली पुलिस ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के मद्देनजर राजधानी में वाहनों की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए गुरुवार को यातायात संबंधी परामर्श जारी किए थे। पुलिस के परामर्श के मुताबिक नेताजी सुभाष मार्ग, लोथियन रोड, एसपी मुखर्जी मार्ग, चांदनी चौक रोड, निषाद राज मार्ग, एस्प्लेनेड रोड और नेताजी सुभाष मार्ग की ओर जाने वाला लिंक रोड, राजघाट से आईएसबीटी तक रिंग रोड और आईएसबीटी से आईपी फ्लाईओवर तक बाहरी रिंग रोड समेत कुल आठ सड़कें आम लोगों के वाहनों के लिए बंद रहेंगी।

नोएडा, लोनी, सिंघू, गाजीपुर, बदरपुर, साफिया, महाराजपुर, आया नगर, औचंदी, सूर्य नगर, रजोकरी, अप्सरा, कालिंदी कुंज, झाड़ौदा, भोपुरा, लाल कुआं पुल प्रह्लाद पुर और टिकरी बॉर्डर वाणिज्यिक और अन्य वाहनों के लिए शुक्रवार को रात 10 बजे से शनिवार सुबह 11 बजे तक बंद रहेंगे। इसी प्रकार ये रास्ते रविवार और सोमवार को भी बंद रहेंगे। कौड़िया (शेष पेज 9)

## जम्मू-कश्मीर के बांदीपुरा में प्रवासी मजदूर की गोली मारकर हत्या

**भाषा।** श्रीनगर

**जम्मू-कश्मीर** के बांदीपुरा जिले में आतंकवादियों ने बिहार के एक प्रवासी मजदूर की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि हमला मध्यरात्रि के करीब हुआ। कश्मीर जोन की पुलिस ने ट्वीट कर कहा, मध्यरात्रि के दौरान, आतंकवादियों ने बांदीपुरा के सोदनारा संबल में बिहार के मधेपुरा में बेसाढ़ के निवासी प्रवासी मजदूर मोहम्मद अमरेज, पुत्र मोहम्मद जलील पर गोली चलाई और उसे घायल कर दिया। पुलिस ने बताया कि अमरेज को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। अमरेज के भाई के बता रहे मोहम्मद तमहीद ने बताया कि वे सोर रहे थे तभी मध्यरात्रि के करीब 12 बजकर 20 मिनट पर उन्होंने गोलियां चलने की आवाज सुनी। उन्होंने बताया, हम सो रहे थे, तभी रात करीब 12 बजकर 20 मिनट पर मेरे छोटे भाई ने कहा कि उसने गोलियां चलने की आवाज सुनी है। मैंने उससे कहा कि (शेष पेज 9)

## स्वतंत्रता दिवस पर बचें बड़ी सभाओं से



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- कोविड मामले बढ़ने के साथ सरकार ने राज्यों के लिए जारी किए दिशा-निर्देश

**राजधानी** दिल्ली समेत देश में रोजाना कोविड-19 मामलों में हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए केंद्र सरकार ने राज्यों से कहा है कि वे स्वतंत्रता दिवस पर ऐसे बड़े कार्यक्रम करने से बचें, जिनमें अधिक भीड़ एकत्र हो। देश में इस वक्त रोजाना औसतन 15,000 से अधिक मामले सामने आ रहे हैं। राजधानी दिल्ली में पिछले 11-12 दिन में 20,000 से अधिक केस आ चुके हैं।

केंद्र ने राज्यों से कहा है कि सभी लोग कोविड-19 के दिशा-निर्देशों का पालन करें। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के प्रत्येक जिले के प्रमुख स्थानों पर स्वच्छ भारत अभियान चलाने और स्वैच्छिक नागरिक भागीदारी के माध्यम से इन्हें स्वच्छ बनाए रखने के लिए एक पखवाड़े और महीने भर तक जारी रखने को कहा है।

मंत्रालय ने विज्ञप्ति में कहा कि एहतियात के तौर पर कोविड-19 के खिलाफ, समारोह में बड़ी सभाओं से बचा जाना चाहिए। यह जरूरी है कि कोविड-19 के दिशा-निर्देशों का पालन किया जाए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के शुक्रवार को अद्यतन किए गए आंकड़ों के अनुसार, देश में कोविड-19 के 16,561 नए मामले आने से संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,42,23,557 (शेष पेज 9)

## सब्जी और खाद्य तेल के दाम कम होने से जुलाई में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 6.71% रही

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सब्जी** और खाद्य तेल जैसे खाद्य उत्पादों के सस्ता होने से खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई में नरम होकर 6.71 प्रतिशत पर आ गई। हालांकि यह अभी भी भारतीय रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर की उच्च सीमा 6.0 प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है। सब्जी और खाद्य तेल तथा अन्य जिंसों के दामों में गिरावट आने के बावजूद खुदरा मुद्रास्फीति उंचे स्तर पर बनी हुई है। ऐसी स्थिति में आरबीआई सितंबर के अंत में प्रस्तावित मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर में एक और वृद्धि कर सकता है। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जून 2022 में महंगाई दर 7.01 प्रतिशत जबकि जुलाई 2021 में 5.59 प्रतिशत थी। आंकड़ों के मुताबिक खाद्य मुद्रास्फीति भी जुलाई महीने में नरम पड़कर 6.75 प्रतिशत पर पहुंच गई जबकि जून में यह 7.75 प्रतिशत थी। यह चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से जून के दौरान सात प्रतिशत से ऊपर (शेष पेज 9)

## आवासीय परिसरों के निजी इस्तेमाल पर किराया जीएसटी से मुक्त: सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- रिहायशी परिसर को व्यावसायिक इकाई को किराये पर देने पर लगेगा जीएसटी

**सरकार** ने शुक्रवार को कहा कि यदि आवासीय परिसरों को निजी इस्तेमाल के लिए निजी व्यक्तियों को किराए पर दिया गया है, तो उस पर जीएसटी लागू नहीं होगा। सरकार ने उन मीडिया रिपोर्टों को खारिज कर दिया, जिनमें दावा किया गया था कि किराएदारों द्वारा दिए गए घर के किराए पर 18 प्रतिशत जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) लगेगा।

सरकार ने एक ट्वीट में कहा कि जीएसटी तभी लगाया जाएगा, जब आवासीय परिसर किसी व्यावसायिक इकाई को किराए पर दिया जाएगा। ट्वीट में कहा गया, जब इसे निजी उपयोग के लिए निजी व्यक्ति को किराए पर दिया जाता है, तो कोई जीएसटी नहीं लगेगा। यदि किसी फर्म का मालिक या साझेदार व्यक्तिगत उपयोग के लिए किराए पर रहता है, तो भी कोई जीएसटी नहीं देना होगा। केपीएमजी इंडिया के पार्टनर (अप्रत्यक्ष कर) अभिषेक जैन ने कहा कि इस स्पष्टीकरण से जीएसटी पंजीकृत प्रोपराइटरों या जीएसटी पंजीकृत फर्मों में साझेदारों को राहत मिली है। सरकार ने ट्वीट में साफ किया है कि यदि संपत्ति को निजी व्यक्ति को निजी इस्तेमाल के लिए किराये पर दिया जाता है तो कोई जीएसटी नहीं लगेगा।

यह नियम उन मामलों पर भी लागू होगा यदि फर्म का प्रोपाइटर या पार्टनर आवास को निजी इस्तेमाल के लिए किराये पर देता है। इस स्पष्टीकरण से जीएसटी पंजीकृत प्रोपाइटर या जीएसटी पंजीकृत फर्म के पार्टनर जो अपने निजी उपयोग के लिए अचल संपत्ति को किराया पर देते हैं इसमें जैसे परिवार के रहने के लिए घर को किराये पर देना आदि शामिल हैं।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,462 | ↑ 130 | |
| निफ्टी | 17,698 | ↑ 39 | |
| सोना | 52,915 | ↓ 90 | /10g |
| चांदी | 59,166 | ↓ 374 | /kg |

## क्विक न्यूज

### जैश-ए-मोहम्मद और अन्य संगठनों से जुड़ा आतंकी सहारनपुर से गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने शुक्रवार को सहारनपुर से जैश-ए-मोहम्मद एवं अन्य संगठनों से जुड़े एक कथित आतंकवादी को गिरफ्तार किया। उत्तर प्रदेश के अपर पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि सहारनपुर जिले में गंगोह थाना क्षेत्र के कुंडा कला गांव के मोहम्मद नदीम (25) को एटीएस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अपने बयान में पहले तहरीक-ए-तालिबान से भी नदीम के जुड़े होने का दावा किया था लेकिन कुछ देर बाद जारी दूसरे बयान में उसने इस अंश को हटा दिया। नए बयान में दावा किया गया है कि नदीम ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उसे जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी ने नुपूर शर्मा की हत्या करने का जिम्मा दिया था।

## मामूली विवाद में चाकुओं से गोदकर युवक की हत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- पूरी घटना सीसीटीवी में कैद, सभी आरोपी फरार

**दक्षिण** दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में मामूली विवाद से शुरू हुई एक घटना में चार-पांच युवकों ने होटल प्रबंधन के 25 वर्षीय छात्र की सरेराह चाकू मारकर हत्या कर दी। यह घटना एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसकी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मृतक की पहचान शाहपुर जाट निवासी मयंक पंवार के रूप में हुई है।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो में मयंक हमलावरों से बचने के लिए भागते नजर आ रहे हैं। आरोपियों ने उसे एक कार के पास पकड़ लिया और एक आरोपी ने उसे कई बार चाकू मार दिया। डीसीपी (दक्षिण जिला) बनिता मैरी जयकर ने कहा कि उन्हें गुरुवार शाम बेगमपुर के डीडीए मार्केट के गेट नंबर 3 के पास एक व्यक्ति की चाकू मारने की सूचना मिली। घायल युवक को एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। बाद में उसकी पहचान मयंक के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि बेगमपुर में डीडीए मार्केट के गेट नंबर 3 के पास एक व्यक्ति पर चाकू से हमले की सूचना मिली थी।

इसके बाद पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे तो घायल को अस्पताल ले जाया जा चुका था। इसके बाद एम्स के ट्रॉमा सेंटर से घायल मयंक पंवार की मौत की सूचना मिली। मयंक (25) शाहपुर जाट का रहने वाला था। मयंक के एक दोस्त विकास पंवार से पूछताछ में पता चला कि गुरुवार शाम (शेष पेज 9)

## यौन उत्पीड़न पीड़िताओं के प्रति संवेदनशील बनें अदालतें

**भाषा।** नई दिल्ली

- शीर्ष न्यायालय ने कहा- कोर्ट यह सुनिश्चित करें कि इस तरह के अपराध करने वालों को न्याय के कठघरे में लाने की प्रक्रिया पीड़िता के लिए कष्टदायक न हो



**उच्चतम** न्यायालय ने कहा है कि सभी अदालतों के लिए यह आवश्यक है कि वे यौन उत्पीड़न पीड़िताओं को लगे सदमे, उनकी सामाजिक शर्मिंदगी और अवांछित कलंक के प्रति संवेदनशील बने रहें। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि अदालतें साथ ही यह सुनिश्चित करें कि इस तरह के अपराध करने वालों को न्याय के कठघरे में लाने की प्रक्रिया पीड़िता के लिए कष्टदायक नहीं रहे।

न्यायालय ने कहा कि विशेष रूप से ऐसे मामलों में जहां पुलिस इस तरह के यौन अपराध की शिकायतों का समाधान करने में नाकाम रहती है, अदालतों का यह महत्वपूर्ण दायित्व है और निचली अदालतों को यथासंभव एक ही बैठक में जिरह पूरी करनी चाहिए। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि पुलिस शिकायतकर्ता के लिए भय मुक्त माहौल बनाने की कोशिश करे। न्यायालय ने कहा, अदालतों को यह सुनिश्चित करने का प्रयास करनी चाहिए कि कथित अपराधकर्ताओं को न्याय के कठघरे में लाना पीड़िता के लिए दुष्कर नहीं हो। पीड़िता को महज एक शिकायत दर्ज कराने और विशेष रूप से प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध की जांच शुरू कराने के लिए यहां-वहां दौड़ नहीं लगानी पड़े। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने अपने हालिया फैसले में इस संबंध में निचली अदालतों के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। पीठ ने कहा कि यह निचली अदालतों का दायित्व है कि वे अपने समक्ष पीड़ित व्यक्ति से उपयुक्त व्यवहार करे। पीठ ने कहा, हम एक बार फिर यौन उत्पीड़न की शिकायतों से निपटने में अदालतों के संवेदनशील बने रहने के महत्व को दोहराते हैं। शीर्ष न्यायालय का यह निर्णय मध्य प्रदेश की एक कथित यौन उत्पीड़न पीड़िता की अपील पर आया है। यह मामला कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संबद्ध है। पीठ ने कहा कि अदालत को बंद कमरे में कार्यवाही की अनुमति देनी चाहिए। पीठ ने कहा कि निचली अदालत को एक स्क्रीन लगाने की अनुमति देनी चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि पीड़ित महिला बयान देने के दौरान आरोपी को नहीं देख सके। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि निचली अदालत को सुनिश्चित करना चाहिए कि आरोपी के वकील पीड़िता से सम्मानजनक तरीके से जिरह करे और अनुचित सवाल नहीं पूछे, खासतौर पर महिला के पहले के यौन संबंधों के बारे में।

## राज्यों से अपने अधिकार क्षेत्र में रेरा नियमों में बदलावों पर तीन सप्ताह में जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को सभी राज्य सरकारों को रियल एस्टेट (नियमन और विकास) (रेरा) अधिनियम, 2016 और संबंधित नियमों एवं कानूनों के क्रियान्वयन में विचलन और बदलावों पर तीन सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा। न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति ए. एस. बोपन्ना की पीठ ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को तीन सप्ताह के भीतर केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय को अपना जवाब देने को कहा ताकि वह अधिवक्ता देवाशीष भरुका के परामर्श से एक सारणीबद्ध चार्ट के जरिए विवरणों का मिलान कर सके। भरुका एक न्याय मित्र के रूप में अदालत की सहायता कर रहे हैं। पीठ ने उन याचिकाओं को 16 सितंबर के लिए सूचीबद्ध किया जिनमें देशभर में एक मॉडल बिल्डर-खरीदार समझौते को लागू करने का अनुरोध किया गया है। पीठ ने कहा कि वह न्याय मित्र के सुझावों के आधार पर सुनवाई की अगली तारीख को निर्देश पारित करेगी। इसने कहा कि न्याय मित्र और मंत्रालय की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) ऐश्वर्या भाटी दोनों को स्थानीय जरूरतों के अनुसार कुछ बदलाव करने के लिए राज्य सरकारों की प्रतिक्रियाओं के आधार पर एक मॉडल बिल्डर-खरीदार समझौता तैयार करना चाहिए।

# अब 28 अगस्त को ढहेंगे नोएडा के ट्विन टावर

## तकनीकी या मौसम संबंधी कारणों से देरी होने की स्थिति में चार सितंबर तक ढील

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



उच्चतम न्यायालय ने नोएडा की एमराल्ड परियोजना से जुड़े सुपरटेक के 40 मंजिला ट्विन टावर को ढहाने के लिए शुक्रवार को 28 अगस्त की तारीख तय की। शीर्ष अदालत ने तकनीकी या मौसम संबंधी कारणों से देरी होने की स्थिति में ट्विन टावर को ढहाने की समय सीमा में चार सितंबर तक ढील भी दी।

न्यायालय ने इससे पहले नियमों के उल्लंघन को लेकर दोनों इमारतों को गिराने के लिए 21 अगस्त की समय सीमा निर्धारित की थी। न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति ए. एस. बोपन्ना की पीठ ने दोनों टावर को गिराने की कवायद में जुटी एजेंसियों को इस आधार पर 29 अगस्त से चार सितंबर के बीच की एक सप्ताह की अतिरिक्त मोहलत दी कि तकनीकी या मौसम संबंधी कारणों से इमारतों को ढहाने की प्रक्रिया में कुछ देरी हो सकती है। उच्चतम न्यायालय ने सुपरटेक के प्रबंधन सहित अन्य सभी संबंधित एजेंसियों को टावर को गिराने की कवायद में जुटी एजेंसियों के साथ सहयोग करने का निर्देश दिया। इससे पहले, 17 मई को शीर्ष अदालत ने विशेषज्ञों की सलाह के आधार पर ट्विन टावर को ढहाने की समय सीमा 28 अगस्त तक बढ़ा दी थी। न्यायालय ने यह आदेश इंटेरिम रेजोल्यूशन प्रोफेशनल (आईआरपी) की ओर से दायर अर्जी पर दिया, जिसमें ध्वस्तीकरण के लिए नियुक्त एजेंसी एडिफिस इंजीनियरिंग द्वारा परीक्षण विस्फोटों के बाद डिजाइन में मामूली बदलाव के आधार पर दोनों इमारतों को ढहाने की समयसीमा 22 मई 2022 से तीन महीने बढ़ाकर 28 अगस्त 2022 करने का अनुरोध किया गया था। शीर्ष अदालत ने कहा था, विशेषज्ञों की सलाह के आधार पर ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया को पूरा करने की अवधि 28 अगस्त 2022 तक बढ़ाई जाती है।

इस आदेश के पारित होने की तारीख और सुनवाई की अगली तारीख से एक हफ्ते पहले के बीच की तारीख तक नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण (नोएडा) द्वारा सभी हितधारकों की बैठक बुलाने के बाद संबंधित फैसले के क्रियान्वयन के संबंध में उठाए जा रहे कदमों पर एक स्थिति रिपोर्ट दायर की जानी चाहिए।

नोएडा प्राधिकरण ने 28 फरवरी को शीर्ष अदालत को सूचित किया था कि ध्वस्तीकरण के लिए काम शुरू हो गया है और ट्विन टावर 22 मई तक पूरी तरह से ढहा दिए जाएंगे। प्राधिकरण ने अपनी पिछली स्थिति रिपोर्ट में कहा था कि इन विशाल संरचनाओं के ध्वस्तीकरण के बाद 22 अगस्त तक पूरे मलबे को हटा लिया जाएगा। एडिफिस कंपनी के प्रोजेक्ट हेड उत्कर्ष मेहता ने बताया टावर को गिराने की प्रक्रिया 4 सितंबर तक चलेगी। यानी 28 अगस्त के बाद सात दिन का ऐक्स्ट्रा टाइम लिया गया है। पहले इसे 21 अगस्त को तोड़ा जाना था। दोनों टावर 101 मीटर ऊंचे हैं। इसमें सियान 29 फ्लोर और एपेक्स 32 फ्लोर का बना हुआ है।

### ऐसे होगा ब्लास्ट

*टावरों को गिराने के लिए दो ब्लास्ट प्राइमरी और सेकंड्री होंगे। प्राइमरी ब्लास्ट में ग्राउंड फ्लोर, पहले, दूसरे, छठवें, दसवें, 14वें, 22वें, 26वें और 30 वें फ्लोर पर विस्फोट किया जाएगा। इसके ब्लास्ट का सिक्यूसेंस 0 से 7.0 सेकंड का होगा। इसी तरह सेकंड्री ब्लास्ट 0 से 3.5 सेकंड का होगा। दोनों टावर करीब नौ सेकंड में ध्वस्त हो जाएंगे। इस ब्लास्ट को इंप्लॉजन तकनीक कहते है। जिसे कंट्रोल्ड ब्लास्ट भी कहा जा सकता है।*

## नाले का लेंटर गिरने के मामले में कंपनी पर केस

**नोएडा।** सेक्टर चाई-4 में सूखे नाले की सफाई करते समय लेंटर गिरने से हुई दो मजदूरों की मौत के मामले में कंस्ट्रक्शन कंपनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। प्राधिकरण के प्रबंधक की तहरीर पर इसके लिए सेक्टर बीटा दो कोतवाली में तहरीर दी गई थी।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा बरसात के मौसम में जलभराव की स्थिति को देखते हुए सेक्टर चाई-4 स्थित पेरीफेरल रोड के किनारे बने नाले की सफाई करवाई जा रही थी। गुरुवार की सुबह कलौंदा गांव के रहने वाले तीन मजदूर रेहान, दिलशाद और साहिल नाले की सफाई कर रहे थे। इसी बीच नाले का लेंटर और सर्पोटिंग दीवार भरभरा गिर गई थी। मलबे में दबने से दो रेहान और दिलशाद की मौत हो गई थी। प्राधिकरण के वर्क सर्किल चार के प्रबंधक सुरेंद्र कुमार ने सेक्टर बीटा दो कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि नाले का निर्माण कराने वाली कंपनी द्वारा घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### गुरुप्रीत सिंह रम्मी को पश्चिमी यूपी का प्रभार



**गाजियाबाद।** गुरुद्वारा इंदिरापुरम के प्रधान व ऑक्सीजन मैन के नाम से प्रसिद्ध गुरुप्रीत सिंह रम्मी को दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मुख्य संरक्षक हरमीत सिंह कालका ने पश्चिमी यूपी का प्रभार सौंपा है। गाजियाबाद के वसुंधरा में शुक्रवार को आयोजित एक समारोह में दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के संरक्षक हरमीत सिंह कालका इसकी घोषणा की। कालका ने कहा कि गुरुप्रीत सिंह रम्मी ने कोविड की दूसरी लहर में ऑक्सीजन लंगर चलाकर मानव सेवा की मिसाल पेश की है। समाज व मानवता की रक्षा के लिए उनके इस योगदान के लिए दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और शिरोमणी अकाली दल दिल्ली स्टेट की तरफ से गुरुप्रीत सिंह रम्मी को यह प्रभार दिया गया है। इस अवसर पर एमपीएस चड्ढा अध्यक्ष दिल्ली, जगदीप सिंह काहलों महासचिव आदि गणमान्य मौजूद थे।

### सबसे बड़े तिरंगे के साथ लें सकेंगे सेल्फी

**गाजियाबाद।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर तिरंगा अभियान के बीच अब ट्रांस हिंडन में 65 फीट लंबे और 40 फीट चौड़े राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के साथ सेल्फी ले सकते हैं। यह जानकारी शुक्रवार को वैशाली स्थित नवीन अस्पताल के ग्रुप मेडिकल डायरेक्टर डॉ. अनिल तोमर ने एक प्रेसवार्ता में दी। डॉ. तोमर ने बताया कि शनिवार 13 अगस्त को जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह गणमान्य लोगों की मौजूदगी में तिरंगा फहराएंगे और तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर 'सेल्फी विद बिगेस्ट नेशनल फ्लैग' कार्यक्रम की शुरूआत करेंगे। डॉ. तोमर ने बताया कि 13, 14 और 15 अगस्त को कोई भी तिरंगे के साथ आकर सेल्फी ले सकता है। ग्रुप डायरेक्टर धनंजय तेवतिया ने कहा कि नवीन हॉस्पिटल की इस छोटी सी पहल में भागीदारी कर स्वतंत्रता दिवस मनाएं और स्वस्थ्य रहने व अपने प्रियजनों को स्वस्थ रखने का प्रण लें।

### रक्षाबंधन मनाने गए परिवार के घर चोरी

**नोएडा।** रक्षाबंधन मनाने घर जा रहे एक परिवार के घर लाखों की चोरी हो गई। पुलिस को जानकारी दी गई। मौके पर पुलिस मौजूद है जांच की जा रही है। फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट की मदद ली जा रही है। रविंद्र प्रकाश सेक्टर-82 के 13.9 में परिवार के साथ रहते है। रविंद्र दवाई सप्लाई का काम करते है। रक्षाबंधन मनाने के लिए घर से निकले थे। इतने में ही चोरों ने घर में लगे छोटे लोहे के दरवाजे की कुंडी काटकर घटना को अंजाम दिया। चोरों ने घर में रखी छोटी अलमारी खोलकर दो तोले का सोने का हार, 10 चांदी के सिक्के, चांदी का जग, पायल और लाखों की ज्वेलरी और करीब 30 हजार रुपए की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। बड़ी बात ये है कि चोर बेड पर रखा लैपटॉप और मोबाइल अपने साथ नहीं लेकर गए।

### सांड के हमले में बच्ची की मौत

**नोएडा।** डीएससी रोड स्थित सलारपुर में सांड के हमले से गंभीर रूप से घायल बच्ची का वीडियो मीडिया पर वायरल हुआ है। बच्ची के इलाज के दौरान मौत हो गई। लोगों कहना है कि यहां आए दिन सांड आपस में लड़ाई करते रहते हैं। कुछ दिन पहले भी एक सांड ने महिला पर हमला कर दिया था। अब तक शहर में सांड के हमलों से एक नेता समेत दो लोगों की मौत हो चुकी है। मृतका के पिता संतोष ने बताया कि दो सांडों की लड़ाई से बचने के लिए वह तेजी से निकलने लगे। इसी बीच एक सांड ने उन पर हमला बोल दिया। सांड ने दोनों बच्चों, भतीजी और भांजे को दीवार से दबा दिया। आसपास के लोगों ने किसी तरह ईंट पत्थर से मारकर सांड को भगाया। हमले में इसमें बेटी जैकलीन गंभीर रूप से घायल हो गई।


**सनेह इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय : डेल्टन हाउस, 4801, भरत राम रोड 24, दरियागंज, नई दिल्ली–110002, (भारत)
फोन : 91–11–23273907, सीआईएन : एल74899डीएल1980पीएलसी060079
30 जून, 2022 को समाप्त तिमाही हेतु
अलेखापरीक्षित पृथक्कृत और समेकित वित्तीय परिणामों का विवरण

(रू. लाख में)

| क्र. सं | विवरण | पृथक्कृत तिमाही समाप्त 30–06–2022 (अलेखापरीक्षि | पृथक्कृत तिमाही समाप्त 30–06–2021 (अलेखापरीक्षित) | पृथक्कृत वर्ष समाप्त 31–03–2022 (लेखापरीक्षित) | समेकित तिमाही समाप्त 30–06–2022 (अलेखापरीक्षित) | समेकित तिमाही समाप्त 30–06–2021 (अलेखापरीक्षित) | समेकित वर्ष समाप्त 31–03–2022 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आय | | | | | | |
| | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | - | 0.15 | 0.20 | - | 0.33 | 0.50 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | (1.07) | 0.00 | (5.05) | (1.48) | (0.08) | (7.52) |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर से पहले (कर पश्चात, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | (1.07) | 0.00 | (5.05) | (1.48) | (0.08) | (7.52) |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात और अल्प हित के पश्चात) | - | - | - | (0.00) | (0.00) | (0.00) |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय खजिसमें अवधि हेतु लाभ/हानि (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है, | 1.45 | 37.98 | 26.14 | (1.74) | 143.48 | 107.41 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 24.00 | 24.00 | 24.00 | 24.00 | 24.00 | 24.00 |
| 7 | (अंकित मूल्य रू. 10/– प्रति शेयर) प्रति शेयर अर्जन (ईपीएस) (वार्षिककृत नहीं) मूल | (0.45) | 0.00 | (2.10) | (0.61) | (0.03) | (3.13) |
| | तनुकृत | (0.45) | 0.00 | (2.10) | (0.61) | (0.03) | (3.13) |

नोट्स :
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणाम भारतीय लेखांकन मानक (आईएनडी एएस) के अनुसार तैयार किए गए हैं, जैसाकि कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015 के तहत अधिसूचित, कम्पनी अधिनियम–2013 की धारा 133 के तहत विनिर्दिष्ट है।
3. उपरोक्त अलेखापरीक्षित पृथक्कृत और समेकित वित्तीय परिणामों का पुनरीक्षण और अनुमोदन कम्पनी के निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 10–08–2022 को सम्पन्न उसकी बैठक में किया गया है तथा सांविधिक लेखापरीक्षकों ने इन परिणामों पर असंशोधित लेखापरीक्षा राय व्यक्त की है।

कृते एवं हिते निदेशक मंडल
सनेह इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट लिमिटेड


## युवक ने पिता संग ने पत्नी, साली और सास को पीटा

नोएडा। नोएडा सेक्टर 121 स्थित क्लियों काउंटी सोसाइटी के फ्लैट नंबर 1403 में मारपीट व घरेलू हिंसा का मामला सामने आया है।

पीड़िता स्मिति कश्यप के साथ पति व उसके ससुर ने बेरहमी से मारपीट की। बताया गया कि 11 अगस्त को बड़ी बहन डॉक्टर स्मीता कश्यप अपनी छोटी बहन स्मिती के घर भाई को राखी बांधने गई थी।

यही पर स्मिती के पति व उसके ससुर ने मिलकर मारपीट की। इससे बड़ी बहन के चेहरे पर गंभीर चोट आई है। घटना का वीडियो सामने आया है। दरअसल, मारपीट की पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। इसी सीसीटीवी की फुटेज को देखकर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## प्रेम प्रसंग के चलते दुपट्टे से गला घोटकर पति की हत्या, गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



ग्रेटर नोएडा की सूरजपुर थाना पुलिस ने अपने पति की बेरहमी से हत्या करने वाली पत्नी को गिरफ्तार किया है। उसने प्रेम प्रसंग व रोजाना शराब पीकर मारपीट के चलते अपने पति की बेरहमी से हत्या की थी।

पुलिस ने घटना में प्रयुक्त दुपट्टा भी बरामद कर लिया है। सूरजपुर थाना पुलिस को देवला गांव में एक कमरे में एक युवक का शव पड़ा हुआ है। उसकी पहचान रामकुमार के रूप में हुई जो कि मूल रूप से बरेली का रहने वाला था। उसकी पत्नी मौके से फरार थी। पुलिस जांच में जुटी तो पता चला कि उसकी पत्नी का एक अन्य युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसके बाद पुलिस पत्नी की तलाश में जुट गई और शुक्रवार को तिलपता गोल चक्कर के पास से उसको गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने जब आरोपी ममता से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसका पति आए दिन शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता था। मेरा आगरा के ही एक युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसके बारे में मेरे पति को पता चल गई।

## ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने बांटा 95,000 तिरंगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा वासियों में हर घर तिरंगा अभियान की अलख जगाने के लिए प्राधिकरण लाउडस्पीकर से प्रचार करा रहा है। ऑटो पर लाउडस्पीकर लगाकर ग्रेटर नोएडा वासियों से अपने घरों व दफ्तरों में तिरंगा लगाने की अपील की जा रही है। इसी कड़ी में प्राधिकरण अब तक 95 हजार तिरंगा बांट चुका है।

दरअसल, आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत केंद्र सरकार ने देशवासियों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने के लिए 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम शुरू किया है। गौतमबुद्ध नगर प्रशासन को तीन लाख झंडे वितरित करने व फहराने का लक्ष्य मिला है।

ग्रेटर नोएडा में प्राधिकरण इस अभियान को सफल बनाने का बीड़ा उठाया है। प्राधिकरण को एक लाख तिरंगा बांटने का लक्ष्य मिला था, जिसमें प्राधिकरण ने 25 हजार तिरंगा और अधिक बांटने का निर्णय लिया। इसके एवज में प्राधिकरण शुक्रवार सुबह तक 95000 तिरंगा बांट चुका है। शेष 5000 तिरंगा भी देर शाम तक बांट दिया जाएगा। प्राधिकरण 25000 तिरंगा और बांटना चाह रहा है।


**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड कार्यालय संख्या 201–बी, दूसरी मंजिल, रोड नं0–1 प्लॉट नंबर–बी3, वाई–फाई आईटी पार्क, वागले औद्योगिक एस्टेट ठाणे (पश्चिम) 400604

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्वेता सक्सेना/रजत अरोड़ा/ (LBMUM00002006077) एवं फ्लैट नंबर 802–ए, 8वां तल, चेम्बूर हाइट्स, निकट सिंधी सोसायटी, चेम्बूर ई, मुम्बई – 400071 | फ्लैट नंबर 1405, 14वां तल, बी विंग, राज इन्फिनिया, स्थित मुथा मरिम्मन नगर, निकट मूवी टाइम लिंक रोड, रामचन्द्र लेन, प्लॉट सिटी सर्वे नंबर 307/66 ए, ग्राम वलनाई, मलाड वेस्ट, मुम्बई – 400064 | 07–07–2022 रू. 1,72,08,532/– | 31–12–2019 |

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

तिथि : 12–08–2022 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर– 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह–कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अश्विनी अत्रीश/ उपेंद्र कुमार अत्रिश/ LBMRT00001879994 | फ्लैट नंबर–19143, 14वीं मंज़िल, बिल्डिंग नंबर–19, एटीएस ग्रीन्स पैराडीसो, प्लॉट नंबर–जीएच–03, सेक्टर–सीएचआई–4, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश/ अगस्त 10, 2022 | मार्च 17, 2022 रु. 27,30,228/- | नोएडा/गौतम बुद्ध नगर/ गाज़ियाबाद |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : अगस्त 12, 2022 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : नोएडा और गौतम बुद्ध नगर और गाज़ियाबाद आईसीआईसीआई बैंक लि.

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर– 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह–कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वरुण मित्तल/शकुंतला,/ LBDEL00004782801/ LBDEL00004782878 | प्लॉट नंबर–138, बिना छत के अधिकार वाली पहली मंज़िल, ब्लॉक–3, सुंदर विहार, पश्चिम विहार, दिल्ली–110063/ अगस्त 08, 2022 | मार्च 25, 2022 रु. 30,34,994/- | दिल्ली एनसीआर |
| 2. | सुखविंदर कौर/मंजीत सिंह/ LBNOD00004232257 | प्लॉट नंबर –331, तीसरी मंज़िल, छत के अधिकार के साथ, संपत्ति संख्या– WZ–93, आयत संख्या 35, किल्ला नंबर– 2, ग्राम खयाला, कन्हैया नगर के रूप में आबादी कोन, जिसे चांद नगर, तिलक नगर, दिल्ली के रूप में जाना जाता है, दिल्ली– 110018/ अगस्त 08, 2022 | मार्च 25, 2021 रु. 37,38,981/- | दिल्ली एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : अगस्त 12, 2022 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लि.

**TECHNO ELECTRIC & ENGINEERING COMPANY LIMITED**
(Formerly Simran Wind Project Limited)
CIN No :L40108UP2005PLC094368
Corporate Office : " Park Plaza " 71, Park Street, Kolkata - 700 016
Email : desk.investors@techno.co.in : Website: www.techno.co.in

**Extract of Statement of Consolidated Audited Financial Results for the Quarter ended 30th June, 2022**

(₹ in Lakhs)

| PARTICULARS | Quarter ended 30th June 2022 Unaudited | Quarter ended 31st March 2022 Audited | Quarter ended 30th June 2021 Unaudited | Year ended 31st March 2022 Audited |
|---|---|---|---|---|
| Total income from operations (net) | 17295.67 | 30755.33 | 18945.39 | 107386.66 |
| Net Profit / (Loss) for the year (before Tax, Exceptional and/ or Extraordinary items) | 4899.79 | 3069.56 | 6023.96 | 32609.57 |
| Net Profit / (Loss) for the year before tax (after Exceptional and/ or Extraordinary items) | 4899.79 | 3069.56 | 6023.96 | 32609.57 |
| Net Profit / (Loss) for the year after Tax(after Exceptional and / or Extraordinary items) | 3555.10 | 3708.93 | 4553.94 | 26025.20 |
| Total Comprehensive Income for the year | 3344.64 | 3948.98 | 5173.42 | 26994.41 |
| Equity Share Capital | 2,200.00 | 2,200.00 | 2,200.00 | 2,200.00 |
| Other Equity (excluding Revaluation Reserves) | | | | 1,81,473.02 |
| Earnings Per Share (After tax and before Exceptional items) (of ₹ 2/- each) | | | | |
| Basic : | 3.23 | 3.37 | 4.28 | 23.99 |
| Diluted: | 3.23 | 3.37 | 4.28 | 23.99 |

Key numbers of Standalone Financial Results:

| PARTICULARS | Quarter ended 30th June 2022 Unaudited | Quarter ended 31st March 2022 Audited | Quarter ended 30th June 2021 Unaudited | Year ended 31st March 2022 Audited |
|---|---|---|---|---|
| Total income from operations (net) | 17,295.67 | 30,755.33 | 18,945.39 | 1,07,386.66 |
| Profit before Tax | 4,957.95 | 3,104.50 | 6,029.11 | 32,634.78 |
| Net Profit after Tax | 3,597.41 | 3,726.63 | 4,560.27 | 26,034.35 |

Note : The above is an extract of the detailed format of Financial Results for the Quarter ended June, 2022 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Financial Results are available on the Stock Exchange websites, www.nseindia.com and www.bseindia.com and on the Company's website www.techno.co.in.

For and on behalf of the Board of Directors
( P. P. Gupta )
Managing Director
DIN:00055954

Dated : The 12th August, 2022

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) SML-U K LOGISTICS REG. NO. HR55AJ5089 -YOM - 2019 MINIMUM RESERVE PRICE 716940
2) ) U K LOGISTICS REG. NO. DL1MA4453 - YOM - 2019 MINIMUM RESERVE PRICE 600222
3) U K LOGISTICS REG. NO. DL1MA1740 - YOM - 2018 MINIMUM RESERVE PRICE 556435
4) U K LOGISTICS REG. NO. DL1MA1785 -YOM - 2018 MINIMUM RESERVE PRICE 556435
5) U K LOGISTICS REG. NO. DL1MA1863 -YOM - 2018 MINIMUM RESERVE PRICE 556435
6) ARVINDRA KUMAR REG. NO. UP14HT4779 -YOM - 2018 MINIMUM RESERVE PRICE 650700
7) RAJIV DHAWAN REG. NO. DL1MA3043 -YOM - 2019 MINIMUM RESERVE PRICE 500349
8) RAJIV DHAWAN REG. NO. DL1LAA6846 -YOM - 2018 MINIMUM RESERVE PRICE 358259
9) RAJIV DHAWAN REG. NO. DL1LAA6811 -YOM - 2018 MINIMUM RESERVE PRICE 358259
10) LOVEKESH KUMAR SHARMA REG. NO.UP16GT0480-YOM -2019 MINIMUM RESERVE PRICE 692961
11) ABHIMANYU KUMAR SINGH REG.NO.UP17AT5844-YOM -2018 MINIMUM RESERVE PRICE 400792

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/ OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 27.08.2022 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).
BRANCH ADDRESS: KOTAK MAHINDRA BANK LTD., PLOT NO.7 INSTITUTIONAL AREA, SECTOR-125 NOIDA NEAR DELL CAMPUS NOIDA (U.P) UP-201313
OR CONTACT :RAJESH ANTIL KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT/ 09711173320 EMAIL-rajesh.antil@kotak.com


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 13 अगस्त, 2022



# यमुना का जलस्तर खतरे के पार

## हथिनीकुंड बैराज से 3.76 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा, 37,000 परिवार होंगे प्रभावित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



फोटो: रंजन डिमरी

हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की पहाड़ियों में भारी बारिश के बाद राष्ट्रीय राजधानी में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। शुक्रवार को यमुना नदी में पानी का स्तर 205.33 मीटर के खतरे के निशान को पार कर गया है। ऐसे में संभावित बाढ़ के खतरे को देखते हुए दिल्ली सरकार ने की तरफ से अलर्ट जारी कर दिया गया है। यमुना किनारे रह रहे लोगों को सुरक्षित जगह जाने के लिए कहा गया है।

यमुना के जल ग्रहण क्षेत्र में भारी बारिश के कारण, हथिनी कुंड से छोड़ा गया पानी दिल्ली पहुंच गया है। नदी खतरे के निशान के ऊपर जा सकती है। उनकी दिल्ली वालों से अपील है कि यमुना में प्रवेश ना करें और सावधानी बरतें।

दिल्ली बाढ़ नियंत्रण कक्ष ने कहा कि शुक्रवार शाम चार बजे यमुना नदी का जलस्तर 205.38 मीटर तक जा पहुंचा। पुराने रेलवे पुल पर शुक्रवार सुबह आठ बजे जलस्तर 203.86 मीटर था जो अपराह्न तीन बजे तक बढ़कर 205.29 मीटर हो गया। दिल्ली में बाढ़ की चेतावनी तब घोषित की जाती है जब यमुना नगर स्थित हथिनीकुंड बैराज से छोड़े जाने वाले पानी की मात्रा एक लाख क्यूसेक को पार कर जाती है। एक अधिकारी ने कहा कि इसी के साथ डूब क्षेत्र और बाढ़ संभावित इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाता है। बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा बृहस्पतिवार को जारी चेतावनी में सभी सेक्टर अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में निगरानी रखने और नदी तटबंधों के निकट रहने वाले लोगों को चेतावनी देने के लिए आवश्यक संख्या में त्वरित कार्वाई बलों की तैनाती जैसे संवेदनशील बिंदुओं पर आवश्यक कदम उठाने की सलाह दी गई।

निचले इलाकों में बाढ़ की आशंका को देखते हुए प्रशासन और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग ने 34 नावों और सचल पंप को तैनात किया है। पूर्वी दिल्ली के जिलाधिकारी अनिल बांका ने कहा, यमुना के डूब क्षेत्रों और निचले इलाकों में रहने वाले लगभग 37,000 लोगों के बाढ़ की चपेट में आने की आशंका रहती है। सभी संबंधित विभागों के साथ एक बाढ़ नियंत्रण योजना साझा की है। वह लोगों से सुरक्षित स्थानों पर चले जाने का आग्रह कर रहे हैं। अगर जलस्तर 206 मीटर के स्तर को पार कर जाता है तो वह उन्हें हटाने के प्रयास शुरू करेंगे। ऐसा इस शाम या शनिवार सुबह हो सकता है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष ने बृहस्पतिवार को अपराह्न तीन बजे हरियाणा के यमुनानगर जिले के हथिनीकुंड बैराज से करीब 2.21 लाख क्यूसेक और मध्य रात्रि 12 बजे करीब 1.55 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने की सूचना दी थी। एक क्यूसेक 28.32 लीटर प्रति सेकंड के समतुल्य होता है। आमतौर पर हथिनीकुंड बैराज में प्रवाह दर 352 क्यूसेक होती है, लेकिन जलग्रहण क्षेत्रों में भारी बारिश के बाद पानी का बहाव बढ़ जाता है।

# लालकिले के पास पतंग, गुब्बारे, चीनी लालटेन उड़ाने पर प्रतिबंध

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

### ● फुल ड्रेस रिहर्सल आज सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम



ऐतिहासिक लाल किला पर होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान आसपास के क्षेत्र में पतंग, गुब्बारे और चीनी लालटेन आदि उड़ाने पर प्रतिबंध रहेगा।

दिल्ली पुलिस 13, 14 और 15 अगस्त को पतंगबाजी से बचने की सलाह दी है। उसका कहना है कि लाल किला इलाके पर पतंग उड़ाने एवं पतंग पकड़ने वालों पर कड़ी नजर रहेगी। विशेष पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) दीपेंद्र पाठक ने बताया कि लाल किला इलाके में छतों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर पतंग पकड़ने वालों और पतंग उड़ाने वालों को तैनात किया गया है, ताकि 75वें स्वतंत्रता दिवस समारोह से पहले उप-पारंपरिक हवाई प्लेटफार्म के हर प्रकार के खतरे से निपटा जा सके।

अधिकारियों ने बताया कि पतंगों, गुब्बारों, ड्रोन या मानव युक्त या मानव रहित उड़ने वाली वस्तुओं को उस क्षेत्र तक पहुंचने से रोकने के लिए पर्याप्त उपाय किए गए हैं, जहां 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा। पाठक के अनुसार धारा 144 के प्रावधान पहले ही लागू कर दिए गए हैं। यदि कोई व्यक्ति कार्यक्रम होने तक पतंग, गुब्बारा या चीनी लालटेन उड़ाता दिखाई देता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्वाई की जाएगी।

## बस में आग, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** सेना भवन के निकट दक्षिण भारत से आए पर्यटकों को ले जा रही एक निजी बस में शुक्रवार की सुबह आग लग गई।

इस हादसे में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आग लगने की सूचना पूर्वाह्न 11 बजकर 15 मिनट पर मिली।

उन्होंने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए दमकल की दो गाड़ियां तुरंत मौके पर भेजी गईं।

# स्वतंत्रता दिवस से पहले 2,251 कारतूस जब्त, 6 गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

### ● आतंकी कनेक्शन तलाश रही एजेंसियां

स्वतंत्रता दिवस से ठीक पहले दिल्ली पुलिस ने एक बड़ी साजिश को नाकाम किया है। उसने हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी में कथित संलिप्तता के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया है।

इन लोगों के कब्जे से 2251 जिंदा कारतूस समेत भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। आरोपियों को पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार से दो बैग कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। जांच एजेंसी मामले में आतंकी कनेक्शन तलाश रही है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त विक्रमजीत सिंह के अनुसार, प्रथम दृष्टया आरोपियों के आपराधिक नेटवर्क से जुड़े होने की आशंका है, हालांकि उन्होंने आतंकी पहलू से इनकार नहीं किया। आयुक्त के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए छह लोगों की पहचान अजमल, राशिद, परिक्षित नेगी, सद्दाम, कमरान और नासिर के के रूप में हुई है।

उन्होंने बताया कि एक ऑटो रिक्शा चालक ने पुलिस को दोनों के बारे में सूचना दी थी। आरोपियों पास से कुल 2,251 कारतूस बरामद किए गए हैं। हमें छह अगस्त को एक ऑटो चालक से इसकी सूचना मिली थी, जिसने दोनों को आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर छोड़ा था। अब तक गिरफ्तार किए गए छह लोगों में से एक आरोपी देहरादून का निवासी है।

# मुफ्त सेवाओं पर सिसोदिया ने बोला केंद्र पर हमला



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुफ्त रेवड़ी बांटने वाले बयान के बाद दिल्ली समेत देशभर में राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बाद अब उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आजकल दो तरह के मॉडल को लेकर बहस हो रही है। पहला देश की जनता के टैक्स के पैसे को दोस्तों का लोन माफ करने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है, जो दोस्तवाद का मॉडल है। दूसरा, केजरीवाल मॉडल जिसमें आम जनता को शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधाएं मुफ्त में दी जा रही हैं, जिसे फ्री की रेवड़ी कहा जा रहा हैं। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शुक्रवार संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह दावा करके लोगों को डराने की कोशिश की कि जनता के कल्याण पर सरकारी पैसा खर्च करने से देश बर्बाद हो जाएगा। उन्होंने केंद्र से नागरिकों के कल्याण में पैसा निवेश करने का आग्रह किया।

सिसोदिया ने कहा भाजपा के दोस्तवादी मॉडल के जरिए उसके दोस्तों के लाखों करोड़ रुपए का कर्ज माफ किया जाता है लेकिन आम आदमी को स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी सुविधाओं से वंचित रखा जाता है। वे दोस्तवादी की राजनीति (दोस्तों के कल्याण के लिए) करते हैं और हम आम लोगों के लिए राजनीति करते हैं। लोगों के लिए मुफ्त योजनाएं प्रदान करने के बावजूद दिल्ली सरकार का राजस्व में बढ़ोतरी हुई है।

### जनता को बरगला रहे केजरीवाल : भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल राजनीतिक फायदे के लिए लोगों को दाना डाल रहे है। उनकी योजना केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं से भिन्न है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी कहा कि सीएम जनता के बीच डर पैदा करने के लिए झूठ बोल रहे हैं। वे भ्रष्टाचार के आरोपों को छिपाने के इरादे से केंद्र सरकार की आलोचना कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार



हंसराज कॉलेज में आयोजित जुबली समारोह में केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल।

### हंसराज कॉलेज में प्लेटिनम जुबली समारोह


**नई दिल्ली।** आज़ादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस एवं प्लेटिनम जुबली समारोह में केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने भारत के स्वर्णिम भविष्य की रूपरेखा प्रस्तुत की। इसके साथ ही उन्होंने वर्तमान चुनौतियों को स्वीकार करते हुए युवाओं को राष्ट्र की सेवा हेतु प्रेरित किया। कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर रमा ने कहा कि आम नागरिक का विकास ही स्वतन्त्रता दिवस के इस महोत्सव का उद्देश्य होना चाहिये। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी दानिश अशरफ ने विभिन्न क्षेत्रों में कॉलेज के योगदान की चर्चा की। इस अवसर पर ध्वाजारोहण किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षक और अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर प्रदर्शनी

**नई दिल्ली।** हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर प्रदर्शनी का आयोजन किया। यह एक ऐसी कहानी है जिसमें लाखों लोगों को एक अनजान और प्रतिकूल परिवेश में रहने के लिए एक नए घर की तलाश करने को विवश होना पड़ा था।



आस्था और धर्म के आधार पर एक हिंसक विभाजन की कहानी से बढ़कर यह एक ऐसी कहानी भी है जो बताती है कि कैसे जीने के तौर-तरीके और भाइचारे के युग का अंत अप्रत्याशित और भयानक तरीके से होता है। विभाजन पीड़ित लाखों लोगों के दर्द और पीड़ा को दुनिया के सामने रखने और याद करने के लिए पीएम मोदी ने 15 अगस्त 2021 को लाल किले से अपने संबोधन में 14 अगस्त को हर वर्ष विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान इस वर्ष स्वतंत्रता के 75 वें वर्ष का जश्न मना रहे हैं।



# तिरंगा यात्रा में समाजसेवी सुनीता सिंगला बनीं ध्वजवाहक

### विधायक पत्नी सुनीता सिंगला के नेतृत्व में वजीराबाद व सेक्टर-14 में निकाली तिरंगा यात्रा

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**कल 13** अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा लहराए, इसके प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला की पत्नी सुनीता सिंगला ने शुक्रवार को गुरुग्राम में दो तिरंगा यात्राओं में शिरकत की। तिरंगा यात्रा में ध्वजवाहक बनकर उन्होंने यात्रा का नेतृत्व करते हुए तिरंगे प्रति सम्मान का संदेश दिया।

पहली तिरंगा यात्रा यहां सेक्टर-14 में निकाली गई। बतौर मुख्य अतिथि पहुंचीं सुनीता सिंगला ने तिरंगा यात्रा की अगुवाई करने से पहले कार्यक्रम में लोगों को कहा कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हमारी आन-बान और शान की प्रतीक है। इस सम्मान सदा ऊंचा रहना चाहिए, तभी हमारा सम्मान हो सकता है। उन्होंने बच्चों, महिलाओं समेत सभी लोगों से आह्वान किया कि देश में तिरंगे के प्रति जागरुकता लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐतिहासिक कार्य किया है। आजादी के 75वें साल में हमें तिरंगे के प्रति अपनी आस्था को और अधिक मजबूत करना है। इस यात्रा में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अनुराग, पार्षद अनूप सिंह, भाजपा महिला मोर्चा की सचिव अलीषा तोमर, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्षा सुंदरी खत्री, जिला उपाध्यक्ष राजेश अरोड़ा, शीतला मंडल उपाध्यक्ष सुमित अरोड़ा, आरडब्ल्यूए अध्यक्ष संजीव अग्रवाल, महासचिव विकास वर्मा, एमसी गुप्ता, नवीन गुप्ता, अरूण शर्मा, सुभाष अरोड़ा, तरुण गुप्ता, लोकेश भटनागर, सचिन कपूर व अन्य गणमान्य मौजूद रहे। इसी तरह से वजीराबाद में निकाली गई तिरंगा यात्रा में भी सुनीता सिंगला ने शिरकत की और लोगों को जागरुक किया।


गुरुग्राम के सेक्टर-14 में तिरंगा यात्रा में भाग लेतीं विधायक सुधीर सिंगला की पत्नी सुनीता सिंगला और अन्य महिलाएं।

गांव वजीराबाद स्थित विकास पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में साथ में मनोनीत पार्षद मनीष वजीराबाद, स्कूल प्रधानाध्यापिका सीमा, शिक्षिका नीता, मीरा, वसुंधरा, पूनम, सुमन, अनीता, नीशू, मंजू, अल्का जैन, सुरेखा, नेहा के अलावा शिक्षक दुर्गेश, कौशल, चंद्रपाल समेत अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# गुरुग्राम विश्वविद्यालय का ऑफ साइट कैंपस शुरू

**गुरुग्राम।** छात्रों का बेहतर कल बनाने के लिए आज से ही अच्छी शुरुआत हो, इसके लिए गुरुग्राम विश्वविद्यालय लगातार बेहतर कार्य करने में जुटा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को मेडिकल क्षेत्र में पैरामेडिकल को एक बढ़िया कॅरियर विकल्प के रूप में छात्रों को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कुल प्रो. दिनेश कुमार ने विवि के ऑफ साइट कैंपस की उद्घाटन किया।

यह कैंपस पवित्रा इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंसेज भोंडसी, दमदमा रोड पर बनाया गया है। इस अवसर पर गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह, पवित्रा इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंसेज के मुख्य संरक्षक डॉ. धनंजय कुमार समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जीयू के ऑफ साइट कैम्पस का विधिवत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां की लैब, क्लास रूम, आधुनिक चिकित्सा उपकरण एवं प्रयोगशाला का निरक्षण किया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि पवित्रा इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंसेज में खोले गए गुरुग्राम विश्वविद्यालय के इस ऑफ साइट परिसर में छात्र पैरा-मेडिकल क्षेत्र से संबंधित डिप्लोमा इन ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजी, डिप्लोमा इन रेडियो इमेजिंग टेक्नोलॉजी, डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी, बीएससी इन ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजी, बीएससी इन रेडियो इमेजिंग टेक्नोलॉजी, बीएससी इन मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी जैसे कोर्स करके अपना सुनहरा भविष्य बना सकते हैं। कुलपति ने बताया कि इन सभी पैरामेडिकल कोर्सेज में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गयी है।


विवि के ऑफ साइट कैंपस का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।

## संक्षिप्त समाचार

### अमित गोयल ने तिरंगे व पौधारोपण के प्रति किया जागरुक


गुरुग्राम में तिरंगा लेकर लोगों को पौधारोपण के प्रति जागरुक करते भारत-तिब्बत सहयोग मंच के प्रांत अध्यक्ष अमित गोयल व अन्य।

**गुरुग्राम।** साथी हाथ बढ़ाना, एक अकेला थक जाएगा मिलकर बोझ उठाना...। फिल्म के इस गीत के बोल भारत-तिब्बत प्रांत अध्यक्ष अमित गोयल के क्रियाकलापों पर सटीक बैठ रहे हैं। समाजसेवा में अग्रणी रहने वाले श्री गोयल ने अब तिरंगा लेकर लोगों को देशभक्ति के साथ पौधारोपण के प्रति भी जागरुक करने का कार्य कर रहे हैं। भारत तिब्बत सहयोग मंच के मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार के सानिध्य में राष्ट्रीय महामंत्री पंकज गोयल के तत्वावधान में और राष्ट्रीय मंत्री प्रमोद गोयल की अध्यक्षता में 5 जून 2022 से 12 अगस्त 2022 तक राष्ट्रीय स्तर पर विशाल पौधारोपण अभियान निर्धारित है। इसी अभियान को लेकर हरियाणा प्रांत अध्यक्ष अमित गोयल के आह्वान पर समस्त हरियाणा प्रदेश में विभिन्न जिलों यह अभियान चलाया गया। श्रीगोयल ने कहा कि पौधारोपण अभियान की निर्धारित अवधि के बाद भी सभी पौधा लगाने और उनकी निरंतर देखभाल करने का भी कार्य करेंगे। आज सुबह सेक्टर-17-18 मध्यांतर सड़क पर पहुंच कर पौधारोपण अभियान के समापन कार्य में सदस्य शामिल हुए। अपने संबोधन में प्रांत अध्यक्ष अमित गोयल ने कहा कि चाहे देश के लिए काम हो या पर्यावरण में सुधार के लिए, संस्था हर समय तैयार रहती है। आज का समय ऐसा है, जब पूरा देश तिरंगामय है और हर किसी की जुबान पर भारत माता के जयकारे हैं। यही समय देश में बदलाव का है। उन्होंने आह्वान किया कि पर्यावरण में सुधार के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण भी करें। हर किसी की यह जिम्मेदारी है।

### अमर शहीदों की याद में नागरिक अस्पताल में निकाली तिरंगा यात्रा


सोहना के नागरिक अस्पताल में निकाली तिरंगा यात्रा।

**सोहना।** शहर के नागरिक अस्पताल में तिरंगा यात्रा निकालते हुए नागरिकों में देश भक्ति का जनून भरा गया। देशवासियों को आजादी दिलाने वाले वीर सपूतों के नाम पर गगन चुंबी नारे लगाएं गए। शुक्रवार को शहर का नागरिक अस्पताल परिसर अंग्रेजी हुकूमत से देशवासियों को अपनी जान कुर्बान करने वाले वीर सपूतों के नामों पर लगाएं गए देशभक्ति नारों से गूंज उठा। नागरिक अस्पताल में उपचार के लिए आए नागरिकों का ध्यान भी अस्पताल स्टाफ द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा ने अपनी और खिंच लिया। इस तिरंगा यात्रा में एसएमओ डॉ. नवल किशोर, डॉ. दशरथ राव, डॉक्टर प्रवीण यादव, डॉक्टर कुलभूषण, डॉक्टर सुनीता समेत अस्पताल का नर्स स्टाफसमेत तीसरे व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों ने इस तिरंगा यात्रा में भाग लिया। तिरंगा यात्रा के बाद डॉक्टर नवल किशोर ने बताया कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा देश के प्रत्येक नागरिको को पहली बार अमर शहीदों को याद करने का नारा दिया है। जिनकी कुर्बानी से आज देश का सवा सौ करोड़ नागरिक आजादी की सांस ले रहा है। आज भी जब अंग्रेजी कुशासन को याद किया जाता है। शरीर के रौंगटे खड़े हो जाते है। उन्होंने बताया कि आजादी की इस लड़ाई में आन जान की बाजी लगाते-लगाते जो शहीद हो गए थे। उनका पार्थिव शरीर को परिजन आखिरी समय तक नहीं देख पाए थे, क्योंकि अंग्रेजी शासन में जो गुलामी देशवासियों ने सहन की थी। वह गुलामी आज देश के नागरिक को ऐसे कुशासन से लड़ने के लिए मजबूर कर देने वाला शासन था। आज भारत विश्व में अपनी पहचान बनाने में आगे हैं। यह सब देश के अमर शहीदों को श्रेय जाता है।

### 4500 तिरंगे बांटेगी नगर परिषद घर-घर लगाने को


दुकानदार को तिरंगा देकर दुकान पर लगाने को प्रेरित करते सोहना के कार्यकारी अधिकारी अतर सिंह।

**सोहना।** नगर परिषद 21 वार्डों में 4500 राष्ट्रीय झंडा घर-घर लगाने के लिए वितरण कर रही है। राष्ट्रीय झंडा वितरण के कार्य में परिषद के 25 कर्मचारियों को तैनात किया गया है। नगर परिषद प्रशासन ने हर घर तिरंगा अभियान की कवायद शुरु कर दी है। परिषद की तरफ से 21 वार्डों में 4200 राष्ट्रीय झंडा पार्षदों के माध्यम से घर-घर लगाएं जाएंगे। जिनके वितरण का कार्य शुरू कर दिया है। नगर परिषद झुग्गी झोंपड़ियों में रहने वाले खानाबदोश नागरिकों को भी राष्ट्रीय झंडा वितरण करेगी। शहर के अलग-अलग वार्डों में रह रहे प्रदेश नागरिकों की पहचान की जा रही है। ताकि अधिक से अधिक नागरिकों को राष्ट्रीय झंडा का महत्व, देश की आजादी का सिमरन और उन्हें 75वीं आजादी की साल का जश्न मनाने का अवसर पर मिल सके। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अतर सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय झंडा घर-घर वितरण युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। जिसमें वार्ड पार्षदों की मुख्य भूमिका निभाई जा रही है। उन्होंने बताया कि परिषद के कर्मचारी नागरिकों को अपने घरों पर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित भी कर रहे हैं। जिससे नागरिकों में देशभावना जागृत हो रही है।

### सीएचसी में चिकित्सक और स्टाफ ने निकाली तिरंगा यात्रा

**नूंह।** नूंह भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमराज शर्मा दिहाना के नेतृत्व में शुक्रवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह तिरंगा यात्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नूंह के एसएमओ डॉक्टर गोबिन्द शरण एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नूंह में सेवा दे रहे सभी डॉक्टर्स व अन्य स्टाफ के सहयोग से हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत निकाली गई। तिरंगा यात्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नूंह के प्रांगण से चलकर पोस्ट ऑफिस होते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नूंह पर वापस पहुंची। मंडल अध्यक्ष हेमराज शर्मा ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एसएमओ डॉक्टर गोबिन्द शरण व पूरी टीम का भरपूर समर्थन मिला। हर घर तिरंगा अभियान को लेकर एसएमओ से विचार विमर्श किया। उन्होंने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान को लेकर हमारी मुहीम 13 अगस्त से 15 अगस्त तक जारी रहेगी। इस मौके पर एड्स काउंसलर मीना कुमारी, प्रकाश चन्द सैनी जिला उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा, मोहमद जैद जिला महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तिरंगे के प्रति आशा गगन गोयल ने किया जागरुक

**गुरुग्राम।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में 13 से 15 अगस्त से घर-घर तिरंगा लहराने के अभियान में समाजसेवी आशा गगन गोयल महिलाओं को जागरुक करने में जुटीं हैं। कई दिनों से उन्होंने यह अभियान चलाया हुआ है। शहर की पटेल नगर समेत अनेक कालोनियों में उन्होंने दौरा करके महिलाओं को तिरंगे के प्रति जागरुक किया।

तिरंगा यात्रा में आशा गगन गोयल के साथ महिला मोर्चा शीतला मंडल से ज्योति सिंह, नीलम, सीमा सिंह, बाला, सुनीता, नीलम शर्मा, सोना देवी, बिमला, सुमन, विनोद, सलमान, अलका पांडे, रेखा, आशु, सुमन, सुनीता, अन्नु समेत अनेक महिलाएं मौजूद रहीं। शुक्रवार को तिरंगा यात्रा निकालते हुए आशा गगन गोयल ने कहा कि यह तिरंगा हमारी आन-बान-शान की प्रतीक है। तिरंगे नीचे हम सुरक्षित हैं। हमारा देश सुरक्षित है। देश में आज भक्ति का माहौल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी का अमृत महोत्सव का आयोजन करके देश में नई जागृति पैदा कर दी है। उन्होंने कहा कि यही बदलाव देश में होना चाहिए था। इसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा केंद्र सरकार में लागू की जाने वाली नीतियों को हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल प्रमुखता से लागू करते हैं। आज हरियाणा हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। अमृत महोत्सव के समय में आज पूरा हरियाणा तिरंगामय नजर आ रहा है।


गुरुग्राम के पटेल नगर में तिरंगा यात्रा निकालती आशा गगन गोयल।

# बहनों ने भाईयों की कलाई पर बांधा रक्षा सूत्र

### धूमधाम से मनाया गया भाई-बहन के प्रेम का पर्व रक्षाबंधन

### इस बार दो दिन तक मनाया गया है यह पर्व

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**बहना** ने भाई की कलाई पे प्यार बांधा है, प्यार के दो तार से संसार बांधा है...। रक्षाबंधन का पर्व आते ही बहन-भाई के प्रेम को लेकर बना यह गीत हर किसी की जुबां और जहन में होता है। इसी प्यार को और गाढ़ा करने के लिए शुक्रवार को दूसरे दिन भी रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। छोटी से छोटी और बड़ी से बड़ी बहनों ने अपने भाईयों की कलाई पर रक्षा का बंधन यानी राखी बांधी।

बचपन से ही बच्चों में अपने त्योहारों से रूबरू कराया जाता है, ताकि वे अपनी संस्कृति से जुड़े रहें। इसलिए दूधमुंहे बच्चों को अभिभावक उनके बड़े भाई-बहनों की कलाई पर राखी बंधवाते हैं। शुक्रवार को भी सुबह से ही बहनों अपने भाईयों के पास राखी बांधने के लिए सज-धजकर घरों से निकलीं। कोई निजी तो कोई सार्वजनिक वाहनों में सवार होकर शहर में और शहर से बाहर गए।

हर त्योहार की तरह रक्षा बंधन पर भी बहनों की विशेष तैयार होती है। वे बाजारों से सबसे सुंदर राखी खरीदती हैं, ताकि उनके भाई की कलाई पर वह सजे। बाजारों में सुबह से ही भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। राखी की दुकानों के साथ मिठाई की दुकानों में भी खूब भीड़ रही।


रक्षाबंधन पर भाइयों को तिलक करती नन्ही बहनें।

**सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा के रहे इंतजाम :** ट्रेनों, बसों व मेट्रो में सबसे अधिक भीड़ महिलाओं की ही थी। त्योहार पर कोई शरारती तत्व भीड़ का फायदा उठाकर कोई अनहोनी घटना को अंजाम न दे दे, इसके लिए हर जगह पर पुलिस का कड़ा पहरा रहा। मेट्रो में तो सामान्य तौर पर भी पूरी जांच प्रक्रिया के बाद ही प्रवेश दिया जाता है। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड पर यात्रियों पर सुरक्षाकर्मियों की कड़ी नजर रही।

**डाक व ऑनलाइन माध्यम से भी खूब भेजी गई राखियां :** दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाली जो बहनें राखी पर भाइयों के घर नहीं पहुंच सकीं, उन्होंने राखियां डाक के माध्यम से ही भेजी। यहां डाकघर, कोरियर सेवा के अलावा निजी कंपनियों की अपनी कोरियर सेवा से खूब राखियां पहुंची। अमेजन कंपनी समेत अन्य कई कंपनियों ने ऑनलाइन ऑर्डर से राखियां भेजने की व्यवस्था की थी। यानी आप ऑनलाइन कंपनी की वेबसाइट से अपने पसंद की राखी का चयन करो और ऑर्डर कर दो। इन वेबसाइट से बहनों ने ऑनलाइन राखियां खरीदकर सीधे अपने भाइयों के पते ही भिजवाया। पिछले कुछ वर्षों में रक्षाबंधन पर्व पर कंपनियों की ओर से दी जा रही यह सुविधा काफी लोकप्रिय हो रही है। इसका फायदा यह है कि अब किसी भाई की बहन अगर दूर भी रहती है तो उस भाई की कलाई सूनी नहीं रह सकती। ऑनलाइन ऑर्डर से राखियां भाईयों तक पहुंची।

# सरपंच सुंदर लाल ने वितरित किए आठ हजार झंडे

### हर घर तिरंगा अभियान के तहत कई दिनों से कर रहे हैं तिरंगे वितरित

### गांव, कालोनियों, सोसायटियों तक पहुंचाए गए झंडे

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**भाजपा** पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं सिकंदरपुर बढ़ा गांव के सरपंच सुंदर लाल यादव ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत मानेसर नगर निगम क्षेत्र में 8 हजार झंडे वितरित किए हैं। झंडे वितरण का कार्य वे कई दिन से लगातार कर रहे हैं।

झंडे वितरण के साथ ही उन्होंने हर आम और खास से आग्रह किया है कि वे 13 से 15 अगस्त तक पूरे सम्मान के साथ अपने राष्ट्रीय ध्वज को फहराएं। शुक्रवार को भी एक दर्जन से अधिक सोसायटी में वे झंडे लेकर पहुंचे और वहां पर लोगों को झंडों का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने लोगों के साथ मिलकर सोसायटी परिसर में भारत माता के जयकारे लगाते हुए झंडे भी लहराए, ताकि दूसरे लोगों को भी प्रेरणा मिल सके। सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि इस बार का स्वतंत्रता दिवस समारोह बहुत खास है। आजादी के हम 75 साल पूरे कर रहे हैं। इसलिए इस बार का जश्न देशभर में घर-घर तिरंगे फहराकर मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश एक साथ खड़ा है। देश का हर नागरिक उनके एक आह्वान पर हर अभियान, हर कार्यक्रम को पूरा कर रहा है। जिस तरह से कोरोना महामारी के समय में पीएम नरेंद्र मोदी ने देश को धैर्य के साथ महामारी से बाहर निकाला और फिर वैक्सीन बनवाकर देश को राहत दी। यह उनकी कार्यकुशलता का ही परिणाम है। इन सबके बीच अब आजादी के 75वें साल में आजादी का अमृत महोत्सव बनाया जा रहा है। देश का हर बच्चा और बड़ा नागरिक से प्रधानमंत्री सीधे जुड़ते हैं। यही बदलाव है, जो देश चाहता था।

देश का मुखिया देश के दूर-दराज में बैठे नागरिकों की भी चिंता करता है। इसी को हम सही में अमृत महोत्सव कह सकते हैं। सुंदर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के तिरंगा झंडा फहराने के आह्वान को हम सबने सिरे चढ़ाना है। हर घर, हर छत, हर बालकनी और हर इमारत पर तीन दिन यानी 13 से 15 अगस्त 2022 तक तिरंगा ही नजर आना चाहिए। यही हमारी देशभक्ति होगी।


गुरुग्राम के मानेसर नगर निगम क्षेत्र की एक सोसायटी में झंडा वितरण के दौरान लोगों के साथ झंडे लहराते सरपंच सुंदर लाल यादव।

# सोहना में विधायक प्रवीण डागर फहराएंगे झंडा

**सोहना।** देश की आजादी की 75वीं वर्षगाठ के अवसर पर शहर के देवीलाल खेल स्टेडियम में हथीन के विधायक प्रवीण डागर राष्ट्रीय झंडा फहराएंगे। इस अवसर पर खंड स्तरीय होने वाले कार्यक्रम में सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों से आने वाले विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

शहर के देवीलाल खेल स्टेडियम में खंड स्तर पर देश का 75वां गणतंत्रत दिवस मनाने की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई है। जिसको लेकर शुक्रवार को शहर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल परिसर में सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों द्वारा पेश किए जाने वाले देशभक्ति व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की फुल ड्रेस रिहर्सल की गई। इस अवसर पर तहसीलदार शिखा गर्ग, राजकीय संस्कृति मॉडल स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेन्द्र वर्मा, स्थानीय स्कूल की प्रधानाचार्य सुनील कुमारी ने फुल ड्रेस रिहर्सल का आकलन किया।

इस बार स्वतंत्रता दिवस के इस समारोह में 12 के लगभग स्कूलों के विद्यार्थी 18 से 20 कार्यक्रम पेश करेंगे। तहसीलदार शिखा गर्ग ने बताया कि देशभर में मनाया जा रहा आजादी का अमृत महोत्सव की झलक स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में देखने को मिलेगी। स्कूली विद्यार्थियों द्वारा देश को आजादी दिलाने वाले अमर शहीदों पर ही कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में 250 के लगभग स्कूली विद्यार्थी अलग-अलग कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। जिन्हें कार्यक्रम के तुरन्त बाद सम्मानित किया जाएगा।

# आमजन को बांटे आठ हजार तिरंगे, लगाए नारे



**नूंह।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सरकार की ओर से स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ पर 13 अगस्त से 15 अगस्त तक मनाए जा रहे 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत रूप एमजी जैन चेरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से नूंह जिले के औद्योगिक क्षेत्र रोजका मेव में रूप पॉलीमर प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा लोगों को राष्ट्रीय ध्वज बांटे गए। इस मौके पर लोगों को भारतीय ध्वज देने के साथ ही उनको आजादी के इस अमृत महोत्सव पर अपने घर पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया। ट्रस्ट के चेयरमैन अनिल जैन व वाइस चेयरमैन हितेश जैन ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा करीब 8000 तिरंगे झंडे नूंह जिले के अतिरिक्त मानेसर, पन्तनगर, पुणे, गोवा व चेन्नई में भी बंटवाए गए हैं। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देशन में जिले में जोरशोर से चल रहा है। इस अभियान में भागीदारी करते हुए हर घर तिरंगा को लेकर उन्होंने भी 8 हजार तिरंगों का सहयोग किया है। उन्होंने कहा कि देश का प्रत्येक नागरिक आजादी के 75 साल बड़ी धूमधाम के साथ मना रहा है। जैन ने कहा कि देश की आजादी हमें बहुत बड़ी कुर्बानी के बाद मिली है। हमारे अंदर देश के प्रति समर्पण की भावना का होना जरूरी है।

# राष्ट्रीय ध्वज दिवस की मांग को उमड़ा जनसैलाब

### हरियाणा के पूर्व डीजीपी शील मधुर के नेतृत्व में निकाली तिरंगा यात्रा

### पिछले डेढ़ वर्षों से लगातार राष्ट्रीय ध्वज दिवस की कर रहे हैं मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**राष्ट्रीय** ध्वज दिवस की घोषणा करने की मांग को लेकर हरियाणा के पूर्व डीजीपी शील मधुर ने गुरुग्राम में तिरंगा यात्रा निकाली। यह तिरंगा यात्रा सिविल लाइन से शुरू होकर सदर बाजार होते हुए वापस शुरुआत स्थल पर पहुंची। इस तिरंगा यात्रा में हरियाणा के अधिकतर जिलों से हजारों की संख्या में युवा, महिला, किसान, मजदूर, स्कूली बच्चों समेत हर वर्ग के लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया।



गुरुग्राम में तिरंगा यात्रा निकालते पूर्व डीजीपी शील मधुर व अन्य लोग।

इस दौरान पूर्व डीजीपी शील मधुर ने तिरंगे के स्वरूप निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले देश भक्तों को नमन किया। श्री मधुर ने कहा कि हम लोग ने पिछले डेढ़ साल से हर-हर तिरंगा और घर-घर तिरंगा का नारा लगाते हुए राष्ट्रीय ध्वज दिवस घोषित करने की मांग कर रहे है। हालांकि सरकार ने हमारे घर-घर तिरंगे के नारे की जगह हर घर तिरंगा का नारा देकर अभियान शुरू किया है। जिसका मकसद एक ही है कि सभी देशवासी अपने घर में तिरंगा लगाएं। इसलिए हम सरकार का धन्यवाद करते है, लेकिन तिरंगे के सम्मान में हम राष्ट्रीय ध्वज दिवस की मांग कर रहे हैं, जिसके लिए संसद से लेकर प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, सुप्रीम कोर्ट में भी जा चुके हैं। उम्मीद है कि 15 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश को सम्बोधित करते समय राष्ट्रीय ध्वज दिवस की घोषणा अवश्य करेंगे। शील मधुर ने कहा कि 22 जुलाई 1947 को तिरंगे के मौजूदा स्वरूप का जन्म हुआ था। इसलिए अभी तक हमारी मांग यही रही है कि सरकार 22 जुलाई का दिन राष्ट्रीय ध्वज दिवस एवं राष्ट्रीय पर्व के रूप मे मनाये जाने की आधिकारिक घोषणा करें।

# भिक्षा की प्रवृति को बढ़ावा दे रहे अभिभावक और लोग

कविता। फरीदाबाद

**शहर** में मौजूद हर चौक चौराहे पर लगी रेड लाइट वैसे तो भिखारी होते ही है, लेकिन त्यौहारी सीजन में भीख मांगने वाले बच्चों की संख्या बढ़ती जा रही है। इस कार्य को जहां बच्चों के अभिभावक बढ़ावा दे रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ आम पब्लिक भी बच्चों को भीख देकर उनकी बढ़ती संख्या को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है। जिसके कारण शहर में भीख मांगने वाले बच्चों की संख्या बढ़ गई है। रेड लाइट पर वाहन रोकते ही यह बच्चे, अपना करतब दिखाकर भीख मांगना शुरू कर देते है। धूप

### त्यौहारों पर बढ़ जाती है जिले में भीख मांगने वाले बच्चों की संख्या

हो या बरसात इन बच्चों का भीख मांगने का काम जारी रहता है। यह बच्चे झुलसा देने वाली गर्मी में भी नंगे पैर सड़क पर करतब दिखाकर भीख मांगते हैं। आम जनता उन पर दया करके उन्हें भीख देती है। यह पैसे उनके माता-पिता ले लेते हैं। अभिभावक स्वयं पेड़ के नीचे बैठकर, बच्चों को भीख मांगने भेज देते हैं। अभिभावकों के लालच से जिले में भीख मांगना बच्चों का


शहर के व्यस्त चौकों में शुमार मेट्रो मोड पर भीख मांगता किशोर।

व्यवसाय बनता जा रहा है।

**कठोर है कानून :** जेजे एक्ट (जुवेनाइल जस्टिस एक्ट) के तहत 14 से 18 साल तक के बच्चों के लिए देशभर में सख्त कानून है। जिसके तहत जुर्माना और सजा दोनों का प्रवधान है। लेकिन इसके बाद भी अभिभावक बच्चों को भीख मांगने और चाइल्ड लेबर के रूप में काम करवा रहे है। पकड़े जाने पर वह गरीबी का रोना रोते है, लेकिन कानून के शिकंजे से छुटकर फिर से वहीं काम शुरू कर देते है।

**नहीं हो रही कार्रवाही :** समय समय पर चाइल्ड लेबर और भीख मांगने वाले बच्चों को पकड़ कर उन्हें सीडब्ल्यूसी के हवाले किया जाता है। लेकिन जिले में हर चौराहे पर भीख मांगने वाले बच्चों की संख्या बढ़ रही है। सीडब्ल्यूसी कार्यालय के 100 से 150 कदम की दूरी पर ही भीख मांगने वाले करीब 10 से 20 बच्चे मेट्रो मोड और एक-दो चौक के बीच देखे जा सकते है। बच्चों के साथ उनके माता-पिता भी होते है।

**यह है समाधान :** यदि आपको भीख मांगने वाले बच्चे दिखे तो उन्हें भीख में पैसे देने के बजाय उन्हें भूखे होने पर खाना खिला दें। वहीं 1098 पर कॉल करें। ताकि ऐसे बच्चों की संख्या न बढ़े और बच्चों का भविष्य सुधारा जा सके।

**लें सहायता :** सरकार की तरफ से बच्चों के भविष्य के लिए कई स्कीम चलाई जा रही है, जिनका लाभ गरीब अभिभावक अपने बच्चों के लिए ले सकते है। सीडब्ल्यूसी के दफ्तर में जाकर वह अपने बच्चों को हर महीने सरकार द्वारा दी जा रही इस्पोंसरसिप का लाभ ले सकते हैं या फिर बच्चों को पढ़ाने के लिए।

# बच्ची की हत्या कर शव झाड़ियों में फेंका, हत्या से पूर्व दुष्कर्म की आशंका

### थाना जीआरपी ने किया अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ दर्ज किया मामला

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेक्टर 24** के निकट रेलवे लाइन के किनारे बसी आजाद नगर बस्ती में किसी अज्ञात व्यक्ति ने 12 साल की एक बच्ची की गला दबा कर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी शव को रेलवे लाइन के किनारे झाड़ियों में छिपा दिया।

बच्ची का शव अस्त व्यस्त हालत में बरामद किया गया था। जिसके कारण बच्ची के साथ दुष्कर्म किये जाने की आशंका जताई जा रही है। शव पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिया गया है।


बच्ची की हत्या के बाद डाक्टरों से बातचीत करते डीएसपी सुधीर तनेजा।

फिलहाल जीआरपी ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

थाना जीआरपी के मुताबिक एक महिला ने अपनी शिकायत में कहा है कि उसके पति का कई साल पहले देहांत हो चुका है। उसकी बड़ी बेटी शादीशुदा है और इसी कालोनी में परिवार के साथ रहती है। जबकि उसकी 12 साल की छोटी बेटी उसके साथ रहती है। परिवार के गुजारे के लिए वह कंपनी में काम करती है। उसके काम पर जाने के बाद उसकी बेटी अपने जीजा के घर चली जाती है। शाम उसके काम से लौटने पर बच्ची उसके पास लौट आती है। अन्य दिनों की तरह बृहस्पतिवार की सुबह भी बच्ची को उसकी बड़ी बहन के घर छोड़कर काम पर चली गई थी। रात करीब नौ बजे बच्ची अपने जीजा के घर से अपनी मां के घर जा रही थी। लेकिन इसके बाद वह घर नहीं पहुंची। काफी इंतजार के बाद महिला ने परिजनों के साथ बच्ची की तलाश शुरू कर दी।

तलाश के दौरान बच्ची का शव रेलवे लाइन के पास झाड़ियों के बीच अस्त व्यस्त हालत में मिल गया। परिजनों की सूचना पर थाना जीआरपी मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी। मौके के हालात को देखकर लग रहा था कि हत्या करने से पूर्व आरोपी द्वारा बच्ची के साथ दुष्कर्म किया गया है। सम्भव है बच्ची आरोपी को पहचानती होगी। ऐसे में आरोपी को डर था कि वह परिजनों को इस बारे में बता न दे। इसी वजह से उसने हत्या की है। शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# पिता ने डेढ़ माह के बच्चे की कर दी हत्या


मृत बच्चे के शोकाकुल परिजन।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**राजीव** नगर निवासी, धर्मावती पत्नी बुधराम के घर मे किराए पर रहने वाले सुंदर ने अपने डेढ़ माह के बच्चे की गला घोट हत्या कर दी है। जिसके नाक और मुंह से खून आया हुआ था। वारदात के बाद आरोपी पिता मौके से फरार हो गया।

पुलिस को शुक्रवार को करीब 12 बजे के आसपास टेलीफोन से सूचना प्राप्त हुई थी। वारदात की सूचना मिलते ही डीसीपी सेंट्रल, एसीपी क्राइम, एसीपी ओल्ड और थाना प्रबंधक ओल्ड दिनेश द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया । डेढ़ माह के बच्चे नवीस के शव को पोस्टमार्टम हेतु सरकारी अस्पताल भिजवा गया है । सीन ऑफ क्राइम टीम एवं क्राइम ब्रांच की टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है। डेढ़ माह के जुड़वा बच्चे थे। जिसमें से एक बच्चे को पिता सुंदर ने गला दबा कर मार दिया। आरोपी पिता संदीप पीछे से झाड़सेतली का रहने वाला है, जो किसी कंपनी में लेबर का काम करता है। बच्चे की मां बसेलवा कालोनी निवासी प्रिया का कहना है कि करीब डेढ़ साल पहले दोनों की शादी हुई थी। पत्नी द्वारा आरोपी पति डेढ़ माह के बच्चे के हत्यारे के खिलाफ शिकायत दी गई है।

# दो पुलिस कर्मियों को एक्सीलेंस इन इन्वेस्टिगेशन अवार्ड मिला

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**अनुसंधान** के लिए फरीदाबाद पुलिस के दो पुलिसकर्मियों को गृह मंत्रालय की तरफ से एक्सीलेंस इन इन्वेस्टिगेशन से सम्मानित कर फरीदाबाद पुलिस का नाम रोशन किया है। गृह मंत्रालय की तरफ से सम्मानित किए गए इन दो पुलिसकर्मियों में फरीदाबाद के साइबर थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर बसंत तथा पुलिस आयुक्त प्रवाचक सब इंस्पेक्टर योगेश का नाम शामिल है जो इससे पहले साइबर पुलिस स्टेशन में टेक्निकल ऑफिसर के रूप में तैनात थे।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने मेडल प्राप्त करने वाले दोनों पुलिसकर्मियों को बधाई देते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। आपको बता दें कि पूरे देश में 151 पुलिसकर्मियों को गृह मंत्रालय की तरफ से सम्मानित किया गया है जिसमें से हरियाणा के 4 पुलिसकर्मी शामिल हैं जिनमें से 2 पुलिसकर्मी फरीदाबाद पुलिस में तैनात है। इंस्पेक्टर बसंत तथा सब इंस्पेक्टर योगेश ने साइबर ठगी के मामलों में बेहतरीन कार्य किया है। आज के डिजिटल युग में बढ़ रहे साइबर ठगी के मामलों में शामिल गैंग का पर्दाफाश करते हुए इन्होंने सैकड़ों अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजकर आमजन को होने वाले करोड़ों रुपये के नुकसान से बचाया है। फरीदाबाद में पहला साइबर पुलिस स्टेशन सितंबर 2020 में शुरू हुआ था जिसमें अभी तक साइबर ठगी के 68 मामले दर्ज किए जा चुके हैं जिसमें साइबर पुलिस ने देश के विभिन्न राज्यों से 222 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिन्होंने IyC की रिपोर्ट के अनुसार देशभर में साइबर ठगी की 4163 वारदातों में संलिप्त पाए गए हैं। गिरफ्तार किए गए साइबर अपराधी मुख्यत: झारखंड, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, दिल्ली एनसीआर एरिया से संबंध रखते थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के कब्जे से साइबर पुलिस ने करीब 1 करोड में कैश तथा 27.61 करोड़ कीमत के लाइसेंस बरामद किए गए हैं।

# एफएमडीए के विकास कार्यों का निरीक्षण

### फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण ने दी नई परियोजनाओं के अनुमानों को मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मुख्य** कार्यकारी अधिकारी, फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण (एफएमडीए) सुधीर राजपाल ने आज शुक्रवार को एफएमडीए के अधिकारियों के साथ फरीदाबाद में विभिन्न स्थलों और स्थानों का दौरा किया, जहां प्राधिकरण द्वारा विकास परियोजनाएं चलाई जा रही हैं। सीईओ एफएमडीए सुधीर राजपाल ने उनकी प्रगति का निरीक्षण किया और अधिकारियोंको हर स्तर पर काम की निगरानी करने और कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

सीईओ एफएमडीए सुधीर राजपाल ने कहा कि फरीदाबाद में मजबूत सड़क नेटवर्क और कनेक्टिविटी का निर्माण एफएमडीए के लिए एक प्रमुख एजेंडा है और हम


विकास कार्य का निरीक्षण करते सीईओ एफएमडीए सुधीर राजपाल।

शहर में नागरिक बुनियादी ढांचे को सुधारने और बढ़ाने की दिशा में काम कर रहे हैं। हम उन ड्रेनेज सिस्टम के सुधार के लिए भी कार्य कर रहे हैं जिन पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है या जिनका पिछले कुछ समय से रखरखाव नहीं किया गया है।

सीईओ, एफएमडीए राजपाल ने 75 मीटर चौड़ी सड़क पर एफएमडीए द्वारा किए जा रहे सड़क निर्माण कार्य की समीक्षा की जो ग्रेटर फरीदाबाद की ओर मुख्य पहुंच गलियारा है और सेक्टर 88 में आगामी अमृता अस्पताल के नजदीक है। शहर के इस हिस्से में बेहतर कनेक्टिविटी की नागरिकों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए 28.20 करोड़ रुपये की लागत से काम किया जा रहा है।

सीईओ एफएमडीए ने इस बात पर जोर दिया कि कार्य की गुणवत्ता में कमी या कोई समझौता नहीं होना चाहिए और चल रहे काम की गुणवत्ता की जांच नियमित रूप से की जानी चाहिए। सेक्टर-15/15ए और सेक्टर-10/11 डिवाइडिंग रोड में सीमेंट कंक्रीट रोड का काम जिसे प्राथमिकता के आधार पर करने की आवश्यकता है, उसे भी एफएमडीए प्रमुख द्वारा अनुमोदित किया गया था और इन कार्यों के लिए निविदा जल्द ही एचईडब्ल्यू पोर्टल पर आमंत्रित की जाएगी। एफएमडीए सेक्टर 32, फरीदाबाद में भूड़ियानाला की गाद निकालने का काम भी कर रहा है। मानसून के दौरान बारिश के पानी के मुक्त प्रवाह की सुविधा के लिए, गाद, मलबे आदि की जल निकासी पाइप लाइन को साफ करने के लिए साइफन सहित डबल कैनाल तक रेलवे लाइन से 2.3 किलोमीटर की पूरी लंबाई को डिसिल्ट किया जा रहा है। इसके लिए परियोजना की लागत 3.05 करोड़ रुपये है। सीईओ एफएमडीए ने निर्देश दिया कि नाले के पास सभी अतिक्रमण जो गाद निकालने की प्रक्रिया में बाधक साबित हो रहे हैं, उन्हें नगर निगम फरीदाबाद द्वारा इस कार्य में तेजी लाने के लिए हटाया जाना है।

सुधीर राजपाल ने कोर्ट रोड, 15ए-16ए डिवाइडिंग रोड और अन्य ग्रेटर फरीदाबाद क्षेत्रों में चल रहे सड़क निर्माण कार्यों का भी दौरा किया। उन्होंने रेखांकित किया कि जहां आवश्यक हो वहां अतिरिक्त जनशक्ति और मशीनरी तैनात की जाए ताकि जनता को अच्छी गुणवत्ता वाली सड़क अवसंरचना और सुविधाएं जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जा सकें ।

# शहीद-ए-आजम भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव की मूर्तियों का लोकार्पण किया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**1947 में** बंटवारे के दौरान पश्चिमी पंजाब से लौटते समय शहादत देने वाले लाखों हिंदू और सिख पूर्वजों की याद में आज शुक्रवार सायं एनआईटी गोल चक्कर पर 14 अगस्त को देश भर में विभाजन विभाषिका स्मृति दिवस मनाया गया। इस दौरान भारत सरकार के भारी उद्योग एवं उर्जा विभाग के राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर व विधायक सीमा त्रिखा ने गोल चक्र पर स्मार्ट सीटी द्वारा बनाई गई शहीद सरदार भगतसिंह , राजगुरु और सुखदेव की 11-11 फिट ऊंची प्रतिमाओं का लोकार्पण किया।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शहीदों की शहादत को सच्ची श्रद्धांजलि के लिए 13 से 15 अगस्त तक हर घर राष्ट्रीय ध्वज जरूर फहराए। भारत सरकार के भारी उद्योग एवं उर्जा विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि जब हमारा देश 100 वां स्वतंत्रता दिवस मनाएगा तब भारत विश्व में सबसे शक्तिशाली देश माना जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनता 75वें स्वतंत्रता


एनआईटी पांच गोल चक्कर पर शहीद ए आजम भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव की प्रतिमाओं का लोकार्पण कर दिए जला कर श्रद्धांजलि देते केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, विधायक सीमा त्रिखा व अन्य।

वर्ष को आमजन आजादी के अमृत के महोत्सव के रूप में मना रहा है। आगामी 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के तहत घर-घर तिरंगा लगाने का काम देश की जनता करेगी।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खाड़ी युद्ध और कोविड-19 के दौरान 217000 स्पेशल हवाई जहाजों की यात्राएं करवा कर लगभग एक करोड़ 83 लाख भारतीयों को वापिस अपने घरों में लाने का काम किया। इसी प्रकार यूक्रेन युद्ध के दौरान 24000 भारतीय विद्यार्थियों को यूक्रेन से सकुशल लाने का काम किया।

उन्होंने कहा कि आजादी के बाद लोगों ने सत्याग्रह प्रदर्शन तो बहुत किए लेकिन भ्रष्टाचार के खिलाफ सत्याग्रह और प्रदर्शन करने वाली भाजपा पार्टी देश में सबसे पहली पार्टी है। भाजपा देश से भ्रष्टाचार को जड़ मूल से खत्म करने का काम कर रही है। दोषियों के खिलाफ तुरंत कार्यवाही करके जेल भेजने का काम कर रही है। भाजपा का हर कार्यकर्ता और नेता राष्ट्र सम्पर्ण की भावना से कर रहा है। उन्होंने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्य का भी पालन करें। हर भारतीय सही रूप से अपने अधिकार के साथ-साथ कर्तव्य का पालन करने लगेगा तो निश्चित तौर पर जब भारत 100 वां स्वतंत्रता वर्ष मना रहा होगा तो निश्चित तौर पर विश्व की सबसे शक्तिशाली ताकत बनेगा। उन्होंने लोगों से पुन: आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने घरों, कोठियों, दुकानों, प्रतिष्ठानों, फैक्ट्रियों सहित तमाम कार्यालयों पर आगामी 13 से 15 अगस्त तक राष्ट्रीय ध्वज फहराकर देश के ज्ञात अज्ञात शहीदों, जिन्होंने देश की आजादी में और देश की सुरक्षा के लिए अन्य युद्धों में शहादत दी है, उन्हें शत-शत श्रद्धांजलि देकर राष्ट्र का स्वतंत्रता दिवस मनाएं। बड़खल की विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि दिवस के प्रथम वर्ष की श्रृंखला में प्रदेश में जिला स्तर पर कार्यक्रम होंगे। इसी श्रृंखला में आज रेलवे रोड फरीदाबाद में उन गुमनाम बलिदानी लोगो की स्मृति में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

# हर घर तिरंगा के तहत पौधारोपण अभियान शुरू

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत 11 से 17 अगस्त, 2022 तक एक विशेष पौधारोपण अभियान शुरू किया है। यह अभियान हरियाणा के राज्यपाल तथा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय के आह्वान पर शुरू किया गया है।

पौधरोपण अभियान का उद्घाटन आज विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) केएस यादव ने कुलपति प्रो. एसके तोमर की उपस्थिति में विवि में चल रहे हरियाली पर्व के तहत परिसर में वट, नीम और पीपल के त्रिवेणी के पौधे लगाये। पौधारोपण अभियान में प्रबंधन अध्ययन के शिक्षकों ने भी भाग लिया। गौरतलब है कि हरियाणा के राज्यपाल ने सभी विवि से 11 से 17 अगस्त 2022 तक पौधारोपण अभियान चलाने और परिसर में विभिन्न प्रकार के पेड़ लगाने का आग्रह किया है। इस राज्यव्यापी पौधारोपण अभियान के अंतर्गत दत्तात्रेय 14 अगस्त, 2022 को हरियाणा राजभवन




के परिसर में पौधा लगाएंगे। इसी दिन विवि और उनके संबद्ध कॉलेज भी अपने परिसरों में पौधा लगाकर उनका साथ देंगे। इस अवसर पर बोलते हुए लेफ्टिनेंट जनरल यादव ने राज्य में वन क्षेत्र को हुए नुकसान पर चिंता व्यक्त की और कहा कि पिछले 30 वर्षों में हरियाणा का लगभग दो-तिहाई वन क्षेत्र अतिक्रमण और औद्योगिक परियोजनाओं के कारण कम हुआ हैं, जिससे प्रकृति और पर्यावरण को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि एक पेड़ अपने पूरे जीवनकाल में 1 टन कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर सकता है। इस प्रकार, एक पेड़ चार लोगों के परिवार के लिए एक बीमा की तरह है। उन्होंने पेड़ों के चिकित्सा, धार्मिक और पारिस्थितिक लाभों का उल्लेख किया।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने सीपी को तिरंगा झंडा भेज कर दी शुभकामनाएं



**फरीदाबाद।** पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आज पुलिस आयुक्त कार्यालय में मुख्यमंत्री द्वारा स्वतंत्राता दिवस के अवसर पर भेजे गए तिरंगा झंडे व शुभकामना संदेश को कमिश्नर फरीदाबाद जितेन्द्र यादव ने पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा को भेट किया है। मुख्यमंत्री के द्वारा पुलिस कमिश्नर को आजादी के अमृत महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उन्होने 'हर घर तिरंगा' अभियान को फरीदाबाद में सफल बनाने के योगदान की सराहना की। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश पत्र में कहां की 'राष्ट्र ध्वज 'तिरंगा' हमारी स्वतंत्रता और सार्वभौमिकता का प्रतीक है। वह देश की शान, गौरव और अभिमान है। आजादी के इस अमृत महोत्सव के एतिहासिक पलों को स्मरणीय बनाए रखने के लिए आपको राष्ट्र ध्वज 'तिरंगा' सप्रेम भेंट किया जा रहा है। साथ ही पुलिस आयुक्त ने उपायुक्त फरीदाबाद जितेन्द्र यादव को भी मुख्यमंत्री द्वारा भेजा गया तिरंगा और शुभकामना संदेश पत्र भेंट किया इसके अलावा उनके स्थानांतरण होने पर उनको मेमैंटो भेंट करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### मानव सेवा समिति ने आयोजित किया ड्राइंग कंपटीशन

**फरीदाबाद।** मानव सेवा समिति ने आजादी के अमृत महोत्सव व हर घर तिरंगा अभियान के तहत पर शुक्रवार को मानव भवन सेक्टर 10 में राजकीय विद्यालय सेक्टर 10 के छात्रों की तिरंगा हमारी आन बान शान विषय पर ड्राइंग कंपटीशन का आयोजन किया। जिसमें 3 आयु वर्ग के 30 बच्चों ने भाग लिया। सभी बच्चों को भागीदारी प्रमाण पत्र, मिठाई पैकेट व प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 9 बच्चों को पुरस्कार के रुप में स्कूल बैग,पानी की बोतल व कापियां प्रदान की गई। समिति के महासचिव सुरेंद्र जग्गा व कोषाध्यक्ष राजेंद्र गोयनका ने कहा है कि शनिवार को भव्य तिरंगा रैली निकाली जाएगी। महिला सेल की चेयरमैन ऊषाकिरण शर्मा व स्कूल की प्रिंसिपल रजनी भाटिया के नेतृत्व में आयोजित इस ड्राइंग कंपटीशन में समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा, चेयरमैन अरुण बजाज, मुख्य प्रबंधक संजीव शर्मा, महिला टीम की राज राठी, कमला वर्मा, संघमित्रा कौशिक, रमा सरना, कुसुम वशिष्ठ, मीरा माथुर, रेनू चतरथ, डा. साधना अग्रवाल, गीता नागपाल अग्रवाल टीचर मीनू बाला, सुमन ने भाग लेकर सहयोग प्रदान किया।

### आज गढ़खेड़ा में फहरेगा 75 फुट ऊंचा ज्ञानेंद्र का सिला तिरंगा

**फरीदाबाद।** आजादी के अमृत महोत्सव में शनिवार को गांव गढ़खेड़ा में 75 फुट ऊंचे तिरंगे का ध्वजारोहण किया जाएगा। ध्वजारोहण को लेकर सभी तैयारियां हो चुकी हैं। गांव के लोगों का दावा है कि यह हरियाणा के सभी गांवों में सबसे ऊंचा तिरंगा होगा। 75 फुट ऊंचे पोल पर 24 फुट लंबा और 16 फुट चौड़ा तिरंगा फहराया जाएगा। विशेष बात ये है कि यह तिरंगा गांव के ही दर्जी ज्ञानेंद्र कश्यप ने स्वयं तैयार किया है। केंद्रीय और कैबिनेट मंत्री समारोह में पहुंचेंगे। ग्रामीणों ने समारोह को सफल बनाने के लिए 51 सदस्यीय स्वागत कमेटी बनाई है। स्वागत कमेटी के सदस्य किशोरीलाल शास्त्री, रूपचंद मैनेजर, खेमचंद वशिष्ठ, सुरेंद्र सांगवान, प्रताप सांगवान, हरिराम, अमरचंद, वीर सिंह सैनी, ने बताया कि ध्वजारोहण समारोह में केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा, चैयरमेन नयनपाल रावत, मुख्यमंत्री मनोहर लाल के राजनैतिक सचिव अजय गौड़, निवर्तमान जिला उपायुक्त जितेंद्र यादव सहित आला प्रशासनिक अधिकारियों को आमंत्रित किया है। पहले तिरंगा मार्च निकलेगी। युवा उदयपाल प्रजापति, सुनील सैनी, योगेश चौधरी, ब्रजेश वामदेव, विवेक सैनी, जनक कालीरमण, सतपाल कश्यप ने बताया कि 75 फुट ऊंचे तिरंगा ध्वजारोहण से पूर्व सैकड़ों युवा अटाली स्थित शहीद संदीप कालीरमण स्मारक स्थल से लेकर खेल नर्सरी, गढ़खेड़ा तक 375 फुट तिरंगे के साथ पैदल मार्च निकालेंगे।

### विधायक राजेश नागर ने निकाली तिरंगा यात्रा



**फरीदाबाद।** तिगांव विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक राजेश नागर ने शुक्रवार शाम को वर्ल्ड स्ट्रीट, ग्रेटर फरीदाबाद से तिरंगा यात्रा निकाली। मौके पर सैकड़ों लोग मौजूद थे। सभी के हाथों में हमारी आन-बान और शान का प्रतीक तिरंगा झंडा था। लोग तिरंगा यात्रा के दौरान भारत मां की जय के नारे लगा रहे थे। इन नारों से ग्रेटर फरीदाबाद का वातावरण देशभक्ति से ओत-प्रोत हो गया। लोगों ने इसमें बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। यात्रा सेक्टर-85 तक गई। इस दौरान विधायक राजेश नागर ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा हम वीर शहीदों की वजह से आज आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उनके सम्मान में मोदी और मनोहर सरकार लोगों के अंदर देशभक्ति की भावना जागृत करना चाहती है। इसलिए पहली बार आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आजादी की 75वीं वर्षगांठ यादगार होने जा रही है। हर घर तिरंगा अभियान में आमजन भागीदारी निभा रहे हैं। हर घर में तिरंगा लहरा रहा है। लोग अपने वाहनों पर देश की शान तिरंगा लेकर चल रहे हैं। पूरे देश में देश भक्ति का माहौल बन गया है। इस दौरान सुरेंद्र बिधुड़ी, सुंदर, अजब चंदीला, करतार, कंवर मास्टर, लीलू सरपंच, रामजीलाल, अमरजीत, हरेंद्र नागर, बिज्जू सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

### सरकारी स्कूल से निकाली गई तिरंगा यात्रा

**फरीदाबाद।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय मलेरना के द्वारा हर घर तिरंगा, अमृत महोत्सव अभियान के तहत विद्यालय के विद्यार्थियों एवं विद्यालय के समस्त अध्यापक गण व स्कूल प्रबंधन कमेटी के माध्यम से तिरंगा यात्रा निकाली गई। रैली के माध्यम से गांव में जाकर के हर घर तिरंगा अमृत महोत्सव अभियान के लिए लोगों को जागरूक किया। लोगों से आह्वान किया कि सभी अपने-अपने घर पर तिरंगा जरूर लगाएं। विद्यार्थियों ने भारत माता की जय, वंदे मातरम, जय जवान जय किसान, हर घर तिरंगा के नारे लगाए। विद्यालय में अमृत महोत्सव अभियान के तहत स्लोगन व पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। यात्रा का नेतृत्व कर रहे विद्यालय के मुख्याधपक समर देशवाल ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन बान और शान है। इस अवसर पर तिरंगे भी वितरित किए गए। यात्रा में मुख्य रूप से विद्यालय के मुख्याध्यापक समर देशवाल, अंजू बाला, कृष्ण कुमार, राकेश कुमार, संजय शर्मा, संत सिंह हुड्डा, मनजीत रानी, स्कूल प्रबंधन कमेटी की प्रधान एवं आंगनबाड़ी की कार्यकर्ता व गांव के गणमान्य व्यक्ति विशेष रूप से मौजूद थे।

### रेहड़ी वालों से रंगदारी टैक्स वसूलने का आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा शहर में अपराधियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा-निर्देश पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी राजीव कुमार की टीम ने रहडी वालों से हफ्ता मांगने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता बताया कि गिरफ्तार आरोपी हुसेन उर्फ छोटू फरीदाबाद के एनआईटी की फ्रंटियर कालोनी का रहने वाला है। आरोपी ने 11 अगस्त को रेहड़ी वालों से पैसे मागे थे ना देने पर चाकू से हमला कर रेहड़ी वाले को चोट मार दी। जिस वारदात पर आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से आरोपी को पर्वतीय कालोनी एरिया से गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशे का आदि है। कोई काम नही करता पैसे न होने पर 10 अगस्त की रात को आरोपी रहडी वालों से पैसे मांगने लगा। पैसे न देने पर चाकू चोट मारकर फरार हो गया था।

# खैरात पर मतभेद

## निर्वाचन आयोग की भूमिका

**ऐसा** लगता है कि निर्वाचन आयोग राजनेताओं द्वारा 'खैरात' पर पैदा किए विवाद से स्वयं को अलग रखना चाहता है। खैरात पर भारत के निर्वाचन आयोग का दृष्टिकोण इस मुद्दे पर सहमति बनाने में सहायक नहीं सिद्ध हो रहा है। सर्वोच्च न्यायालय में दिए अपने शपथपत्र में निर्वाचन आयोग ने कहा था, 'स्थितियों के अनुसार खैरातों का समाज, अर्थव्यवस्था तथा समता पर अलग-अलग प्रभाव पड़ सकता है। उदाहरण के लिए, प्राकृतिक विभीषिकाओं या वैश्विक महामारी के समय जीवनरक्षक दवायें, भोजन, पैसा, आदि प्रदान करना जीवन व अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी हो सकता है, पर सामान्य समय में उनको खैरात कहा जा सकता है।' संभवतः यह संवैधानिक संस्था स्वयं को उस जंजाल में नहीं फंसाना चाहती है जिसे राजनेताओं ने राजनीतिक क्षेत्र में पैदा किया है और इस प्रकार वह जानबूझ कर इससे बच रही है। लेकिन इस बात में कोई संदेह नहीं कि उसकी टिप्पणियों से मुद्दे के समाधान में कोई सहायता नहीं मिलती है। दूसरी ओर, दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल का इस अनोखी रणनीति में विश्वास है कि यदि आप कोई समस्या हल नहीं करना चाहते हों तो उसे दार्शनिकीकरण कर दें और यदि यह तब भी गंभीर बनी रहे तो उसका राजनीतीकरण भी कर दें। प्रधानमंत्री द्वारा 16 जुलाई को 'रेवड़ी संस्कृति' के खिलाफ बयान देने के बाद केजरीवाल आश्चर्यजनक तर्कों से अपना




बचाव करने लगे। उन्होंने पूछा कि क्या मुफ्त शिक्षा और स्वास्थ्यरक्षा को खैरात कहा जा सकता है। प्रधानमंत्री का यह कहना ठीक है कि खैरातें आर्थिक विकास के लिए 'बहुत खतरनाक' हैं। लेकिन ऐसा लगता है कि कोई इस मामले में गंभीरता से दिलचस्पी नहीं ले रहा है, यहां तक कि यह बात भारतीय जनता पार्टी पर भी लागू होती है। यह बात भाजपा नेता अश्विनी उपाध्याय की सर्वोच्च न्यायालय में पेश याचिका से भी स्पष्ट है जिसमें उन्होंने चुनावों से पहले 'अतार्किक खैरातों' की घोषणा पर प्रतिबंध लगाने की प्रार्थना की है।

लेकिन क्या लोगों को अदालत तभी नहीं जाना चाहिए जब वे स्वयं किसी मुद्दे का समाधान करने में विफल हो गए हों? सार्वजनिक रूप से ऐसा कुछ उपलब्ध नहीं है जिससे पता चले कि उपाध्याय या किसी अन्य भाजपा नेता ने पार्टी मंचों पर इस मामले पर चर्चा की है, ऐसे में सभी पार्टियों के बीच सहमति बनाने का सवाल ही कहां है। आखिरकार 'खैरातों' की समस्या राजनीतिक है, इसलिए इसका समाधान भी अपनी प्रकृति से राजनीतिक होना चाहिए। सच्चाई यह है कि खैरात की संस्कृति या बेलगाम लोकरंजकता सभी पार्टियों में व्याप्त है और भाजपा समेत सभी पार्टियां इसे प्रोत्साहित करती है। वास्तव में वे सभी प्रतियोगी लोकरंजकता के खेल में शामिल हैं। लेकिन यदि सभी कोई गलत काम करें तो वह सही नहीं हो जाता है। लेकिन आम आदमी पार्टी के मुखिया केजरीवाल अनेक प्रकार की खैरातें बांटने पर कोई नियंत्रण नहीं चाहते हैं। उनका मानना है कि राष्ट्रीय राजधानी में महिलाओं के लिए मुफ्त बिजली या मुफ्त सार्वजनिक परिवहन कोई 'खैरात' नहीं है, बल्कि यह सरकार द्वारा समतापूर्ण समाज बनाने की दिशा में अपनी 'संवैधानिक जिम्मेदारियों' का पालन है। संविधान या उसकी प्रस्तावना के आधार पर यह कहना गलत है कि हमारे गणतंत्र के संस्थापक चाहते थे कि सरकार मुफ्त वस्तुयें व सेवायें बांटे। हमारा स्वतंत्रता संघर्ष भी खैरातों के लिए नहीं था, बल्कि यह भारत और भारतीयों को आजाद कराने के लिए था। हमें आशा है कि सर्वोच्च न्यायालय हमारे राजनेताओं को यह सरल तथ्य समझाने में सफल होगा।

# बड़ी विश्व शक्ति बनकर उभरा भारत

भारत ने अपना पुराना वैचारिक संकोच छोड़ा है और वह विश्व स्तर पर अपनी मजबूत होती स्थिति को देखते हुए दुनिया से ज्यादा विश्वास के साथ संबंध विकसित करने को तैयार है।



**सिमरन सोढ़ी**
(लेखिका विदेश नीति विश्लेषक हैं)



**यह** वर्ष भारत की स्वतंत्रता का 75वां वर्ष है और आनन्दपूर्वाक इसका उत्सव मनाया जा रहा है। लेकिन सभी समारोहों की तरह हमें इस अवसर पर भी पीछे मुड़ कर अब तक अपनी यात्रा का लेखाजोखा लेकर भविष्य का रास्ता तय करना चाहिए। विदेश नीति एक ऐसा क्षेत्र है जहां आमतौर से लंबे समय तक निरंतरता दिखती है, भले ही चाहे जो राजनीतिक परिवर्तन हों। भारत की स्थिति भी एक प्रकार से ऐसी ही है क्योंकि 1947 के बाद लंबे समय तक निरंतरता दिखती है। भारत की गुट-निरपेक्ष दर्जे के लिए प्रतिबद्धता इसका उदाहरण है। लेकिन पिछले लगभग एक दशक में राजनीतिक परिदृश्य बदलने के कारण, विदेश नीति के आयामों में भी कुछ बड़े बदलाव आए हैं। इनमें से कुछ की प्रकृति साहसी है तो दूसरे ज्यादा सौम्य प्रकृति के हैं।

सबसे बड़ा परिवर्तन संभवतः दृष्टिकोण में है जिसके चलते दुनिया में ज्यादा विश्वास से भरा भारत उभरता दिख रहा है। हाल में हमने अनेक क्षेत्रीय व अन्य अनौपचारिक समूहों का उभार भी देखा है जिनमें भारत को वैश्विक रूप से महत्वपूर्ण स्थान मिला है। हिंद प्रशांत क्वाड तथा पश्चिम एशिया क्वाड या आई2यू2 हालिया उदाहरण हैं जहां भारत इन समूहों में अमेरिका के साथ सदस्य बना है। इन समूहों का प्रभाव हिंद प्रशांत व मध्यपूर्व में पड़ रहा है। यह तथ्य भी उल्लेखनीय है कि यह भारत द्वारा मजबूत आधारभूत काम किए बिना नहीं संभव था। उसने एक ओर इस्राइल व संयुक्त अरब अमीरात-यूएई जैसे सदस्य देशों से मजबूत द्विपक्षीय संबंध विकसित किए, वहीं दूसरी ओर उसके जापान व आस्ट्रेलिया जैसे देशों से भी संबंध मजबूत हुए हैं।

इसके साथ ही हमें भविष्य की चुनौतियों को स्वीकार करना चाहिए कि कुछ ऐसी समस्यायें हैं जिनका जल्दी समाधान होता नहीं दिखता है। निश्चित रूप से इनमें सबसे बड़ी समस्या चीन है। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने ज्यादा आक्रामक रूप से चीनी समस्या के समाधान हेतु प्रयास किए हैं, पर नतीजा अभी स्पष्ट नहीं है। 2020 में भारत व चीन के बीच 1962 के बाद सबसे कठोर संघर्ष हुआ और हालांकि भारत अपनी जमीन पर मजबूती से डटा रहा, पर चीन ने भी अपनी स्थिति मजबूत की है। दुनिया के लिए स्पष्ट हो गया है कि चीन सैनिक व गैर-सैनिक तरीकों से अपने क्षेत्र में विस्तार करना चाहता है। तिब्बत इसका एक उदाहरण है।

इसके अलावा अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा के बाद वहां भी तनाव गंभीर हो गया है। चीन वैश्विक स्तर पर अपना वर्चस्व स्थापित करना चाहता है। अर्थव्यवस्था व सैनिक शक्ति में तेजी से वृद्धि के कारण वह न केवल भारत, बल्कि दुनिया के लिए सिरदर्द बना हुआ है। भारत की अतिरिक्त चिन्ता इस कारण है कि चीन उसकी सीमाओं पर जमा हुआ है तथा हमेशा की तरह उकसावे व धमकी देने वाली कार्रवाइयां कर रहा है। हालिया वर्षों में भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध भी काफी खराब हुए हैं। 1947 के बाद से युद्धों व सीमापार से आतंकी हमलों के बवजूद यह आम सहमति बनी हुई है कि भारत को पाकिस्तान से संबंध बनाए रखने होंगे। आखिरकार भूगोल बदला नहीं जा सकता है और यह तथ्य कभी नहीं बदलेगा कि पाकिस्तान हमारा पड़ोसी है। ऐसे में उसके साथ वार्ता जरूरी हो गई है। लेकिन स्थिति में नाटकीय व उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। हालिया वर्षों में भारत ने द्विपक्षीय व वैश्विक स्तर पर अनेक आतंकी हमलों के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराने में कोई संकोच नहीं किया है। भारत अब एक कदम आगे बढ़ा है और उसने इतने भारी विश्वास के संकट के कारण वार्ताओं से इनकार कर दिया है। इसका कारण यह है कि वर्तमान माहौल में भारत-पाकिस्तान वार्ता केवल फोटो खिंचवाने का माध्यम बनती है, जबकि महत्वपूर्ण मुद्दों पर कोई प्रगति नहीं होती है। 2019 में पाकिस्तान से आतंकी समूहों ने पूर्व जम्मू कश्मीर राज्य पर हमले किए। इसके बाद भारत ने निर्णायक रूप से कार्रवाई की और यह तथ्य उल्लेखनीय है कि इसके बाद से पाकिस्तानी धरती से भारत के खिलाफ कोई बड़ा आतंकी हमला नहीं हुआ।

जहां तक पुरानी विश्व महाशक्तियों, यानी रूस व अमेरिका के बीच संतुलन व गत्यात्मकता का सवाल है, काफी परिवर्तन आया है। हालांकि, भारत परंपरागत रूप से हमेशा रूस के निकट रहा है, पर हालिया वर्षों में बदलाव आया है। भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंध मजबूत हुए हैं, भले ही इससे आलोचना भी हुई कि भारत इस संबंध पर आवयश्यकता से अधिक जोर दे रहा है। रूस से संबंध मजबूत बने हुए हैं, पर यूक्रेन संकट के पश्चात रूस-चीन धुरी मजबूत होते जाने से भारत के सामने बड़ी नीतिगत चुनौती पैदा हो गई है। बदलते घटनाक्रमों से जहां चीन व पाकिस्तान के संबंध पहले से मजबूत थे, वहीं आज कुछ लोग कहने लगे हैं कि पाकिस्तान चीन के मुहरे के सिवा और कुछ नहीं है। भारत के लिए यह चुनौती बनी हुई है कि वह नाजुक संतुलन बनाए रखते हुए पुराने दोस्तों को प्रसन्न रखे तथा दूसरे देशों से मित्रता बढ़ाए।

पिछले 75 वर्षों में दुनिया बदली है और भारत भी बदला है। दुनिया में शीतयुद्ध समाप्त हुआ और वह द्विध्रुवीय के बजाय एकध्रुवी हुई तथा अब उसके बहुध्रुवीय होने की संभावना है। भारत ने अपना पुराना वैचारिक संकोच छोड़ा है और वह विश्व स्तर पर अपनी मजबूत होती स्थिति को देखते हुए दुनिया से ज्यादा विश्वास के साथ संबंध विकसित करने को तैयार है। लेकिन चीन जैसी चुनौतियां बहुत कठोर बनी हुई हैं। ऐसे में देखना होगा कि आने वाले दशकों में भारत अपनी विदेश नीति में परिवर्तनों के माध्यम से इन चुनौतियों से कैसे निपटता है।

# जम्मू-कश्मीर में शांति का सपना



**अशोक के मेहता**
(लेखक, सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)

**संविधान** का अनुच्छेद 370 समाप्त करने के तीन साल बाद सरकार जम्मू कश्मीर से आतंकवाद का सफाया करने, कश्मीरियों के दिल-दिमाग जीतने, कश्मीर को मुख्यधारा से जोड़ने तथा विकास करने का घोषित लक्ष्य प्राप्त नहीं कर सकी है। कश्मीर मुद्दे के अंतरराष्ट्रीयकरण से पाकिस्तान राजनयिक रूप से अलग थलग नहीं हुआ है। इसके बजाय चीन के साथ द्विपक्षीय मुद्दा तूल पकड़ गया है। भारत सरकार वे मुद्दे खारिज नहीं कर सकती है जो 75 साल से लंबित हैं। विधि सेंटर फार लीगल पालिसी द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'हमीं अस्त? अ बायोग्राफी आफ आर्टिकिल 370' में तर्क दिया गया है कि अनुच्छेद 370 समाप्त करना विधिक रूप से अनुचित है। यह मामला सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है और हालांकि, प्रधान न्यायाधीश जस्टिस रमना ने इसकी जल्दी सुनवाई की बात कही है, पर देश के राजनीतिक माहौल को देखते हुए याचिकाकर्ताओं को ज्यादा उम्मीद नहीं है। फोरम फार ह्यूमन राइट्स ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट 'थ्री इयर्स एज़ यूनियन टेरीटरी: ह्यूमन राइट्स इन कश्मीर' में मानवाधिकार उल्लंघनों की लगातार जारी घटनाओं व मूल कमियों का दस्तावेजीकरण किया है। हालांकि, इसका राज्य नीति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है, पर इसने जम्मू कश्मीर में विकृतियों का उल्लेख किया है। पिछले शुक्रवार को चीन ने कहा था कि भारत और पाकिस्तान को जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने की तीसरी वर्षगांठ पर अपने मतभेद शांतिपूर्वक हल कर लेने चाहिए। उसने जोर दिया कि विभिन्न पक्षों को एकपक्षीय कार्रवाई से यथास्थिति बदलने या तनाव बढ़ाने के प्रयासों से बचना चाहिए।

2019 में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संघशासित क्षेत्र लद्दाख का नया मानचित्र जारी करने तथा संसद में अक्साईचिन पर वापस कब्जा करने की बात से चीन नाराज हुआ था। चीन विदेश मंत्री एस. जयशंकर के इस बयान से भी संतुष्ट नहीं था कि इसका सीमा विवाद पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, हालांकि उन्होंने चीनियों को खुश करने के लिए बीजिंग की यात्रा भी की थी। मई, 2020 में पीएलए ने लद्दाख में हमला कर दूसरा मोर्चा सक्रिय कर दिया और वह अब वह जिनजियांग से तिब्बत जाने वाली जी219 के समानान्तर नई सड़क जी 695 भी बना रहा है जो भारतीय सीमा से 20-25 किलोमीटर दूर है। शुरू में लद्दाखी उत्साहित थे, पर अब वे संघशासित दर्जा मिलने



के बाद निराश हैं क्योंकि अपने प्रतिनिधियों के बजाय उन पर नौकरशाहों का शासन है। भ्रष्टाचार जड़ें जमा रहा है तथा बिना किसी प्रशासनिक जवाबदेही के केन्द्रीय कानून लागू हैं। सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा भीतरी क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की संख्या 2019 के बाद लगभग दूनी हो गई है। आंकड़ों के अनुसार स्थिति 'लगभग सामान्य' है, पर अभी आतंकवाद का सफाया नहीं हुआ है। हाल में श्रीनगर में एक सवाल के जवाब में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, 'यह समस्या पुरानी है और इसे समाप्त करने में समय लगेगा।' 2019 से 690 आतंकियों का सफाया हुआ तथा 135 इस साल मारे गए। इसके अलावा 136 नागरिक, सुरक्षा बलों के 146 जवान तथा राज्य के 57 अधिकारी शहीद हुए। हालांकि, प्रशासन इसे पाकिस्तान का छद्म युद्ध कहता था, पर अब उसने रणनीति बदली है। चरमपंथ को हाइब्रिड आतंकवाद व फेसलेस मिलिटेंसी कहा जाता है। 2019 से 572 युवा चरमपंथी बने हैं जिनको ग्रेनेड फेंकने जैसे कामों में लगाया गया है। इनमें से कुछ अकेले 'लोन वुल्फ' कार्रवाई करते हैं। इन्होंने बंदूक का भय बनाए रखने के लिए हिंदुओं, पंडितों व प्रवासियों पर हमले किए हैं। इस तथ्य से इनकार नहीं कि सुरक्षा स्थिति में काफी सुधार हुआ है, पत्थरबाजी बंद हुई है, हड़ताल के आह्वान घटे हैं, खुलेआम कोई चरमपंथी गतिविधि नहीं है तथा सर्वोच्च कमांडरों का सफाया हो गया है। इसके लिए पीएसएस, यूएपीए व कर छापों का व्यापक प्रयोग हुआ है।

आतंकियों की लाशें उनके परिवारों को नहीं सौंपी जाती हैं, पंडितों को पूरी सुरक्षा दी जा रही है और उनको काम पर नहीं जाना होता है। इसी प्रकार 'पंचों' को उनके घरों तक सीमित किया गया है, मीरवैज़ उमर फारूक अपने घर में नजरबंद हैं तथा फारूक व उमर अब्दुल्ला व महबूबा मुफ्ती का दावा है कि उनको घरों पर नजरबंद रखा गया है। पार्टी बैठकों की अनुमति नहीं है। हालांकि, उग्रवाद चेनाब व पीर पंजाल घाटी तक फैल गया है, पर मल्टी-एजेंसी आतंकी निगरानी समूह ने अच्छा काम करते हुए नई चुनौतियां स्वीकार की हैं। काबुल में अल जवाहिरी की हत्या तथा अलकायदा व आईएसआईएस स्लीपर सेलों की सक्रियता से समस्या गंभीर हो सकती है।

रेजीस्टेंस फ्रंट साहस व शक्ति जुटा रहा है जिसमें जैशे मुहम्मद के जिहादी शामिल हैं। राज्यपाल के शासन के चौथे वर्ष में मनोज सिन्हा ने सुरक्षा, विकास व जनता से संपर्क जैसे क्षेत्रों में प्रशासन की उपलब्धियों के बड़े-बड़े दावे किए हैं। आंकड़े 'अमृत काल' को देखते हुए शानदार हैं। केवल 2021-22 में लगभग 51,000 परियोजनायें पूरी की गई हैं तथा कनेक्टिविटी पर एक लाख करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। स्वास्थ्य, शिक्षा, पनबिजली, कृषि, रोजगार व पर्यटन में नई विकास योजनायें शुरू की जाने वाली हैं। लेकिन इन उपलब्धियों के बावजूद अलगाव बढ़ा है। समस्यायें दूर करने के लिए राज्य का दर्जा बहाल करने का आश्वासन जरूरी, लेकिन नाकाफी है।

चुनाव अभी दूर हैं तथा परिसीमन आयोग के कारण सांप्रदायिक विभाजन बढ़ा है। एनएसए अजीत डोवाल व सीओएएस जनरल बाजवा के बीच वार्ता के पश्चात 2021 में युद्धविराम हुआ, लेकिन इसके अलावा कोई परोक्ष संवाद नहीं हो रहा है। ऐसे में सवाल है कि चुनाव कब तक टाले जा सकते हैं? जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करना पहला जरूरी कदम है और इसकी घोषणा 15 अगस्त को आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान हो जानी चाहिए।

## आप की बात

### कब होगा बस अड्डों का विकास

**मुख्यमंत्री** श्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में परिवहन विभाग के कार्यक्रम में कहा कि प्रदेश मे सभी बस अड्डे एयरपोर्ट की तरह होंगे। यह एक अच्छी पहल लगती है। पर क्या वास्तव में यह पहल जमीन पर उतर पाएगी। आज की तारीख में मेरठ या किसी भी अन्य शहर के बस अड्डों को देखा जाए तो ज्यादातर की दशा दयनीय है। बरसातों में तो हाल और बुरा हो जाता है। बस अड्डों के साथ वाहनों की पार्किंग रोज एक शहर से दूसरे शहर जाने वालों के लिए बहुत ही आवश्यक है पर अधिकांश बस अड्डों के साथ दो पहिया और चार पहिया वाहनों की पार्किंग सुविधा नहीं है। अगर है भी तो जरूरत के हिसाब से बहुत कम है। सभी बस अड्डों के टॉयलेट बाथरूम सड़े पड़े रहते हैं। और जहां कुछ अड्डों में टॉयलेट बाथरूम बनाए गए हैं। वहां 10 से 20 रुपए तक मूत्र विसर्जन शौच करने के लिए जाते हैं। जो कि जनता की लूट है। मेरठ में पिछले 40 वर्षों से वैशाली बस अड्डे को शहर के बाहर करने की बात चल रही है पर आज भी बस अड्डा अपनी पुरानी जगह पर है और जाम का कारण बन रहा है। सिर्फ अखबारी घोषणाओं से हटकर वास्तविक विकास की ओर ध्यान देना होगा।

– **अतिवीर जैन**, मेरठ

### स्वागतयोग्य निर्णय

**सरकार** ने कोविड के दौरान लगी एयर फेयर पाबंदी को हटा लिया है। बता दें कि 1 अगस्त को एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमत दिल्ली में 1.21 लाख रुपये प्रति किलोलीटर थी, जो पिछले महीने के मुकाबले 14 फीसदी कम थी। पाबंदी हटाने का फैसला इन तमाम बातों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। सरकार का निर्णय स्वागत योग्य है! वैसे भी हवाई यात्रा आर्थिक रूप से सक्षम जो लोग ही करते हैं! इसमें समय की भारी बचत होती है! और हवाई यात्रा सुविधा पूर्ण होती है !वही हवाई कंपनियां बडा इन्वेस्टमेंट करने के साथ-साथ मंहगा ईंधन और हाई क्लास स्टॉफ रखने और यात्रियों को भरपूर सुविधाएं देती है! ऐसे में उन्हें अपना खर्च निकाल कर अपना मुनाफा निकाल सके इसके लिए छूट देना आवश्यक था. आपसी कॉम्पिटिशन के चक्कर में एयरलाइंस के बीच प्राइस वॉर शुरू हो जाए। लेकिन किसी भी सेक्टर में ग्रोथ की यह स्वाभाविक प्रक्रिया मानी जाती है। कुछ समय की बढ़ोतरी और गिरावट के बाद कीमतें डिमांड सप्लाई नियम के मुताबिक संतुलित हो जाएंगी। मगर कॉलेज व्यस्ततम ट्रैफिक के दौरान अनाप-शनाप किराया वसूलने की प्रवृत्ति भी हवाई कंपनियों में मौजूद है!

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### सही कहा केजरीवाल ने!

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल यूं देखा जाए तो सही कह रहे हैं कि जनता को मुफ्त में शिक्षा, स्वास्थ्य की सुविधा, पानी, बिजली देना कैसे मुक्त की रेवड़ी हो जाती है? जब देश आजाद हुआ तो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था कि सरकार भले ही अन्य वस्तुओं पर कर लगाएं, लेकिन जनता को शिक्षा, चिकित्सा सुविधा व न्याय मुफ्त में सुलभ तरीके से उपलध होना चाहिए। इस सबका खर्च सरकार को वहन करना चाहिए। यह सरकार का दायित्व है। समग्र रूप से देखा जाए तो आज आम जन की जेंब पर भार सबसे ज्यादा इन क्षेत्रों में ही पड़ रहा है। लेकिन केजरीवाल को छोड़कर कोई भी शिक्षा, चिकित्सा की बात नहीं कर रहा है। न्याय के मामले में चुप्पी सधी हुई है। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश वीएन खरे महोदय की टिप्पणी तो कोड कर गौरतलब करने योग्य है कि किसी गरीब आदमी को बिना पैसे के अदालत की और देखना भी गुनाह है। केजरीवाल जी मुफ्त शिक्षा, चिकित्सा पर वजनदार बात कर रहे हैं।

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**आर्थिक** सुधार की शक्ति मजबूत परिदृश्य बनाती है, हम सभी क्षेत्रों में तेज वृद्धि के लिए तैयार हैं।

– **निर्मला सीतारमण**
वित्त मंत्री



**वित्तमंत्री** का यह कहना ठीक है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में मंदी नहीं होगी क्योंकि यह पहले ही हो चुका है।

– **सुब्रमण्यम स्वामी**
भाजपा नेता



**भाजपा** के लिए पालाबदल कराना एक कल्याणकारी उपाय है क्योंकि इससे पालाबदल करने वालों का स्तर ऊंचा होता है।

– **पी. चिदम्बरम**
कांग्रेस नेता

# 28 हजार से ज्यादा परिवारों ने उठाया सीएम दानपात्र योजना का लाभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ


**योगी** सरकार की सीएम दानपात्र योजना (दान के विलेखों) का प्रदेशवासी जमकर लाभ उठा रहे हैं। योजना के आते ही बड़ी संख्या में लोग रजिस्ट्री ऑफिस में अपनी पैतृक संपत्ति हस्तांतरित कराने पहुंच रहे हैं। महज एक माह में प्रदेश में करीब 28 हजार से अधिक परिवारों ने सीएम दानपात्र योजना का लाभ उठाया। वहीं योगी सरकार को इस योजना से अब तक करीब 100 करोड़ से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। राजस्व विभाग के अनुसार योजना के बाद से दान के विलेखों के मामलों में 329 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दानपात्र योजना लोगों के लिए अमृत साबित हुई है। राजस्व विभाग की मानें तो योजना से पहले

## ● योजना लागू होते ही संपत्ति हस्तांतरण में 329 प्रतिशत की हुई वृद्धि

प्रदेश भर में गिनती के लोग ही अपनी पैतृक संपत्ति हस्तांतरित कराते थे, इसकी बड़ी वजह संपत्ति हस्तांतरण में उन्हें मोटी रकम देनी होती थी। ऐसे में कई पीढ़ी बीतने के बाद भी लोग आर्थिक तंगी के चलते अपनी पैतृक संपत्ति हस्तांतरित नहीं कराते थे। वहीं योजना के आने से स्टांप शुल्क में दी गई छूट के बाद लगातार इसमें अप्रत्याशित वृद्धि हो रही है। 15 जून को योगी कैबिनेट ने स्टांप और रजिस्ट्रेशन विभाग पर नया प्रस्ताव मंजूर करते हुए अपनी संपत्ति परिवार के ही किसी सदस्य के नाम कराने के लिए (दान के विलेखों) महज 5 हजार रुपये के स्टांप पर रजिस्ट्री की सुविधा दी थी। इसके अलावा आवेदनकर्ता को एक हजार रुपये प्रोसेसिंग फीस देनी होती है। इस योजना का प्रदेश के करीब 28 हजार से अधिक परिवार फायदा उठा चुके हैं जबकि सरकार को 100 करोड़ से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है।

### कम होंगे संपत्ति से संबंधित परिवारिक विवाद

सीएम दानपात्र योजना का भविष्य में एक सबसे बड़ा फायदा यह भी होगा कि योजना से पैतृक संपत्ति से संबंधित परिवारिक विवाद में काफी गिरावट आएगी। साथ ही एक पिता अपने जीवन काल में ही अपनी संपत्ति को अपने पुत्र या पुत्री को हस्तांतरित कर सकेगा। इससे पिता की मृत्यु के बाद भाई-भाई एवं परिवार के अन्य सदस्य के बीच संपत्ति के हस्तांतरण को लेकर चल रहा विवाद खत्म होगा। इसके साथ ही कोई भी विवाहित बेटी अपने मर्जी से भाई-बहन के हक में कम स्टांप शुल्क अदा कर संपत्ति हस्तांतरित कर सकेगी। मालूम हो कि सभी प्रकार की रजिस्ट्री पर सर्किल रेट के तहत स्टाम्प शुल्क वसूला जाता है। इस कारण परिवार के सदस्य जरूरी होने पर ही संपत्ति की रजिस्ट्री कराते हैं, ताकि वे भारी भरकम स्टाम्प शुल्क से बच सकें। यदि किसी को अपनी पैतृक संपत्ति हस्तांतरित करानी होती थी तो उसे अपनी संपत्ति की कीमत का कुल दस प्रतिशत स्टांप शुल्क देना होता था। उदाहरण के तौर पर 50 लाख की संपत्ति को हस्तांतरित कराने पर पांच लाख रुपये का स्टांप शुल्क देना पड़ता था। वहीं अब योजना के आने से महज 6 हजार रुपये में संपत्ति हस्तांतरित हो जाएगी। इस योजना के तहत छूट पाने वालों में परिवार के सदस्य, जैसे पिता-माता, पति-पत्नी, बेटा, बेटी, बहू, दामाद, सगा भाई, सगी बहन और उनके बच्चे भी शामिल हैं।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष आर पी सिंह ने भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने आयोग की आय से 50 करोड़ रुपये राजकोष में जमा किए जाने के लिए प्रतीकात्मक चेक सीएम को सौंपा।

## जिला उद्यान अधिकारी कानपुर देहात निलम्बित

**लखनऊ।** उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने जिला उद्यान अधिकारी बल्देव प्रसाद को योजनाओं के संचालन एवं अनुश्रवण में उदासीनता व लापरवाही बरतने तथा गम्भीर वित्तीय अनियमितता एवं शासकीय धन के दुरूप्रयोग करने जैसे गम्भीर मामले को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें निलम्बित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की कानून व्यवस्था तथा भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टालरेन्स नीति अपनाई गयी है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए जिला उद्यान अधिकारी कानपुर देहात बल्देव प्रसाद को लापरवाही तथा वित्तीय अनियमितता जैसे गंभीर आरोपों के चलते निलम्बित करने का निर्णय लिया गया। इसके अनुपालन में प्रमुख सचिव उद्यान राजेश कुमार सिंह ने आवश्यक आदेश जारी कर दिया है। निलम्बन अवधि में श्री बल्देव प्रसाद निदेशालय मुख्यालय उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग से संबंद्ध रहेंगे। उल्लेखनीय है कि बल्देव प्रसाद के जनपद चित्रकूट में तैनाती के दौरान वित्तीय वर्ष 2021.22 में उक्त अनियमिततायें बरती गई थी। वर्तमान में प्रसाद जिला उद्यान अधिकारी के पद पर जनपद कानपुर देहात में तैनात हैं।

# रक्षाबंधन पर भी पर्याप्त संख्या में नहीं चलाई गईं बसें: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि इससे ज्यादा शर्मनाक और क्या हो सकता है कि रक्षाबंधन जैसे पवित्र पर्व पर भी महिलाएं भाजपा सरकार की अक्षम्य लापरवाही और अव्यवस्था की शिकार होने से नहीं बच सकीं। करोड़ो के प्रचार के बावजूद परिवहन सेवाएं बदहाल रहीं। कानून के रक्षक महिला पर भक्षक बनकर टूट पड़े। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन के पर्व पर बहनें भाइयों को राखी बांधने जाती है। भाजपा सरकार ने महिलाओं को फ्री बस यात्रा का भरोसा दिया था। लेकिन परिवहन विभाग और भाजपा सरकार की नाकामी के चलते महिलाएं घोर अव्यवस्था की शिकार हुई। पर्याप्त संख्या में बसें नहीं चलाई गई। महिलाएं घंटो-घंटो इन्तजार कर जब थक गई तो डग्गामार बसों, ट्रालियों में भरकर गई। बुलंदशहर में तो जान जोखिम में डालकर बसों की छतों पर बैठकर महिलाओं को यात्रा करते देखा गया। सिकंदराबाद, बांदा में महिलाएं सुबह से शाम तक बसों का इंतजार करती रह गई। अखिलेश ने कहा कि परिवहन सेवाओं की अव्यवस्था से महिलाएं परेशान रहीं तो कानून व्यवस्था के रखवालों के निकम्मेपन के चलते व्यस्त सड़कों पर आवास पशु और सांड घूमते रहे, जिनके हमलों से कई परिवारों में त्योहार की खुशी मातम में बदल गई। शिकोहाबाद में



सांड से टकराकर वाहन सवार महिला की मृत्यु हो गई। वह ससुराल से मायके भाई को राखी बांधने जा रही थी। उसके दो बच्चे घायल होकर अस्पताल में है। नोएडा में भाई को राखी बांधने जा रही 8 वर्ष की मासूम बच्ची की आवारा पशु के हमले से मृत्यु हो गई। नोएडा क्षेत्र में 15 अप्रैल, 28 अप्रैल, 30 मई और 18 जुलाई को भी आवारा पशुओं के हमले में कई जाने जा चुकी हैं पर इन पर कोई नियंत्रण नहीं है। आवारा पशु जनजीवन के लिए खतरा साबित हो रहे हैं। सपा अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के साथ महिलाओं के मान सम्मान पर बड़े-बड़े बयान देते रहते है पर उनके ही राज में थानों में भी महिलाएं यहां तक कि महिला सिपाही भी सुरक्षित नहीं है। एटा के अलीगंज थाने में तैनात दारोगा ने महिला सिपाही से छेड़छाड़ कर खाकी को फिर शर्मसार किया है। उन्होंने कहा कि सच तो यह है कि भाजपा 0.2 सरकार का प्रशासनतंत्र पर कोई नियंत्रण नहीं रह गया है। उनकी टीम-9 भी अप्रासंगिक हो चली है। हर तरफ लूट, अव्यवस्था और भ्रष्टाचार का बोलबाला है। भाजपा की इस सरकार में समाज का हर वर्ग दुखी है और जल्द से जल्द इससे निजात पाना चाहता है।

## आजम खान मेदांता अस्पताल से डिस्चार्ज



**लखनऊ।** फेफड़ों में संक्रमण की शिकायत पर मेदान्ता अस्पताल में भर्ती सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान को शुक्रवार को अस्पताल प्रशासन ने डिस्चार्ज कर दिया। अस्पताल के निदेशक डा. राकेश कपूर के मुताबिक आजम खान को बीते चार अगस्त को फेफड़े के न्युमोनिआ और सांस लेने में तकलीफ के कारण मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ के क्रिटिकल केयर यूनिट में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था, आवश्यक जांचो के बाद उनको क्रिटिकल केयर टीम की निगरानी में रखा गया था। आज उनकी तबियत में सुधार को देखते हुए उनको हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर दिया गया, वह अब पूरी तरह स्वस्थ है।

# जनसुनवाई एप पर 3.6 करोड़ शिकायतों का निस्तारण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार का जनसुनवाई-समाधान पोर्टल लोगों के लिये खासा मददगार साबित हो रहा है। इस पोर्टल के माध्यम से सरकार न सिर्फ प्रदेश की जनता की शिकायतों और उनकी समस्याओं को सुन रही है, बल्कि इनका तेजी से निस्तारण भी किया जा रहा है। पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार शुरुआत से अब तक पोर्टल पर 3.6 करोड़ से ज्यादा शिकायतों को सुलझाया जा चुका है।

प्रदेश की सरकार का यह कदम गुड गवर्नेंस के लिए किए गए अनेक उपायों में से एक है। सरकार अपने स्तर से भी और जनता की शिकायतों के आधार पर भी हर तरह के भ्रष्टाचार और अव्यवस्था को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी को ध्यान में रखते हुए इस पोर्टल की परिकल्पना की गई थी। इस पोर्टल के माध्यम से आमजन सरकार के किसी विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार या शिकायत को दर्ज करा सकता है। एक बार जनसुनवाई पर शिकायत दर्ज होने के बाद संबंधित विभाग समस्या का निवारण निर्धारित समय के तहत कर देता है। प्रदेश के जिन लोगों का किसी सरकारी विभाग से संबंधित कोई कार्य नहीं हो रहा है तथा कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, वह यूपी जनसुनवाई पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कर सकता है। संबंधित विभाग कम से कम समय में आपकी समस्या का निवारण करेगा और जब तक आपकी समस्या का निवारण नहीं होता तब तक आनलाइन माध्यम से यूपी जनसुनवाई कंप्लेंट स्टेटस देख सकते हैं। जनसुनवाई की सुविधा को आगे बढ़ाते हुए सरकार ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 भी शुरू किया है। सरकार से पहले तक उत्तर प्रदेश में शासन करने वाली सरकारों में इस तरह की कोई व्यवस्था नहीं थी। योगी सरकार ने सत्ता में आने के बाद जनता के हितों के लिए तमाम नीतियां बनाने के साथ-साथ लोगों को सरकारी विभागों में होने वाली समस्याओं से निजात दिलाने का फैसला किया। सरकार की कोशिश है कि प्रदेश में आपराधिक घटनाओं पर रोक लगे और सरकारी कामकाज में पारदर्शिता आए। इस पोर्टल के माध्यम से इन दोनों ही क्षेत्रों में सरकार ने उल्लेखनीय प्रगति की है।

पोर्टल के साथ ही सरकार ने जनसुनवाई एप को भी जनता को समर्पित किया है। इसके माध्यम से शिकायत पंजीकरण,शिकायत की स्थिति, नियत समय पर कार्यवाही न होने पर अनुस्माकर भेजने के अलावा अपनी प्रतिक्रिया देने की भी सुविधा है। एप पर दर्ज संख्यात्मक डेटा के अनुसार 3 करोड़ 67 लाख 26 हजार 698 संदर्भ प्राप्त हुए जिनमें 3 करोड़ए 62 लाखए 81 हजार 79 संदर्भ निस्तारित कर दिए गए।

## यमुना नदी में नाव डूबने से मरने वालों के परिजनों को चार-चार लाख की मदद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने बांदा में यमुना नदी में नाव डूबने से मरने वालों के प्रति गहरा शोक जताया है और मरने वालों के परिजनों को चार-चार लाख रूपये की आर्थिक मदद दिये जाने के निर्देश दिये है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान तथा जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद को दुर्घटना स्थल पर जाकर बचाव एवं राहत कार्यों के निरीक्षण के निर्देश दिये हैं।

## भाजपा अवध क्षेत्र के अध्यक्ष के निधन पर सीएम ने जताया शोक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनता पार्टी अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष शेष नारायण मिश्रा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शान्ति की कामना करते हुए परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

## नवगठित नगर पंचायत बंथरा में सपा का हर घर तिरंगा अभियान शुरू



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के दिशा-निर्देश पर आज सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत बंथरा में निवर्तमान जिला अध्यक्ष जय सिंह जयंत एवं निवर्तमान जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान के नेतृत्व में हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों स्थानीय लोगों ने तिरंगा-यात्रा में शामिल होकर प्रत्येक घरों पर तिरंगा झंडा लगाया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी, सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के निवर्तमान अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव, विनोद शुक्ला, निवर्तमान ग्राम प्रधान औरावां, अनिल पासी, शशिलेंद्र यादव समेत कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अब्बास अंसारी के खिलाफ कुर्की नोटिस जारी करने की अर्जी खारिज, जारी है गिरफ्तारी वारंट

विधि संवाददाता। लखनऊ

**एमपी.एमएलए** कोर्ट के विशेष एसीजेएम अम्बरीष कुमार श्रीवास्तव ने लखनऊ से जारी असलहे का लाइसेंस बगैर सूचना दिए नई दिल्ली के पते पर स्थानांतरित कराने के मामले में मुल्जिम अब्बास अंसारी के खिलाफसीआरपीसी की धारा 82 के तहत कुर्की की नोटिस जारी करने की अभियोजन की अर्जी खारिज कर दी है। बीते 14 जुलाई को उन्होंने मुल्जिम अब्बास अंसारी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आदेश दिया था। उन्होंने थानाध्यक्ष महानगर को निर्देश दे रखा है कि वह वारंट का निष्पादन सुनिश्चित कर अदालत को अवगत कराएं। पूर्व विधायक मुख्तारी अंसारी के पुत्र अब्बास अंसारी मऊ से विधायक निर्वाचित हुए हैं। मामले की अगली सुनवाई 25 जुलाई को होगी। 24 दिसंबरए 2020 को इस मामले में मुल्जिम अब्बास अंसारी के खिलाफ आईपीसी की धारा 420ए 467ए 468 व 471 के साथ ही शस्त्र अधिनियम की धारा 30 के तहत आरोप पत्र दाखिल किया गया था। 12 अक्टूबर 2019 को इस मामले की एफआईआर प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने थाना महानगर में दर्ज कराई थी। वर्ष 2012 में लखनऊ के जिलाधिकारी ने अब्बास अंसारी के नाम डीबीबीएल गन का लाइसेंस जारी किया था। अब्बास अंसारी ने इस लाइसेंस को नई दिल्ली के पते पर स्थानांतरित करा लिया लेकिन इसकी पूर्व सूचना थाना महानगर को नहीं दी। जिसकी वजह से एक ही शस्त्र दो राज्यों में अलग अलग लाइसेंस व यूआइडी पर एक साथ अंकित हुआ। अब्बास का यह कृत्य धोखाधड़ी तथा शस्त्र का अवैधानिक प्रयोग करने की मंशा को प्रदर्शित करता है। साथ ही दिल्ली में गन के एक लाइसेंस पर अन्य शस्त्र भी अनाधिकृत रुप से खरीदा जाना प्रतीत होता है। विवेचना के दौरान पुलिस ने दो राइफल, तीन 12 बोर का गन, एक रिवाल्वर व एक पिस्टल के साथ ही विभिन्न बोर के चार हजार 431 कारतूस व मैगजीन आदि बरामद किए।

## बोर्डिंग स्कूल में पढ़ सकेंगे श्रमिकों के बच्चे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी में** अब श्रमिकों के बच्चे बोर्डिंग स्कूल में पढ़ने जायेंगे। मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल अटल आवासीय विद्यालय फतेहपुर सीकरी क्षेत्र के कौरई गांव में बनाया जा रहा है। आगरा में 71.15 करोड़ की लागत से अटल आवासीय विद्यालय निर्माण कार्य किया जा रहा है। निर्माणाधीन यह विद्यालय एक हजार छात्र-छात्राओं की क्षमता वाला होगा। इसमें शिक्षण कार्य के अलावा छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास भी बनाए जाएंगे। अटल आवासीय विद्यालय में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा ग्रहण कराई जाएगी। नवोदय विद्यालय की तर्ज तैयार हो रहे इन विद्यालयों में श्रम विभाग में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को स्तरीय शिक्षा प्रदान की जाएगी, ताकि वह भी समाज की मुख्यधारा के साथ मिलकर देश के विकास में अपना योगदान दे सकें। आगरा के फतेहपुर सीकरी क्षेत्र के कौरई गांव में बन रहे अटल आवासीय विद्यालय का निर्माण मई 2021 में शुरू हुआ था। इसका निर्माण तेजी से चल रहा है। उम्मीद है कि अक्टूबर माह के अंत तक भवन बनकर तैयार हो जाएगा। इस आवासीय विद्यालय में निर्माण श्रमिकों के 6 से 14 वर्ष तक की आयु वर्ग के बच्चों को प्राथमिक, जूनियर हाईस्कूल और माध्यमिक शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराते हुए गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान की जाएगी। इनका चयन काउंसलिंग के आधार पर होगा। अटल आवासीय विद्यालय में 4 पूर्णकालिक अध्यापक, 3 अंशकालिक अध्यापक, एक वार्डेन, एक लेखाकार, 4 चौकीदार, चपरासी, एक रसोईया एवं एक सहायक रसोईया होंगे। सरकार श्रमिक श्रेणी के लोगों को योजना के तहत एक सुनहरा अवसर प्रदान कर रही जिससे वह स्थायी रूप से एक जगह से शिक्षा को प्राप्त करके अपने भविष्य की राह को आसान बना सकते है। योजना के अंतर्गत जिन श्रमिक परिवारों का श्रम विभाग में पंजीकरण है, उन्हें योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा। विद्यालयों में छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ाया जाएगा। छात्र अपनी पसंद के खेलों में भाग ले सकेंगे। इसमें छात्रों का चयन काउंसलिंग के आधार पर किया जाएगा। प्रदेश के 18 मंडलों में अटल आवासीय विद्यालय खोले जायेंगे। आगरा मंडल के आगरा अलावा झांसी मंडल के ललितपुर देवीपाटन मंजल के गोणडा आजमगढ़ मंडल के आजमगढ़ मेरठ के बुलन्दशहर लखनऊ मंडल के लखनऊ कानपुर मंडल के कानपुर नगर प्रयागराज मंडल के प्रयागराज सहारनपुर मंडल के मुजफ्फरनगर मिर्जापुर मंडल के सोनभद्र बस्ती मंडल के बस्ती अलीगढ़ मंडल के अलीगढ़ अयोध्या मंडल के अयोध्या चित्रकुटधाम मंडल के बांदा बरेली मंडल के बरेली मुरादाबाद मंड़ल के मुरादाबाद गोरखपुर मंडल के गोरखपुर और वाराणसी मंडल के वाराणसी जिले में निर्माणाधीन है।

## सभी जिलों में होगा खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आजादी** की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर कल से शुरू हो रहे तीन दिवसीय जश्न में योगी सरकार ने बड़े स्तर पर मनाने की तैयारी की है। हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से हर वर्ग, हर तबके को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, वहीं युवाओं की भागीदारी को भी सुनिश्चित किया गया है। इसके लिए खेल का माध्यम चुना गया है। खेल निदेशालय की ओर से सभी मंडलों के क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारियों और प्रभारी क्रीड़ा अधिकारियों को इस संबंध में एक पत्र जारी किया जा चुका है। पत्र में 15 अगस्त के दिन प्रत्येक जिले में खेल प्रतियोगिताएं कराने के निर्देश दिए गए हैं। किस जिले में कौन सा खेल आयोजित कराया जाएगा, यह संबंधित जिले के जिलाधिकारी तय करेंगे। खेल उप निदेशक आरएन सिंह ने इस संबंध में बताया कि सभी जिलों में अनिवार्य रूप से खेल प्रतियोगिताएं कराने का निर्देश है। किस जिले में कौन से खेल की प्रतियोगिता होगीए यह जिलाधिकारी तय करेंगे। आमतौर पर जिस जिले में जो खेल ज्यादा खेला जाता हैए जिसके खिलाड़ी और कोच ज्यादा होते हैंए उसी का आयोजन कराया जाता हैए ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी सुनिश्चित हो इसकी मंजूरी दी जाती है। गौरतलब है कि बीते कुछ वर्षों में परंपरा के अनुसार सभी जिलों में क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया जाता रहा हैए लेकिन आजादी की 75वीं वर्षगांठ को वृहद स्तर पर मनाने का फैसला किया गया है इसलिए प्रयास है कि प्रत्येक जिले में अधिक से अधिक युवा इसमें भागीदारी करें। प्रदेश के 18 मंडलों में निदेशालय का कार्यभार देख रहे सभी प्रभारियों को भेजा गया है। जहां 8 मंडलों में क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी के पास प्रभार है तो वहीं, 10 मंडलों की जिम्मेदारी क्रीड़ा अधिकारियों के पास है।

# छह जनपदों में सामान्य सुविधा केंद्र का जल्द होगा लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एक जिला** एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के तहत मुरादाबाद, सीतापुर, लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर, अयोध्या एवं बिजनौर में 57.27 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सामान्य सुविधा केन्द्र (सीएफसी) का शीघ्र ही लोकापर्ण होगा। सीएफसी में कारीगरों को एक छत के नीचे व्यवसाय से जुड़ी तमाम प्रकार की सुविधाएं मिलेंगी तथा रोजगार के अतिरिक्त अवसर भी सृजित होंगे। जनपद आजमगढ़, सीतापुर, सिद्धार्थनगर, अम्बेडकर नगर एवं आगरा में सीएफसी का लोकापर्ण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के 17 जनपदों में सीएफसी स्थापना की कार्यवाही विभिन्न चरणों में है। यह जानकारी अपर मुख्य सचिव सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम डॉ. नवनीत सहगल ने दी। उन्होंने बताया कि जनपद मुरादाबाद में ओडीओपी उत्पाद धातु शिल्प के लिए 994.13 लाख रुपये की लागत से सीएफसी स्थापित कराई गई है। सहारनपुर में लकड़ी पर नक्काशी

## ● कारीगरों को एक छत के नीचे मिलेंगी व्यवसाय से जुड़ी तमाम प्रकार की सुविधाएं

## ● रोजगार के अतिरिक्त अवसर भी सृजित होंगे: डॉ. नवनीत सहगल

उत्पाद से जुड़े कारीगरों के लिए 990.11 लाख रुपये की लागत से सीएफसी का निर्माण कराया गया है। इसी प्रकार जनपद लखनऊ में ओडीओपी उत्पाद चिनकारी एवं जरी.जरदोजी के लिए 388.53 लाख रुपये, गौतमबुद्ध नगर में रेडीमेड गारमेंट हेतु 1450.20 लाख रुपयेए अयोध्या में ओडीओपी उत्पाद गुड हेतु 993.42 लाख रुपये तथा बिजनौर में ओडीओपी प्रोडेक्ट काष्ट कला के लिए 910.63 लाख रुपये की लागत से सामान्य सुविधा केन्द्र की स्थापना कराई गईं है। डॉ. सहगल ने बताया



कि प्रदेश के हर जिलें में कोई न कोई उत्पाद अपनी पहचान एवं पारंपरिक विशिष्टिता के लिए जाने जाते हैं। इन उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ओडीओपी योजना शुरू की गई है।

इस योजना के तहत कारीगरों एवं उद्यमियो की सुविधा हेतु प्रदेश के प्रत्येक जनपद में कम से कम एक सीएफसी स्थापित कराये जाने का लक्ष्य है। सीएफसी में कारीगरों एवं उद्यमियों को स्थानीय स्तर पर टेस्टिंग लैबए डिजाईन डेवलपमेंट एण्ड टेर्निंग सेंटरए तकनीक अनुसंधान एवं विकास केन्द्र, उत्पाद प्रदर्शन सह विक्रय केन्द्र, रॉ.मैटिरियल बैंक, कामन प्रोडक्शन एवं प्रोसेसिंग सेंटर, कामन लाजिस्टिक सेंटर, पैकेजिंग, लेबलिंग एवं बारकोडिंग सहित तमाम प्रकार सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने बताया कि सीएसफ प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत सामान्य सुविधा केन्द्र की स्थापना हेतु 15 करोड़ रुपये तक की परियोजनाएं ली जा सकती है।

### स्वतंत्रता दिवस पर 1500 कारीगारों को किया जाएगा मास्टर मोल्ड्स डाई का वितरण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**दीपावली** के पर्व पर स्थानीय कारीगरों द्वारा निर्मित श्री लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों के भारी मांग को दृष्टिगत रखते हुए आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश के समस्त जनपदों में 1500 कारीगरों को मास्टर मोल्ड्स डाई का वितरण किया जायेगा। इससे विदेशी मूर्तियों की प्रतिस्पर्धा में प्रदेश के माटीकला कारीगर गुणवत्तापरक एवं आकर्षक मूर्तियों का निर्माण कर सकेंगे।

अपर मुख्य सचिव, खादी एवं ग्रामोद्योग डॉ. नवनीत सहगल न बताया कि चयनित कारीगरों को ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्रों पर मास्टर मोल्ड्स डाई से वर्किंग मोल्ड तैयार करने एवं वर्किंग मोल्ड्स से टेराकोटा मिट्टी मूर्तियों के निर्माण, उनको पकाने, रंगने एवं पैकिंग का अत्याधुनिक प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष दीपावली के अवसर पर प्रदेश के 75 जनपदों में 3 दिवसीय तथा लखनऊ में 10 दिवसीय माटीकला मेला का आयोजन किया जायेगा। माटीकला मेले में लगभग 300 लाख रुपए के उत्पादों की बिक्री की सम्भावना है।

डॉ. सहगल ने बताया कि उप्र माटीकला बोर्ड के गठन के बाद से अब तक प्रदेश में परम्परागत रूप से माटीकला संबंधी कार्य कर रहे 46737 कारीगर परिवारों को चिन्हित करते हुए 27799 परिवारों को कुम्हारी कार्य के लिए मिट्टी निकालने हेतु पट्टा आवंटन कराया जा चुका है। इसी क्रम में अब तक 8190 विद्युत चालित चॉक वितरित कराए जा चुके हैं, जिससे 24570 रोजगार सृजन हुआ है। साथ ही परम्परागत कारीगरों के 10-10 परिवारों के समूहों में 71 मिट्टी गूथने की विद्युत चालित मशीन (पगमिल) का वितरण कराया जा चुका है। इसके फलस्वरूप माटीकला कारीगरों की औसतन प्रति परिवार आय 7500 रुपए से बढ़कर 22500 रुपए प्रतिमाह अर्थात् तीन गुना बढ़ गई है।

## राज्यपाल ने राजभवन से तिरंगा रैली को किया रवाना



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजभवन** के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आजादी के अमृत महोत्सव तथा 75वीं वर्षगांठ के पुनीत अवसर पर आज राजभवन लखनऊ से तिरंगा रैली निकाली, जिसका शुभारम्भ राजभवन के गेट नम्बर 2 से राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने किया। ये तिरंगा रैली हजरतगंज होते हुए शहीद स्मारक पहुंची, वहां से कैसरबाग चौराहा, बापू भवन होते हुए राजभवन के गेट नम्बर 8 पर समाप्त हुई। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि यह सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक जन आंदोलन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुए इस अभियान को लेकर लोगों के दिलो-दिमाग में जोश और उत्साह नजर आ रहा है। लोग इस राष्ट्रीय आंदोलन में अपना योगदान देने के लिए समर्थन दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राजभवन के अधिकारी तथा कर्मचारी आज के दिन ये प्रण करें कि वे जिस पद का दायित्व सम्हाल रहे हैं उस पर अपना सर्वोत्तम योगदान देकर अपने प्रदेश एवं देश को विकास के सर्वोच्च शिखर पर ले जाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि करो या मरो, अंग्रेजों भारत छोड़ो जैसे आन्दोलनों ने स्वतंत्रता आन्दोलन की जो अलख जगायी थी उसी का परिणाम था कि हमें सन 1947 में आजादी मिली।

# तिरंगा यात्रा को विधायक ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## ● हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान को लेकर किया जागरूक

संवाददाता। सिधौली सीतापुर

**शासन के** आदेश पर ग्रामीण जनता को जागरूक करने के लिए बृहस्पतिवार को विकासखंड सिधौली में बीआरसी बाड़ी के अधिकारियों व कर्मचारियों ने तिरंगा यात्रा को निकाल कर जन जागरण किया हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान को लेकर नागरिकों को जागरूक करने के लिए बीआरसी मुख्यालय से मुख्य अतिथि विधायक मनीष रावत व खंड शिक्षा अधिकारी उमेश कुमार गौतम व सहायक लेखाकार राहुल सिंह ने तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया बीआरसी के कर्मचारी, शिक्षक व शिक्षकाओ ने मोटरसाइकिल तिरंगा



यात्रा निकाली तिरंगा प्यारा के आगे आगे डीजे पर बज रहे आजादी के राष्ट्रगीतो ने नगर व ग्रामीण क्षेत्रों की राहों में एक समां बांध दिया तिरंगा मोटरसाइकिल यात्रा बीआरसी बाड़ी से चलकर सिधौली नगर होते हुए मनवा तिराहे से वापस तहसील चौराहा होते हुए पुनःबाड़ी बीआरसी पर वापस आकर संपन्न हुई इस दौरान उमेश कुमार सिंह, रोहित तिवारी, सुरेश मिश्रा, पीयूष राठौर, उदय प्रताप सिंह,इमरान गाजी, अरविंद जायसवाल, अमित सिंह, हर्षित मिश्रा, संतोष सिंह, आतिफ खान, अरशद, सौरभ कुमार सिंह, हरिओम शुक्ला, मनोज शुक्ला, ब्रजमोहन, रेनू वर्मा, ममता जैन, लक्ष्मी, मृदुला यादव आदि सैकड़ो की संख्या में शिक्षक परिवार मौजूद रहा।

## भाजयुमो के पदाधिकारियों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**तहसील** स्थित पक्का तालाब तीर्थ से नगर के विभिन्न मार्गों पर भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई। बताते चलें भाजपा युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष विनीत जयसवाल के नेतृत्व में भाजपाइयों ने नगर के विभिन्न मार्गों से होकर भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जिसमें भारत माता की जय, वंदे मातरम के गगनभेदी नारे लगाए गए। बाइक पर सवार हाथों में तिरंगा लेकर भाजपा युवा मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ता घर-घर तिरंगा अभियान के तहत लोगों को तिरंगा लगाने की अपील करते नजर आए। इस मौके पर मुख्य रूप से भाजपा नगर अध्यक्ष रामे बाजपेई , नगर महामंत्री भाजयुमो व तिरंगा यात्रा संयोजक देवेश अवस्थी, जिला मंत्री भाजयुमो मयंक टंडन, पूर्व नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, सूरज जायसवाल, अश्विनी शर्मा, सत्यम नाग, सौरभ नाग, कैफ, संस्कार मिश्रा, सूर्यांश सैनी, विशाल निगम, निर्भय पांडेय , राजन नाग, विवेक पुरी, अभिषेक गुप्ता, राजकुमार राज, सलमान जैदी, मोहम्मद शोएब , ऋषभ अवस्थी व अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता सम्मिलित रहे व सुरक्षा की दृष्टि से नगर चौकी प्रभारी जय प्रकाश यादव सहित भारी संख्या में पुलिस फोर्स भी मौजूद रहा।

## तिरंगा हमारी शान है, देश की पहचान है



**घर-घर** तिरंगा फहराने के उद्देश्य से गुरुवार सुबह जन जागरूकता रैली का आयोजन राजेश्वरी कन्या इंटर कॉलेज मिश्रिख सीतापुर की छात्राओं के द्वारा किया गया आपको बता दें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आवाहन पर 75वें आजादी के महोत्सव को उत्सव के रूप में मनाने के लिए पूरे देश में घर-घर तिरंगा फहराने का आवाहन किया गया है जिसके अंतर्गत राजेश्वरी कन्या इंटर कॉलेज मिश्रिख सीतापुर की छात्राओं द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए कस्बे में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया इस मौके पर केयर टेकर प्रमोद वैश्य प्रधानाचार्य शोभा चतुर्वेदी, नीतू श्रीवास्तव, रेखा श्रीवास्तव, आलोक कुमार वर्मा, रति श्रीवास्तव ,अलका श्रीवास्तव, रिचा मिश्रा, गौरी मिश्रा, दीक्षा मिश्रा, सारिका मिश्रा, मोहित मिश्रा, विकास, जीतेंद्र, अरुण यादव, शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## सदर तहसील परिसर में फहराया 120 मीटर लम्बा तिरंगा




**आजादी** का अमृत महोत्सव अन्तर्गत आजादी का 75 वें स्वतत्रंता दिवस, स्वतंत्रता सप्ताह एवं हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत जिलाधिकारी के निर्देशन में तहसील सदर परिसर में 120 मीटर लम्बा तिरंगा तहसील परिसर में लहराया गया। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में 120 मीटर लम्बा तिरंगा लहराये जाने से पूरा तहसील परिसर तिरंगे से सराबोर हो गया। उक्त कार्यक्रम तहसीलदार ज्ञानेन्द्र द्विवेदी, नायब तहसीलदार सुखबीर सिंह एवं तहसील के सभी कर्मचारियों द्वारा आयोजित किया गया। सभी कर्मियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। जिसमें सभी ने तिरंगें को लहराते हुये जनपद के सभी नागरिकों से अपील की कि इस अभियान के तहत अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित करते हुये इस अभियान में शामिल होने की अपील करें।

### फिरोजाबाद नगर निगम चुनाव के प्रभारी बनाए गए राकेश राठौर

# मजबूती के साथ नगर निगम चुनाव लड़ेगी सपाः राकेश राठौर

## ● सपा की नीतियों को जनजन तक पहुंचाने की पूर्व विधायक ने कही बात

**सीतापुर।** सीतापुर सदर के पूर्व विधायक व सपा के वरिष्ठ नेता राकेश राठौर को फिरोजाबाद के नगर निगम चुनाव का प्रभारी बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने उनके घर पहुंचकर उनका स्वागत किया। पूर्व विधायक राकेश राठौर ने कार्यकर्ताओं से कहा कि समाजवादी पार्टी एक विचार धारा है जो हर कार्यकर्ता को साथ लेकर चलती है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के दम पर नगर निगम चुनाव में सपा का परचम लहराएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार बढ़ गया है, जिसें समाजवादी पार्टी आगे चलकर समाप्त करेंगी। उन्होंने कहा कि बिहार में जो हुआ है वही लोकतंत्र है अब भाजपा को सब जान गए है। पूर्व विधायक राकेश राठौर ने फिरोजबाद का प्रभारी बनने के बाद पायनियर से कहा कि भाजपा सरकार ने सिर्फ अभी तक जुमले ही किए है इसीलिए बिहार का गठबंधन टूटा है।

# पीएसी बैंड ने बजाई देश भक्ति की धुन



**लखीमपुर खीरी।** गुरुवार की शाम आजादी का अमृत महोत्सव पर कंपनी बाग में भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। नगर के कंपनी बाग में गांधी प्रतिमा के समक्ष डीएम महेंद्र बहादुर सिंहए एसपी संजीव सुमनए एडीएम संजय सिंह व एएसपी अरुण सिंह ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

पीएसी के हाफ ब्रास बैंड ने सायंकाल कंपनी बाग में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष में देश भक्ति से ओतप्रोत मधुर धुनें बजाई तथा राष्ट्रगान और बैंड का प्रस्तुतीकरण किया। लोगों ने रुक कर पीएसी बैंड के द्वारा बजाई जा रही धुनों व गान का आनंद लिया। इस मौके पर प्रशासनिक पुलिस अधिकारी एवं लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# धमाके के बाद ट्रांसफार्मर में लगी आग

**मोहम्मदी खीरी।** आज पूरे नगर में उस समय हड़कंप मच गया जब शाहजहांपुर रोड पर स्थित विद्युत उप केंद्र में आग लग गई। लोग आसमान तक उठाता काला धुआं देखकर विद्युत उपकेंद्र की ओर भागने लगे।वहां जाकर पता लगा के 33ध्11 ग्रामीण क्षेत्र को विद्युत सप्लाई करने वाले कंट्रोल रूम में धमाका हुआ और उसके बाद बाहर लगे 11 एमबीए के ट्रांसफार्मर ने आग पकड़ ली। आग की लपटें और धुआं इतनी ऊंचाई तक जा रहा था कि हजारों लोग वहां जमा हो गए। तत्काल दमकल को फोन किया गया लेकिन दमकल आग बुझाने में असमर्थ रही। इसके बाद नगर पालिका परिषद से टैंकर भेजा गया और पास के सिख किसानों ने अपने ट्रैक्टर और स्प्रे करने वाले टैंकरों से चारों तरफ से पानी की बौछार शुरू की। इससे लगभग 2 घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। हर पल यह पर स्थित बनी रही कि कहीं ट्रांसफार्मर में विस्फोट न हो जाए। विदित हो कि उक्त ट्रांसफार्मर इतना बड़ा था कि उसमें 2400 लीटर



तेल भरा हुआ था। विद्युत विभाग के कर्मियों के अनुसार उक्त ट्रांसफार्मर के जलने से लगभग 50 गांवों की विद्युत सप्लाई ठप हो गई है। हैरत की बात तो यह कि विद्युत सब स्टेशन में कर्मचारियों के अलावा कोई भी अधिकारी मौजूद नहीं था बताया गया कि सभी अधिकारी रक्षाबंधन की छुट्टी पर गए हैं। वही सब स्टेशन के सूत्रों के अनुसार कंट्रोल रूम की स्थिति यह है कि जब किसी फीडर की ट्राली लगाई जाती है तो फोन करके पूछना पड़ता है कि लाइट आई या नहीं क्योंकि मशीनों की स्थिति जर्जर है और कर्मचारी जान हथेली पर रखकर कार्य कर रहे हैं। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं लग सका है।

**Yaari Digital Integrated Services Limited**
**(Formerly "Yaarii Digital Integrated Services Limited" & "Indiabulls Integrated Services Limited")**
(CIN: L51101HR2007PLC077999)
Extract of Consolidated Audited Financial Results for the quarter and year ended 30 June 2022

(Rs. in crores)

| Particulars | Quarter ended 30-Jun-22 | Quarter ended 31-Mar-22 | Quarter ended 30-Jun-21 | Year ended 31-Mar-22 |
|---|---|---|---|---|
| | Unaudited | (Refer Note 3) | Unaudited | Audited |
| Total Income from Operations | 157.75 | 5.01 | 16.38 | 22.50 |
| Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Minority Interest and Share of Profit / (Loss) of Associate, Exceptional and/or Extraordinary items) | 150.73 | (39.00) | (7.33) | (131.66) |
| Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Minority Interest and Share of Profit / (Loss) of Associate (after Exceptional and/or Extraordinary items)) | 150.73 | (39.00) | (7.33) | (131.66) |
| Net Profit / (Loss) for the period after Tax, Minority Interest and Share of Profit / (Loss) of Associate (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 150.52 | (53.01) | (7.33) | (145.67) |
| Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 129.96 | (132.92) | 112.07 | (154.78) |
| Equity Share Capital | 17.51 | 17.51 | 17.51 | 17.51 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the audited Balance Sheet | | | | (313.75) |
| Earnings per Share (EPS) before extraordinary items | | | | |
| -Basic (Amount in Rs.) | 14.99 | (5.28) | (0.73) | (14.50) |
| -Diluted (Amount in Rs.) | 14.99 | (5.28) | (0.73) | (14.50) |
| Earnings per Share (EPS) after extraordinary items | | | | |
| -Basic (Amount in Rs.) | 14.99 | (5.28) | (0.73) | (14.50) |
| -Diluted (Amount in Rs.) | 14.99 | (5.28) | (0.73) | (14.50) |

Notes:
1) The above results have been reviewed by the Audit Committee and subsequently approved at the meeting of the Board of Directors held on 12 August 2022.
2) Key Standalone Financial Information: (Rs. in crores)

| Particulars | Quarter ended 30-Jun-22 | Quarter ended 31-Mar-22 | Quarter ended 30-Jun-21 | Year ended 31-Mar-22 |
|---|---|---|---|---|
| | Unaudited | (Refer Note 3) | Unaudited | Audited |
| Total Income | 421.56 | 4.50 | 15.23 | 20.79 |
| Profit/(Loss) before Tax | 414.19 | (43.59) | (18.44) | (170.15) |
| Net Profit/(Loss) after Tax | 414.19 | (43.59) | (18.44) | (170.15) |

3) Figures for the quarters ended 31 March 2022 represent the balancing figures between the audited figures for the full financial year and published reviewed year to date figures upto third quarter of the respective financial year.
4) The above is an extract of the detailed format of Quarterly / Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly / Annual Financial Results are available on the Company's website (https://www.yaari.com) and on the website of BSE (https://www.bseindia.com) and NSE (https://www.nseindia.com).

Registered Office: Plot No. 448-451 Udyog Vihar, Phase-V Gurugram, Haryana 122016 For and on behalf of the Board of Directors
Place : Gurugram
Date : 12 August 2022
Kubeir Khera
Executive Director & CEO

**सांकेतिक कब्जा सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, कार्यालय संख्या 201–बी, द्वितीय तल, रोड नंबर 1, प्लॉट नंबर बी 3, वाईफाई आईटी पार्क, वागले इंडस्ट्रियल एस्टेट, थाने, महाराष्ट्र–400604

जबकि,
अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। जबकि कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है। कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम/ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का वर्णन/सांकेतिक कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/मांग सूचना में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अनुपम मेहरोत्रा/नम्रता कक्कड़ /LBNOD00004970130 | फ्लैट नंबर बी–2506, 25वां तल, टावर बी, अजनारा पैनोरामा टावर, प्लॉट नंबर जीएच–04, सेक्टर–22, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास क्षेत्र जिला ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश /10 अगस्त, 2022 | 31–03–2022 रू. 32,42,029/– | दिल्ली/एनसीआर |
| 2. | राकेश शाह/रामेश्वर साह/ LBDEL00004309910 एवं LBDEL00005133680 | फ्लैट नंबर 51, ब्लॉक–एफ–18, द्वितीय तल, पाकेट–03, सेक्टर–जी–8, नरेला, दिल्ली–110085/10 अगस्त, 2022 | 14–03–2022 रू. 12,96,388/– | दिल्ली/एनसीआर |
| 3. | वरूण नारंग/ मनमोहन नारंग/ LBDEL00005211384 | प्लॉट नंबर 186, ट्रांसपोर्ट सेंटर, नई सब्जी मंडी, आजादपुर, दिल्ली /10 अगस्त, 2022 | 18–01–2022 रू. 15,51,937/– | दिल्ली/एनसीआर |
| 4. | वीनू जैन/ पुनीत जैन / LBNOD00002413370 | फ्लैट नंबर 04021, द्वितीय तल, टावर 4, एटीएस एल्योर, प्लॉट नंबर पी 7/टीएस–02 ए, सेक्टर–22 डी, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण, नोएडा, नोएडा–201307/10 अगस्त, 2022 | 31–03–2022 रू. 41,21,882/– | दिल्ली/एनसीआर |
| 5. | सतीश कुमार रंगा/ सुनीता कुमारी रंगा/ LBDEL00002257352 | फ्लैट नंबर ए 801, 8वां तल, ब्लॉक ए, प्लॉट नंबर 10, दि पीपुल कंजर्वेटिव सीजीएचएस लि., सेक्टर–18, द्वारका, दिल्ली /10 अगस्त, 2022 | 31–03–2022 रू. 38,31,120/– | दिल्ली/एनसीआर |
| 6. | सुशील कुमार भगत/ पूजा/ LBGUR00004949441 | यूनिट नंबर सी–12/336, प्रथम तल, यमुना विहार, दिल्ली–110053 /11 अगस्त, 2022 | 25–03–2022 रू. 51,24,843/– | दिल्ली/एनसीआर |
| 7. | टैक्ट इंडिया प्रा. लि./ अखिलेश कपूर/ नीरू कपूर/ LBDEL00004898448 LBDEL00005448598 | प्लॉट नंबर 51, हारट्रोन कॉम्प्लेक्स, इलेक्ट्रॉनिक सिटी, सेक्टर–18, गुरूग्राम /10 अगस्त, 2022 | 27–03–2022 रू. 2,23,52,103/– | दिल्ली/एनसीआर |
| 8. | अमित गोयल/ राजरानी/ LBGUR00003332303 | फ्लैट नंबर टी 02/1502, 14वां तल, आरपीएस औरिया, सेक्टर–88, फरीदाबाद /10 अगस्त, 2022 | 05–03–2022 रू. 58,20,542/– | दिल्ली/एनसीआर |
| 9. | तुषार माहेश्वरी/ अंजुमन / LBDEL00002388968 | फ्लैट नंबर 1206, 12वां तल, सुपरनोवा ईस्ट सुपरटेक, सुपर नोवा प्लॉट नंबर 03, सेक्टर 94, नोएडा–201301/10 अगस्त, 2022 | 14–03–2022 रू. 61,13,840/– | दिल्ली/एनसीआर |
| 10 | दयानंद/ मधु/ LBNOD00004414311 | प्लॉट नंबर 248, ब्लॉक–सी, सेक्टर–ओमीक्रोन–2, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश /10 अगस्त, 2022 | 23–06–2021 रू. 31,80,408/– | दिल्ली/एनसीआर |
| 11 | एल्ड्रीन लालरोमून/रोबोना रेमरूओत्संग सिनेट/ LBDEL00002382032 | फ्लैट नंबर 38,चतुर्थ तल, ब्लॉक बी 2, पाकेट 4, सेक्टर–34, रोहिणी, दिल्ली–110085/ 10–08–2022 | 14–03–2022 रू. 11,41,805/– | दिल्ली/एनसीआर |
| 12 | दीपक शाह/कुलदीप/ LBDEL00004953172 | फ्लैट नंबर सन 1 –0407, प्लॉट नंबर जीएच 01 बी 1, सेक्टर ईटा 2, मिगसन विन, ग्रेटर नोएडा, नोएडा–201307/ 10–08–2022 | 14–03–2022 रू. 19,04,269/– | दिल्ली/एनसीआर |
| 13 | राज शर्मा/कुमकुम शर्मा/राम जतन विश्वकर्मा/ LBDEL00002404274 | फ्लैट नंबर 32, द्वितीय तल, पाकेट–1, ब्लॉक बी–18, सेक्टर–34, रोहिणी, दिल्ली–110085/ 10–08–2022 | 14–03–2022 रू. 10,07,555/– | दिल्ली/एनसीआर |
| 14 | स्पर्श गुप्ता/मनोज कुमार/ LBFDB00003669864 | फ्लैट नंबर 707, टाइप बी, टावर–7, 7वां तल, ऑरिक सिटी होम्स, ग्राम भटोला, सेक्टर–82, फरीदाबाद, हरियाणा–121001 / 10–08–2022 | 21–05–2022 रू. 4,95,360/– | दिल्ली/एनसीआर |
| 15 | विनय कुमार/सुनीता/ LBDEL00000646625 | फ्लैट नंबर ई–6, बालाजी अपा. प्लॉट नंबर 7, सेक्टर–3, द्वारका, दिल्ली–110078/ 11–08–2022 | 21–05–2022 रू. 3,37,437/– | दिल्ली/एनसीआर |
| 16 | सुबीर कुमार/प्रीति प्रभा/ LBDEL00005047540 LBNOD00000989014 | प्लॉट नंबर ए–2455, भू तल, ग्रीन फील्ड कालोनी, निकट एवरग्रीन स्कूल, फरीदाबाद, हरियाणा/ 10–08–2022 | 30–05–2022 रू. 7,77,265/– | दिल्ली/एनसीआर |

उपरोक्त कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उपरोक्त राशि 30 दिन के भीतर चुकता कर दें, अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि व्यतीत होने पर उक्त बंधक रखी सम्पत्तियां प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।
तिथि : 12 अगस्त, 2022
स्थान : दिल्ली एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**INDIABULLS RURAL FINANCE PRIVATE LIMITED**
(CIN :U74140MH1993PTC074596)
Extract of the unaudited financial results for the quater ended 30 June 2022

(Rs. In crores)

| Particulars | Quarter ended 30 June 2022 | Quarter ended 31 March 2022 | Year ended 31 March 2022 |
|---|---|---|---|
| | Unaudited | Unaudited | Audited |
| Total income from operations | 4.91 | 4.95 | 21.01 |
| Net profit for the period (before tax, exceptional and extraordinary items) | 1.82 | 2.20 | 7.37 |
| Net profit for the period before tax (after exceptional and/ or extraordinary items) | 1.82 | 2.20 | 7.37 |
| Net profit for the period after tax(after exceptional and/ or extraordinary items) | 1.57 | 1.65 | 5.34 |
| Total comprehensive income for the period [Comprising profit for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)] | 1.58 | 1.66 | 5.36 |
| Paid-up equity share capital | 41.80 | 41.80 | 41.80 |
| Reserves (excluding revaluation reserve) | 26.24 | 24.66 | 24.66 |
| Securities premium account | 74.83 | 74.83 | 74.83 |
| Net worth | 142.87 | 141.29 | 141.29 |
| Outstanding debt | 49.79 | 49.75 | 49.75 |
| Debt equity ratio | 0.35 | 0.35 | 0.35 |
| Earnings per share before extraordinary items (Face Value of Rs. 10 per Equity Share) (EPS for the half year are not annualised) | | | |
| - Basic (Rs) | *0.38 | *0.39 | 1.28 |
| - Diluted (Rs) | *0.38 | *0.39 | 1.28 |

Note to financial results:
1) The above results have been reviewed by the Audit Committee and subsequently approved at the meeting of the Board of Directors held on 12 August 2022.
2) The above presentation is an extract of the detailed format of quarterly/ annual financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 52 of the SEBI (Listing and other disclosure requirements) regulations, 2015. The full format of quarterly / annual financial results are available on the company's website (http://indiabullsruralfinance.com) and on the website of BSE (http://www.bseindia.com).

Registered Office : One International Center, Tower-1, 4th Floor, S. B. Marg, Elphinstone(W), Mumbai, 400013
For and on behalf of the Board of Directors
Date : 12 August 2022
Place : Gurugram
Vijay Kumar Agrawal
Whole Time Director

**AXIS BANK** स्वर्ण आभूषणों के रूप में बंधक आस्तियों की ई–नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना

कर्जदारों को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि एक्सिस बैंक द्वारा नीचे वर्णित खातों में बंधक स्वर्ण आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी नीचे वर्णित शाखाओं में की जानी प्रस्तावित है। नीचे वर्णित कर्जदारों ने बैंक के पक्ष में स्वर्ण आभूषण बतौर प्रतिभूति बंधक रखकर एक्सिस बैंक से क्रेडिट सुविधा ("स्वर्ण ऋण सुविधा") प्राप्त की है। कर्जदारों/गारंटरों को मांग सूचनाएं जारी की गई थीं, जिनमें कर्जदारों/गारंटरों से उनके द्वारा प्राप्त की गई स्वर्ण ऋण सुविधा के संबंध में बकाया राशि चुकाने की मांग की गई थी। जबकि कर्जदार/गारंटर बकाया ऋण राशि चुकाने में असफल रहे हैं, बैंक बंधक का आह्वान करने हेतु बाध्य है तथा बंधक स्वर्ण आभूषणों, जिनका अधिक विशिष्ट वर्णन यहां नीचे सम्पत्ति की अनुसूची में किया गया है, की ई–नीलामी दिनांक 23–08–2022 को अप. 12.30 बजे से अप. 3.30 बजे तक "जैसा है जहां है", जो है जैसा है", जो है वहां है" और "कोई उपाय नहीं आधार" पर संचालित की जानी प्रस्तावित है।

कर्जदारों और बकाया राशि का विस्तृत विवरण

| शाखा का नाम | ग्राहक का नाम | ऋण खाता संख्या | बकाया राशि | प्रत्याह्वान की तिथि | सकल भार |
|---|---|---|---|---|---|
| शाखा का नाम : अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | उमेश सिंह | XXXXXXXXXXX9003 | 346815 | 28–02–22 | 102.30 |
| अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | धनराज खन्ना | XXXXXXXXXXX5842 | 208036 | 06–06–22 | 99.80 |
| शाखा का नाम : बाली नगर, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| बाली नगर, नई दिल्ली (डीएल) | मानवेन्द्र यादव | XXXXXXXXXXX7903 | 515106 | 18–07–22 | 170.50 |
| बाली नगर, नई दिल्ली (डीएल) | आशीष कुमार मिश्रा | XXXXXXXXXXX5363 | 181270 | 05–02–22 | 171.00 |
| शाखा का नाम : दरियागंज, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| दरियागंज, दिल्ली (डीएल) | लक्ष्मी देवी | XXXXXXXXXXX0758 | 76911 | 24–03–22 | 45.70 |
| दरियागंज, दिल्ली (डीएल) | अनामिका देवी | XXXXXXXXXXX8288 | 37878 | 18–06–22 | 25.00 |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद (एचआर) | | | | | |
| फरीदाबाद (एचआर) | प्रेम चंद | XXXXXXXXXXX8644 | 356263 | 18–01–21 | 1241.70 |
| फरीदाबाद (एचआर) | गीता | XXXXXXXXXXX4155 | 277499 | 22–07–22 | 97.00 |
| फरीदाबाद (एचआर) | मनीष गुप्ता | XXXXXXXXXXX9551 | 257346 | 06–06–22 | 22.10 |
| फरीदाबाद (एचआर) | विरेन्दर सिंह | XXXXXXXXXXX5887 | 142808 | 22–07–22 | 49.50 |
| शाखा का नाम : ज्योति नगर डीईएल डीएल | | | | | |
| ज्योति नगर डीईएल डीएल | मनीष शर्मा | XXXXXXXXXXX5595 | 345274 | 22–07–22 | 115.10 |
| ज्योति नगर डीईएल डीएल | विनीत भाटी | XXXXXXXXXXX4425 | 89097 | 18–07–22 | 30.70 |
| ज्योति नगर डीईएल डीएल | मोहित | XXXXXXXXXXX7592 | 127247 | 18–06–22 | 54.90 |
| शाखा का नाम : काल्काजी, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| काल्काजी, नई दिल्ली (डीएल) | कालीपाद सेनापति | XXXXXXXXXXX6100 | 299343 | 13–04–22 | 114.00 |
| काल्काजी, नई दिल्ली (डीएल) | जुनैद अनवर | XXXXXXXXXXX2658 | 144021 | 30–03–22 | 50.30 |
| काल्काजी, नई दिल्ली (डीएल) | ममता | XXXXXXXXXXX5189 | 69860 | 18–06–22 | 23.00 |
| शाखा का नाम : किशनगंज ओडी (डीएल) | | | | | |
| काल्काजी, नई दिल्ली (डीएल) | मोहम्मद शाहिद अंसारी | XXXXXXXXXXX2402 | 123629 | 22–07–22 | 24.90 |
| काल्काजी, नई दिल्ली (डीएल) | अजीत कुमार | XXXXXXXXXXX4400 | 58250 | 18–06–22 | 43.70 |
| काल्काजी, नई दिल्ली (डीएल) | सनी अरोड़ा | XXXXXXXXXXX7886 | 49420 | 18–07–22 | 17.10 |
| काल्काजी, नई दिल्ली (डीएल) | सतीश कुमार पांडे | XXXXXXXXXXX3598 | 26211 | 18–07–22 | 6.70 |
| शाखा का नाम : लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | संजय कुमार तेवतिया | XXXXXXXXXXX2401 | 379083 | 22–07–22 | 118.50 |
| लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | जय प्रकाश अडवाणी | XXXXXXXXXXX4359 | 215942 | 06–06–22 | 14.30 |
| लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | हिमांशु भाटिया | XXXXXXXXXXX0413 | 206373 | 18–07–22 | 78.90 |
| लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | जय प्रकाश अडवाणी | XXXXXXXXXXX2261 | 106637 | 30–04–21 | 10.50 |
| शाखा का नाम : मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल) | देवानी राम | XXXXXXXXXXX9712 | 187932 | 22–07–22 | 20.60 |
| मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल) | प्रियंका यादव | XXXXXXXXXXX5554 | 166135 | 30–03–22 | 60.20 |
| मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल) | अजय वीर सिंह | XXXXXXXXXXX9853 | 62872 | 17–05–22 | 27.60 |
| शाखा का नाम : मीरा बाग, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| मीरा बाग, नई दिल्ली (डीएल) | बिलाल रियाज | XXXXXXXXXXX1682 | 398066 | 22–07–22 | 141.90 |
| मीरा बाग, नई दिल्ली (डीएल) | अमित कुमार तिवारी | XXXXXXXXXXX7643 | 40010 | 18–07–22 | 15.90 |
| शाखा का नाम : नोएडा (यूपी) | | | | | |
| नोएडा (यूपी) | अरविंद कुमार सिंह | XXXXXXXXXXX9468 | 280169 | 22–07–22 | 98.90 |
| शाखा का नाम : पालम विहार, गुरूग्राम (एचआर) | | | | | |
| पालम विहार, गुरूग्राम (एचआर) | पूजा बराला बराला | XXXXXXXXXXX6441 | 304218 | 22–07–22 | 142.70 |
| पालम विहार, गुरूग्राम (एचआर) | परम जीत | XXXXXXXXXXX2245 | 289356 | 22–07–22 | 95.70 |
| शाखा का नाम : रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | चंद्र प्रकाश पांडे | XXXXXXXXXXX0043 | 446908 | 30–04–21 | 138.50 |
| रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | सोनम | XXXXXXXXXXX0519 | 330733 | 24–03–22 | 128.10 |
| रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | भूपिन्दर सिंह रंधावा | XXXXXXXXXXX3453 | 233313 | 09–06–22 | 19.10 |
| रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | ईश्वर चंद | XXXXXXXXXXX6325 | 218724 | 24–03–22 | 12.40 |
| रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | रागेन्द्र कुमार अग्रवाल | XXXXXXXXXXX0178 | 466928 | 23–11–21 | 193.30 |
| रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | सुशील कुमार | XXXXXXXXXXX3764 | 96399 | 18–07–22 | 21.60 |
| शाखा का नाम : सेक्टर 10ए, गुरूग्राम (एचआर) | | | | | |
| सेक्टर 10ए, गुरूग्राम (एचआर) | राजबीर सिंह | XXXXXXXXXXX3078 | 1197342 | 24–03–22 | 703.60 |
| सेक्टर 10ए, गुरूग्राम (एचआर) | दीपक कार | XXXXXXXXXXX1094 | 89084 | 20–06–22 | 33.80 |
| सेक्टर 10ए, गुरूग्राम (एचआर) | अताउर रहमान | XXXXXXXXXXX9065 | 32326 | 24–03–22 | 33.43 |
| सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | अमित बहल | XXXXXXXXXXX5344 | 696448 | 07–06–22 | 255.30 |
| सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | सुरेन्द्र सिंह | XXXXXXXXXXX0601 | 283020 | 18–06–22 | 89.90 |
| सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | बीना देवी | XXXXXXXXXXX0911 | 158466 | 24–03–22 | 10.50 |
| सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | गिरराज शर्मा | XXXXXXXXXXX5567 | 55496 | 20–06–22 | 27.70 |
| शाखा का नाम : स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | आदित्य मोराल | XXXXXXXXXXX9937 | 327510 | 18–07–22 | 132.20 |
| शाखा का नाम : तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | मुजामिल | XXXXXXXXXXX5442 | 120521 | 22–07–22 | 75.50 |
| शाखा का नाम : उत्तम नगर, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| उत्तम नगर, नई दिल्ली (डीएल) | रोहित सोढ़ी | XXXXXXXXXXX6656 | 274882 | 18–06–22 | 97.30 |
| शाखा का नाम : वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | | | | | |
| वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | ललित मोहन ध्यानी | XXXXXXXXXXX0634 | 85397 | 18–07–22 | 34.20 |
| शाखा का नाम : पैराडाइज मॉल एस जीयूआर एचआर | | | | | |
| पैराडाइज मॉल एस जीयूआर एचआर | सचिन कुमार | XXXXXXXXXXX8397 | 44900 | 17–05–22 | 18.00 |

एक्सिस बैंक लिमिटेड को बिना कोई पूर्व सूचना दिए खाता हटाने/नीलामी की तिथि परिवर्तित करने का अधिकार है। नीलामी https://gold.samil.in पर अप. 12.30 बजे से अप. 03.30 बजे के बीच ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट https://gold.samil.in पर लॉगइन करें।
स्थान : दिल्ली, तिथि : 13–08–2022 हस्ता./–, प्राधिकृत अधिकारी, एक्सिस बैंक लिमिटेड

# ट्विटर पर भिड़े गिरिराज और तेजस्वी

● रोजगार के मुद्दे पर सोशल मीडिया पर आए आमने-सामने




**भाषा।** नई दिल्ली

**बिहार** के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव द्वारा 10 लाख युवाओं को नौकरी देने के पूर्व के एक वादे को लेकर शुक्रवार को ट्विटर पर उनके और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के बीच जुबानी जंग छिड़ गई। सिंह ने तेजस्वी के एक ताजा साक्षात्कार के वीडियो का हिस्सा साझा किया, जिसमें वह बिहार में युवाओं को 10 लाख रोजगार दिए जाने से जुड़े एक सवाल का जवाब दे रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने तेजस्वी पर तंज कसते हुए वीडियो के साथ ही यह भी लिखा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता ने 10 लाख रोजगार देने का वादा किया था लेकिन वह उसे मुख्यमंत्री बनने पर पूरा करेंगे, अभी तो वह उपमुख्यमंत्री हैं। बिहार में राजनीतिक उलट-फेर के बाद दोनों नेताओं के बीच इसी को लेकर सोशल मीडिया मंच पर तीखी बहस शुरु हो गई। सिंह के ट्वीट का जवाब देते हुए तेजस्वी ने उक्त साक्षात्कार का बड़ा हिस्सा साझा किया और कहा, श्रीमान जी, इतने बेशर्म मत बनिए। एक फुट लंबी चोटी रखने से कोई ज्ञानी नहीं बन जाता, जैसे आप रखते है। आप लोगों की इन ओछी हरकतों, संपादित वीडियोज व सड़क छाप बयानों की बदौलत ही भाजपा की यह दुर्दशा है। इन बेचारों का बिहार में कोई चेहरा ही नहीं है।

केंद्रीय मंत्री ने तेजस्वी पर पलटवार करने में देरी नहीं की। उन्होंने जवाब देते हुए कहा, बिहार की धर्मनिरपेक्ष सरकार के शीर्ष नेताओं ने हिंदू प्रतीक चिन्ह टीका-शिखा पर हमले शुरू कर दिए हैं। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी ने कहा कि 2020 के विधानसभा चुनाव में राजद के चुनावी अभियान का नेतृत्व करते हुए उन्होंने 10 लाख रोजगार देने का जो वादा किया था, उसे नई सरकार पूरा करेगी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इसे लेकर गंभीर हैं। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए तेजस्वी के साक्षात्कार का जिक्र किया और कहा कि उन्होंने 2020 में कहा था कि वह सत्ता में आएंगे तो 10 लाख नौकरी देंगे लेकिन अब वह कह रहे हैं कि अभी तो वह उपमुख्यमंत्री हैं और मुख्यमंत्री बनने पर नौकरी देंगे। उन्होंने उपमुख्यमंत्री से इस बारे में स्थिति स्पष्ट करने को कहा। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन से नाता तोड़कर जब से नीतीश कुमार ने राजद के साथ मिलकर महागठबंधन की सरकार बनाई है तभी से भाजपा के नेता मुख्यमंत्री कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी को निशाना बना रहे हैं। गिरिराज सिंह ने इस कड़ी में राजद प्रमुख लालू प्रसाद की एक पुरानी टिप्पणी का हवाला दिया जिसमें लालू ने नीतीश कुमार को सांप की संज्ञा दे डाली थी।



गुवाहाटी में स्वतंत्रता दिवस के परेड के रिर्हसल में भाग लेती महिला सैन्य कर्मी

## केरल के विधायक जलील ने दिया विवादित बयान

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के पूर्व मंत्री और सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के विधायक के टी जलील ने शुक्रवार को जम्मू कश्मीर को भारत अधीन जम्मू कश्मीर तथा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को आजाद कश्मीर के रूप में वर्णित करके एक बड़ा विवाद खड़ा कर दिया। जलील ने अपने कश्मीर दौरे के संबंध में एक फेसबुक पोस्ट में यह टिप्पणी की। मलयालम में लिखी पोस्ट में, केरल के विधायक ने कहा, कश्मीर के पाकिस्तान के कब्जे वाले हिस्से को आजाद कश्मीर के रूप में जाना जाता है और यह ऐसा क्षेत्र है जहां पाकिस्तान सरकार का सीधा नियंत्रण नहीं है। माकपा के नेतृत्व वाली पिछली एलडीएफ सरकार में मंत्री रहे जलील ने कहा कि भारत अधीन जम्मू कश्मीर में जम्मू, कश्मीर घाटी और लद्दाख के कुछ हिस्से शामिल हैं। भाजपा के नेता संदीप वारियर ने जलील की टिप्पणी के लिए उनकी आलोचना करते हुए कहा कि उनकी जहरीली सोच पंक्तियों के माध्यम से प्रदर्शित हो रही है।

# एनआईए ने कन्हैयालाल हत्याकांड में नौवीं गिरफ्तारी की

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने राजस्थान के उदयपुर जिले में दर्जी कन्हैयालाल की हुई नृशंस हत्या के मामले में कथित षड्यंत्रकारी मुस्लिम खान को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह इस मामले में नौंवी गिरफ्तारी है।

एनआईए के मुताबिक, 41 वर्षीय मुस्लिम खान उर्फ मुस्लिम रज़ा राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले का निवासी है और उसने साजिश में सक्रिय भूमिका निभाई थी। एनआईए ने इस मामले की जांच 29 जून को अपने हाथ में ली थी और अबतक मामले में नौ लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। इससे पहले एजेंसी ने 21 जुलाई को खेरवाड़ा स्थित सिंधी सरकार की हवेली निवासी मोहम्मद जावेद को गिरफ्तार किया था। गौरतलब है कि पेशे से दर्जी कन्हैया लाल की हत्या 28 जून को राजस्थान के उदयपुर में उसी की दुकान में कर दी गई थी। इस हमले को अंजाम रियाज अख्तरी नामक व्यक्ति ने दिया था और पूरी घटना को उसके साथी गौस मोहम्मद ने रिकॉर्ड किया था। उन्होंने घटना का यह वीडियो ऑनलाइन पोस्ट कर दिया था। बाद में, दोनों आरोपियों ने एक अन्य वीडियो जारी कर कहा कि उन्होंने यह हत्या इस्लाम के कथित अपमान का बदला लेने के लिए किया है। हालांकि, दोनों को हत्या के कुछ घंटे बाद ही गिरफ्तार कर लिया गया। एनआईए ने बताया कि दोनों इस नृशंस हत्या के जरिए पूरे देश में खौफ का माहौल पैदा करना चाहते थे। उन्होंने बताया कि दोनों ने हत्याकांड की जिम्मेदारी लेने का वीडियो ऑनलाइन फोस्ट किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी धमकी दी। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी इस मामले में अंतरराष्ट्रीय तार जुड़े होने के पहलू की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि यहां तक शुरुआती जांच में संकेत मिले हैं कि कन्हैयालाल की हत्या की साजिश में और लोग शामिल हो सकते हैं। एनआईए अधिकारियों ने बताया कि दो आरोपी पाकिस्तान से संचालित सुन्नी इस्लामिक संगठन दावत-ए-इस्लामी के सदस्य मोबाइल ऐप के जरिए बने थे और इनमें से एक पाकिस्तान में मौजूद कुछ लोगों के संपर्क में था। हालांकि, उन्होंने कहा कि अभी कोई भी निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी। वहीं, कराची से कार्य कर रहे दावत-ए-इस्लामी की वेबसाइट के मुताबिक वह वैश्विक गैर राजनीतिक इस्लामिक संगठन है, जो पूरी दुनिया में कुरान और सुन्नत का प्रसार करने के लिए काम करता है। इस संगठन की स्थापना वर्ष 1981 में की गई थी।

## एचुरी और राजा से मिले तेजस्वी

**नई दिल्ली।** बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को यहां मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव सीताराम एचुरी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव डी राजा से मुलाकात की। यादव ने कहा कि उन्होंने दोनों प्रमुख वामपंथी नेताओं से देश और राज्य की वर्तमान सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक परिस्थितियों पर सकारात्मक चर्चा की। उन्होंने बिहार के हालिया घटनाक्रम की ओर इशारा करते हुए कहा कि लोकतंत्र की जननी बिहार ने फिर से देश को दिशा दिखाई है। राष्ट्रीय जनता दल के नेता ने एचुरी और राजा से मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए ट्वीट किया, सीताराम एचुरी जी एवं डी राजा जी से मिलकर देश और राज्य की वर्तमान सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक परिस्थितियों पर सकारात्मक चर्चा हुई। लोकतंत्र की जननी बिहार ने फिर देश को दिशा दिखाई है। पिछले दिनों बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को छोड़ कर महागठबंधन का हिस्सा बन गए।

# संसाधनों के लिए स्पर्धा के कारण मानव हाथी संघर्ष के मामले बढ़े: भूपेंद्र यादव

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने शुक्रवार को कहा कि संसाधनों के लिए स्पर्धा बढ़ने के कारण मानव-हाथी संघर्ष बढ़ रहा है तथा हर साल हाथियों के हमलों में करीब 500 लोगों की मौत हो रही है जबकि प्रतिक्रिया की कार्वाई में लगभग 100 हाथी भी मारे गए हैं। उन्होंने विश्व हाथी दिवस के मौके पर केरल के पेरियार राष्ट्रीय उद्यान एवं वन्यजीव अभयारण्य में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि भारत हाथी संरक्षण के मामले में एक प्रमुख देश के तौर पर उभरा है और मानव-हाथी संघर्ष को संभालना सरकार की प्राथमिकता में है।

यादव ने कहा, संसाधनों के लिए संघर्ष के कारण मानव-पशु संघर्ष बढ़ रहा है तथा यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि हाथियों के हमलों में हर साल करीब 500 लोगों की मौत होती है तथा प्रतिक्रिया की कार्वाई में लगभग 100 हाथी भी मारे जाते हैं। उनके अनुसार, मोदी सरकार ने हाथियों के हमलों में मारे गए लोगों के परिवारों को दिए जाने वाले मुआवजे की राशि को दो लाख रुपए से बढ़ाकर पांच लाख रुपए कर दिया है। मंत्री ने कहा, दीर्घकालीन समाधान के लिए हम देश के हाथी कॉरीडोर की समीक्षा कर रहे हैं और संबंधित पक्षों के साथ मिलकर 50 प्रतिशित काम को पूरा कर चुके हैं।

### जंगली हाथियों के हमले में तीन ग्रामीणों की मौत

**राजनांदगांव (छत्तीसगढ़)।** राजनांदगांव और बालोद जिलों में जंगली हाथियों के हमले में बृहस्पतिवार को एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। वन विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि राजनांदगांव जिले के मोहला क्षेत्र में जंगली हाथियों के हमले में दो ग्रामीणों की मौत हो गई है वहीं बालोद जिले में जंगली हाथी ने एक महिला को कुचलकर मार डाला है। उन्होंने बताया कि वन विभाग को जानकारी मिली है कि 23 हाथियों का दल मोहला क्षेत्र के पानाबरस, भैसबोड़ और आसपास के गांवों में मौजूद है। हाथियों ने गांवों में मकानों में तोड़फोड़ भी की है। अधिकारियों ने बताया कि जब हाथियों का दल भैसबोड़ गांव में था तभी 37 वर्षीय संतलाल मंडावी उनकी चपेट में आ गया और कुचल कर उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना के बाद ग्रामीणों को जंगल की ओर से जाने से मना किया गया लेकिन इसके बावजूद देर शाम 45 वर्षीय रामभरोसे जंगल की ओर चला गया जहां हाथियों के कुचलने से उसकी मौत हो गई।



उदयपुर में आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर स्कूली बच्चे तिरंगे के साथ देशभक्ति का गान करते हुए

# महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा एक आर्थिक क्रांति : स्टालिन

**भाषा।** चेन्नई

**तमिलनाडु** के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने शुक्रवार को कहा कि महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा की सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की प्रमुख पहल को मुफ्त की रेवड़ी वाली संकीर्ण सोच के दायरे में नहीं रखना चाहिए, बल्कि यह एक आर्थिक क्रांति है। तमिलनाडु राज्य योजना आयोग की तीसरी बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि इस योजना ने लाभार्थियों के परिवारों के लिए 8-12 प्रतिशत की बचत सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा ने लोगों के दिलों में जगह बना ली है। स्टालिन ने कहा, इसके 80 प्रतिशत लाभार्थी पिछड़े और आदि द्रविड़ समुदायों से हैं और यह न केवल खुशी की बात है बल्कि द्रविड़ मॉडल शासन का एक अच्छा संकेतक भी है। उन्होंने कहा, इस योजना के कारण, (लाभार्थियों के) परिवारों को अपनी आय में 8-12 प्रतिशत बचत दिखाई देती है जिसे मैं एक आर्थिक क्रांति कहूंगा। इसलिए, महिलाओं के लिए इस योजना को मुफ्त की रेवड़ी वाली संकीर्ण सोच के दायरे में सीमित करने के बजाय, इसे गरीबों के बीच एक आर्थिक क्रांति के रूप में देखा जाना चाहिए।

### स्टालिन ने केंद्र से तमिलनाडु के मछुआरों को श्रीलंका के कब्जे से छुड़ाने की अपील की

**चेन्नई।** मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शुक्रवार को केंद्र से तमिलनाडु के नौ मछुआरों और मछली पकड़ने वाली उनकी नौका को तत्काल छुड़ाने के लिए श्रीलंका पर दबाव डालने का अनुरोध किया।

विदेश मंत्री एस जयशंकर को भेजे पत्र में स्टालिन ने श्रीलंका की नौसेना द्वारा 10 अगस्त को नौ भारतीय मछुआरों और उनकी यांत्रिक नौका को पकड़ लिए जाने की ओर केंद्र सरकार का ध्यान आकृष्ट किया। स्टालिन ने पत्र में लिखा है, ए नौ मछुआरे मछली पकड़ने के लिए छह अगस्त 2022 को नागपट्टिनम बंदरगाह से समुद्र में गए थे। उन्हें और उनकी नौका को पकड़ लिया गया और त्रिंकोमाली नौसैनिक अड्डे पर ले जाया गया है।

उन्होंने इस संबंध में जरूरी सूचनाएं भी उपलब्ध कराई हैं। स्टालिन ने जयशंकर से कहा है, मैं आपसे तमिलनाडु के इन नौ मछुआरों और उनकी नौका को यथाशीघ्र छुड़ाने के लिए उपयुक्त राजनयिक माध्यम से श्रीलंका पर दबाव डालने का अनुरोध करता हूं।

## उपराज्यपाल सिन्हा ने अमरनाथ यात्रा की समापन पूजा की

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने वार्षिक अमरनाथ यात्रा की समाप्ति पर शुक्रवार को समापन पूजा की। सिन्हा ने कहा, मैं तीर्थयात्रियों के लिए इस कठिन यात्रा को बाधा मुक्त बनाने के मकसद से सभी हितधारकों और नागरिकों के निस्वार्थ योगदान की वास्तव में सराहना करता हूं। राजभवन में आयोजित समारोह में श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड के अधिकारियों-मुख्य सचिव डॉ. अरुण कुमार मेहता, मुख्य कार्यकारी अधिकारी नितीश्वर कुमार और बोर्ड के सदस्य डी. सी. रैना शामिल हुए। श्राइन बोर्ड और जम्मू कश्मीर प्रशासन ने पवित्र गुफा में पारंपरिक धार्मिक अनुष्ठान के लिए सभी प्रबंध किए थे। इस वर्ष तीन लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने यात्रा की। कोविड-19 महामारी के कारण दो साल के लिए स्थगित किए जाने के बाद यात्रा को फिर से शुरू किया गया था। गत आठ जुलाई को अमरनाथ गुफा के पास बादल फटने के बाद इस साल तीर्थयात्रियों की संख्या में काफी गिरावट आई थी।

# पेज एक का शेष

## देशभर में...

नुकसान पहुंचाना चाहते थे, उन्हें बिहार ने जवाब दिया है। उन्होंने दावा किया कि मध्य प्रदेश, झारखंड और महाराष्ट्र में हमने देखा कि जो डरेगा उसे डराओ और जो बिकेगा उसे खरीदो, यही काम भाजपा का रह गया है। हर संवैधानिक संस्था को एक-एक करके बर्बाद किया जा रहा है। यादव ने भाजपा पर जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए यह भी कहा कि बिहार के लोग बिकाऊ नहीं, टिकाऊ हैं तथा उन्हें किसी एजेंसी से नहीं डराया जा सकता। हम स्वाभिमान वाले लोग हैं। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्रीय पार्टियां ज्यादातर पिछड़ों और दलितों की हैं। क्षेत्रीय दल खत्म हो जाएंगे तो विपक्ष खत्म हो जाएगा। विपक्ष खत्म होगा तो लोकतंत्र खत्म होगा। लोकतंत्र खत्म होगा तो देश में तानाशाही चलेगी। भाजपा के जंगलराज से संबंधित आरोपों पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जंगलराज में खड़े होकर चिल्लाओ और आपका कोई मुंह नहीं तोड़े तो फिर जंगल राज कैसा है? जंगलराज तो केंद्र में है, जहां भाजपा के सांसद चूं तक नहीं कर सकते। एनसीआरबी का आंकड़ा उठाकर देख लीजिए। बिहार का स्थान कहां पर है। सच्चाई बाहर आएगी। येचुरी ने ट्वीट कर कहा कि बिहार में धर्मनिरपेक्ष महागठबंधन सरकार के गठन पर तेजस्वी यादव से आज मिल कर और बधाई देकर खुशी हुई। हमें पूरा यकीन है कि यह सरकार अपने सारे फैसले बिहार की जनता- खास तौर पर गरीब, शोषित और वंचित वर्ग के हक में करेगी।

## लेखक सलमान...

में खून लगा हुआ देखा गया। हमले के बाद रुश्दी का मंच पर इलाज किया गया। रुश्दी की विवादित पुस्तक द सैटेनिक वर्सेज ईरान में 1988 से प्रतिबंधित है। सलमान रुश्दी भारतीय मूल के लेखक हैं। उन्होंने द सैटेनिक वर्सेज और मिडनाइट चिल्ड्रन जैसे प्रसिद्ध उपन्यास लिखे हैं। मिडनाइट चिल्ड्रन के लिए रुश्दी को 1981 में बुकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वर्ष 1988 में आए उनके चौथे उपन्यास द सैटेनिक वर्सेज को लेकर काफी बवाल भी हुआ था। कट्टरपंथियों ने सलमान रुश्दी के खिलाफ मौत का फतवा भी जारी किया था। 1989 में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह रूहोल्लाह खुमैनी ने भी रुश्दी को जान से मारने की धमकी दी थी। इसके बाद उन्हें ब्रिटिश सरकार ने पुलिस सुरक्षा प्रदान की। वर्ष 1983 में रुश्दी को रॉयल सोसाइटी ऑफ लिटरेचर का फेलो चुना गया। उन्हें 1999 में फ्रांस के कमांडर डी ल ऑर्ड्रे डेस आर्ट्स एट डेस लेट्रेस नियुक्त किया गया था। साहित्य के लिए उनकी सेवाओं को देखते हुए वर्ष 2007 में ब्रिटिश महारानी क्वीन एलिजाबेथ द्वितीय ने नाइट की उपाधि से सम्मानित किया। वर्ष 2008 में, द टाइम्स ने उन्हें 1945 के बाद से 50 महानतम ब्रिटिश लेखकों की सूची में तेरहवें स्थान पर रखा था। साल 2000 से रुश्दी अमेरिका में रह रहे हैं। उन्हें 2015 में न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय के आर्थर एल कार्टर पत्रकारिता संस्थान में विशिष्ट लेखक नामित किया गया। इससे पहले, वह एमोरी विश्वविद्यालय में पढ़ाते थे। उन्हें अमेरिकन एकेडमी ऑफ आर्ट्स एंड लेटर्स के लिए भी चुना गया। वर्ष 2012 में उन्होंने जोसेफ एंटोन ए मेमॉयर, द सैटेनिक वर्सेज पर विवाद के मद्देनजर अपने जीवन का एक लेखा-जोखा प्रकाशित किया।

## मेट्रो स्टेशनों...

पुल, लाल किला या पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाली बसें आईएसबीटी पुल (युधिष्ठिर सेतु) के माध्यम से संचालित होंगी।

## जम्मू-कश्मीर...

इस तरह की घटनाएं होती रहती हैं, इसलिए सो जाए। लेकिन उसने मुझे बताया कि वह बाहर देखकर आ रहा है, क्योंकि एक अन्य भाई कमरे में नहीं है। तमहीद ने कहा, वह सीढ़ियों से नीचे गया और देखा कि वह (अमरेज) खून से लथपथ है। हमने सेना को बुलाया। वे मौके पर पहुंचे और उसे हजिन ले गए। चिकित्सकों ने उसे श्रीनगर ले जाने को कहा, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। तमहीद और अमरेज के साथियों ने सरकार से अपील की है कि वह मृतक का शव बिहार ले जाने में उनकी मदद करे। अपनी पार्टी के नेता और बांदीपुरा से पूर्व विधायक उस्मान मजीद ने इस हमले की निंदा की है। उन्होंने कहा, मैं प्रवासी मजदूर मोहम्मद अमरेज की बांदीपुरा जिले के सोदनारा इलाके में हुई हत्या की कड़ी निंदा करता हूं। बेगुनाहों की हत्या कोई बहादुरी नहीं है, बल्कि पूरी तरह से कायराना हमला है, जिसकी कड़ी निंदा की जानी चाहिए। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवार के साथ है। अमरेज चौथा प्रवासी है, जिसकी इस साल कश्मीर में लक्षित हत्या की गई है।

## स्वतंत्रता दिवस...

हो गई है, जबकि उपचाराधीन मरीज 1,23,535 हैं। मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से 49 लोगों की मृत्यु होने से मृतक संख्या बढ़कर 5,26,928 हो गई है। मौत के इन 49 मामलों में वह 10 लोग भी शामिल हैं, जिनके नाम आंकड़ों का पुन:मिलान करते हुए केरल ने संक्रमण से हुई मौत की सूची में डाले हैं। गृह मंत्रालय ने सरकारी विभागों और शैक्षणिक संस्थानों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता फैलाने के लिए वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाने को भी कहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से 49 लोगों की मृत्यु होने से मृतक संख्या बढ़कर 5,26,928 हो गई है। मौत के इन 49 मामलों में वह 10 लोग भी शामिल हैं, जिनके नाम आंकड़ों का पुन:मिलान करते हुए केरल ने संक्रमण से हुई मौत की सूची में डाले हैं। देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 1,23,535 हो गई है, जो कुल मामलों का 0.28 प्रतिशत है। मंत्रालय ने बताया कि कोविड-19 से ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.53 प्रतिशत दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में ।,541 की कमी आई है। मंत्रालय के मुताबिक दैनिक संक्रमण दर 5.44 प्रतिशत जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 4.88 प्रतिशत दर्ज की गई। वहीं महामारी से मृत्युदर 1.19 प्रतिशत है।

## सब्जी और...

बनी हुई थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार जुलाई में खाद्य महंगाई दर नरम होकर 6.75 प्रतिशत रही जो जून महीने में 7.75 प्रतिशत थी। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति अभी भी भारतीय रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर की उच्च सीमा 6.0 प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है। यह लगातार सातवां महीना है जब खुदरा मुद्रास्फीति छह प्रतिशत से ऊपर है। रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर बरकरार रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। आंकड़ों के अनुसार जुलाई में खुदरा महंगाई में नरमी आने का मुख्य कारण सब्जी और खाद्य तेल के दामों में कमी है। ईंधन और बिजली के संदर्भ में कीमतें ऊंची बनी हुई है। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि वैश्विक स्तर पर मंदी और फिर से तनाव बढ़ने की आशंका में जिंसों के दाम में कमी आई है जो जून के मध्य में उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। उन्होंने कहा कि हालांकि घरेलू स्तर पर सेवाओं की मजबूत मांग को देखते हुए महंगाई के बढ़ने का जोखिम है। सीपीआई में उल्लेखनीय हिस्सेदारी को देखते हुए इस पर नजर रखने की जरूरत है। इसके अलावा धान की बुवाई में कमी का भी मामला है। सीपीआई में सेवाओं की हिस्सेदारी 23.4 प्रतिशत है।

## मामूली विवाद...

लगभग सात बजे दोनों लोग मालवीय नगर में बेगमपुर के किला पर बैठे थे। अचानक चार-पांच अज्ञात लोग वहां पहुंचे और मयंक से बहस करने लगे। उसने बताया कि सभी आरोपी वहां से चले गए और थोड़ी देर बाद आकर उन दोनों को पत्थर मारने लगे। विकास ने बताया कि इसके बाद उसने और मयंक ने मौके से भागने की कोशिश की तो आरोपी मयंक के पीछे भागने लगे। आरोपियों ने बेगमपुर में डीडीए मार्केट के गेट नंबर 3 पर मयंक को पकड़ लिया और उस पर कई बार चाकुओं से हमला किया।

# यूक्रेन के परमाणु संयंत्र के पास गोलाबारी पर भारत चिंतित

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**भारत ने यूक्रेन में** जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र के इस्तेमाल हो चुके ईंधन भंडारण केंद्र के पास गोलाबारी की खबरों को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इसके नतीजे लोगों के लिए गंभीर हो सकते हैं। साथ ही नई दिल्ली ने परमाणु केंद्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आपसी संयम बरतने का आह्वान भी किया है। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था के प्रमुख ने बृहस्पतिवार को सुरक्षा परिषद की एक आपातकालीन बैठक में कहा कि यूक्रेन में जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र के निकट लड़ाई से केंद्र को कुछ नुकसान हुआ है और उन्होंने तत्काल एक निरीक्षण मिशन को संयंत्र का दौरा करने की अनुमति देने का आह्वान किया। यूक्रेन पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में खुली बैठक में संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि, राजदूत रुचिरा कंबोज ने कहा, हम यूक्रेन के परमाणु ऊर्जा रिएक्टरों और केंद्रों की संरक्षा और सुरक्षा के संबंध में घटनाक्रम का सावधानीपूर्वक अवलोकन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, भारत इन केंद्रों की रक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित करने को अत्यंत महत्व देता है, क्योंकि परमाणु केंद्रों से जुड़ी किसी भी दुर्घटना का लोगों के स्वास्थ्य और पर्यावरण पर गंभीर परिणाम हो सकता है। उन्होंने कहा, हम आपसी संयम बरतने का आह्वान करते हैं ताकि परमाणु केंद्रों की रक्षा और सुरक्षा को खतरा न हो। इससे पूर्व अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रॉसी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की बैठक में कहा कि पांच अगस्त को यूरोप के सबसे बड़े जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर गोलाबारी की गई, जिससे बिजली के स्विचबोर्ड के पास कई विस्फोट हुए और बिजली बंद हो गई। यूक्रेन ने आईएईए को सूचित किया है कि देश के 15 परमाणु ऊर्जा रिएक्टरों में से 10 वर्तमान में ग्रिड से जुड़े हैं। इनमें से जापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र में दो, रिव्ने एनपीपी में तीन, दक्षिण यूक्रेन एनपीपी में तीन और खमेलनित्स्की एनपीपी में दो रिएक्टर हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने दक्षिणी यूक्रेन में जापोरिज्जिया संयंत्र और उसके आसपास की स्थिति को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है और सभी संबंधित लोगों से विवेक का इस्तेमाल करने और ऐसी कोई भी कार्वाई नहीं करने की अपील की है जो परमाणु ऊर्जा संयंत्र की संरक्षा या सुरक्षा को खतरे में डाल सकती है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के एक प्रवक्ता ने कहा कि अफसोस की बात है कि पिछले कई दिनों में तनाव कम करने के बजाय, ऐसी और भी चिंताजनक घटनाओं की खबरें आई हैं जो अगर जारी रहीं तो आपदा का कारण बन सकती हैं। प्रवक्ता ने कहा, महासचिव ने संयंत्र के आसपास की सभी सैन्य गतिविधियों को तुरंत बंद करने और इसके केंद्रों या आसपास के क्षेत्र को निशाना नहीं बनाने का आह्वान किया। उन्होंने संयंत्र से सैन्य कर्मियों और उपकरणों को वापस बुलाने और आगे इस तरह की किसी भी तैनाती से बचने का आग्रह किया। गुतारेस ने कहा कि इस केंद्र का इस्तेमाल किसी भी सैन्य अभियान के तहत नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक सुरक्षित परिधि को लेकर तकनीकी स्तर पर तत्काल समझौते की आवश्यकता है। कंबोज ने रेखांकित किया कि भारत आईएईए के कानून के मुताबिक उसके प्रभावी, गैर-भेदभावपूर्ण और कुशल तरीके से सुरक्षा उपायों और निगरानी गतिविधियों के निर्वहन को उच्च प्राथमिकता देता है। उन्होंने कहा कि भारत इस मुद्दे पर आईएईए के प्रयासों को महत्व देता है। गुतारेस ने कहा, हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि जापोरिज्जिया या यूक्रेन में या कहीं और किसी भी अन्य परमाणु केंद्रों को किसी भी तरह का संभावित नुकसान न केवल तत्काल आसपास के क्षेत्र के लिए बल्कि क्षेत्र और उससे आगे के लिए भी विनाशकारी परिणाम हो सकता है। यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है। जापोरिज्जिया एनपीपी पर रूस के कब्जे ने फिर से उन आशंकाओं को बढ़ा दिया है कि यूक्रेन के 15 परमाणु रिएक्टरों में से सबसे बड़ा परमाणु केंद्र क्षतिग्रस्त हो सकता है, जिससे दुनिया की सबसे भयावह परमाणु आपदा में से एक 1986 की चेरनोबिल दुर्घटना जैसी एक और आपात स्थिति पैदा हो सकती है। चेरनोबिल परमाणु त्रासदी यूक्रेन की राजधानी कीव से लगभग 110 किलोमीटर उत्तर में हुई थी।

## संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने उत्तर कोरिया में परमाणु निरस्त्रीकरण की प्रतिबद्धता जताई

**सियोल।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने उत्तर कोरिया को परमाणु हथियार रहित देश बनाने के लिए शुक्रवार को अपनी प्रतिबद्धता जताई। हालांकि, सुरक्षा परिषद के कुछ सदस्य देशों ने उत्तर कोरिया को अपने परमाणु हथियारों और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रमों का प्रसार करने के लिए अधिक गुंजाइश दी है। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल से सियोल में मुलाकात के दौरान गुतारेस ने कोरियाई प्रायद्वीप और उत्तर कोरिया में पूर्ण, सत्यापित किए जाने योग्य और अपरिवर्तनीय परमाणु निरस्त्रीकरण के प्रति संयुक्त राष्ट्र की स्पष्ट प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने यून से कहा, पूरे क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता लाना एक मूलभूत उद्देश्य है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय शांति व्यवस्था कायम रखने की कोशिशों और जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने में दक्षिण कोरिया की भागीदारी की सराहना करते हुए यह कहा। गुतारेस बृहस्पतिवार को दक्षिण कोरिया पहुंचे। उन्होंने बाद में दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री पार्क जिन से मुलाकात की।

## उत्तरी मेक्सिको में सीमावर्ती जेल में लड़ाई में तीन कैदियों की मौत

भाषा। मेक्सिको सिटी

अमेरिकी राज्य टेक्सास के एल पासो से सटे मेक्सिको के सीमावर्ती शहर सिउदाद जुआरेज की एक जेल में बृहस्पतिवार को प्रतिद्वंद्वी गिरोहों के बीच लड़ाई में तीन कैदी मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सीमावर्ती राज्य चिहुआहुआ में अभियोजकों के कार्यालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि अधिकारियों ने सेना और नेशनल गार्ड को जेल नंबर तीन में लड़ाई को नियंत्रित करने के लिए बुलाया। कार्यालय ने कहा कि विवाद प्रतिद्वंद्वी गिरोहों के बीच हुआ था, लेकिन यह नहीं बताया कि कौन से समूह इस विवाद में शामिल थे।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client ICICI Bank Ltd. that Mrs. Ahilya Sharma Widow of late Mr. P. L. Sharma is owner of Property No. C-12/169, area measuring 70 sq. mtrs., Situated at Yamuna Vihar, Delhi, by virtue of Relinquishment Deed dated 27.06.2022. executed by Mr. Satender Sharma & Mr. Sudhir Sharma both sons of Late Mr. P. L. Sharma, has lost misplaced SMC certificate stating legal heirs of Late Mr. P. L. Sharma, its not presently available with them/him, All persons including other surviving members /Legal Heirs if any of late Mr. P. L. Sharma are hereby informed if anyone has any objection with respect of Title/ownership of Mrs. Ahilya Sharma with respect of the said property its sale/ Mortgage/Litigation etc, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 10 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**परफेक्टपैक लिमिटेड**
सीआईएन सं. : एल72100डीएल1972पीएलसी005971
पंजी. कार्यालय : 910, चिरंजीव टावर-43, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019
फोन नंबर : 011-2644 1015-18,
ई-मेल : complianceofficer@perfectpac.com
वेबसाइट : www.perfectpac.com

सूचना
अंतरिम लाभांश और रेकार्ड तिथि की घोषणा

कम्पनी के निदेशक मंडल ने इसकी बुधवार, 10 अगस्त, 2022 को सम्पन्न बैठक में कम्पनी के रू. 5/- प्रत्येक का अंतरिम लाभांश घोषित किया है। अंतरिम लाभांश का भुगतान सोमवार, 05 सितम्बर, 2022 को अथवा पश्चात कम्पनी के उन इक्विटी शेयरधारकों को किया जाएगा, जिनके नाम कम्पनी के सदस्यों के रजिस्टर में अथवा शेयरों के लाभार्थ स्वामियों के रूप में डिपॉजिटरीज के रेकार्ड्स में शुक्रवार, 19 अगस्त, 2022, जाकि इस प्रयोजन हेतु रेकार्ड तिथि है, को दर्ज मौजूद होंगे।

उपरोक्त सूचना कम्पनी वेबसाइट www.perfectpac.com पर तथा स्टॉक एक्सचेन्ज, जहां कम्पनी के शेयर सूचीबद्ध हैं, नामतः बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है।

वास्ते परफेक्टपैक लिमिटेड
हस्ता./-
संजय राजगढ़िया
प्रबंध निदेशक
स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 12-08-2022

# पाकिस्तान का नया युद्धपोत पीएनएस तैमूर श्रीलंका पहुंचा

**कोलंबो।** चीन निर्मित पाकिस्तान का नया युद्धपोत पीएनएस तैमूर शुक्रवार को कोलंबो बंदरगाह पहुंच गया और यह पश्चिमी सागर में श्रीलंकाई नौसेना के साथ एक संयुक्त अभ्यास करेगा। पाकिस्तान युद्धपोत के श्रीलंकाई बंदरगाह पर पहुंचने से कुछ दिन पहले कोलंबो ने बीजिंग से चीनी अनुसंधान पोत युआन वांग 5 की यात्रा टालने का आग्रह किया था। इस पोत को रणनीतिक महत्व के हम्बनटोटा बंदरगाह पर पहुंचना था। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भारत ने बैलिस्टिक मिसाइल और उपग्रह ट्रैकिंग पोत की उपस्थिति को लेकर सुरक्षा चिंता जाहिर की थी।

### श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पर नहीं पहुंचा चीनी अनुसंधान पोत

**कोलंबो।** चीन का एक उन्नत अनुसंधान पोत अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत दक्षिणी श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पर नहीं पहुंचा। श्रीलंका के बंदरगाह प्राधिकरण ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। भारत ने द्वीपीय देश में इस पोत की मौजूदगी को लेकर चिंता जताई थी। चीन के बैलिस्टिक मिसाइल एवं उपग्रह निगरानी पोत युआन वांग 5 को बृहस्पतिवार को हंबनटोटा बंदरगाह पर पहुंचना था और ईंधन भरने के लिए 17 अगस्त तक वहीं रुकना था। हालांकि, श्रीलंका बंदरगाह प्राधिकरण (एसएलपीए) के बंदरगाह प्रमुख ने बताया कि चीनी पोत अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार हंबनटोटा बंदरगाह पर नहीं पहुंचा। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, पोत हंबनटोटा से 600 समुद्री मील दूर पूर्व में खड़ा है और बंदरगाह में प्रवेश की अनुमति मिलने का इंतजार कर रहा है। बारह जुलाई को श्रीलंका के विदेश मंत्रालय ने चीनी पोत को हंबनटोटा बंदरगाह पर खड़ा करने की मंजूरी दे दी थी।

# कोविड-19 के बाद न्यूजीलैंड ने पहले क्रूज जहाज का स्वागत किया

भाषा। वेलिंगटन



**न्यूजीलैंड ने** कोविड महामारी शुरू होने के बाद, शुक्रवार को पहले क्रूज जहाज का स्वागत किया, जो देश के पर्यटन उद्योग के सामान्य स्थिति में लौटने का संकेत है। न्यूजीलैंड ने कोविड-19 को पूरी तरह से खत्म करने और बाद में इसके प्रसार को नियंत्रित करने के लिए 2020 की शुरुआत में अपनी सीमाओं को बंद कर दिया था। हालांकि, देश ने मई में विमान से आने वाले पर्यटकों के लिए अपनी सीमाओं को फिर से खोल दिया, लेकिन समुद्री जहाजों के आगमन सहित शेष सभी प्रतिबंधों को उसने दो हफ्ते पहले ही हटाया है। क्रूज (समुद्री पर्यटन) उद्योग से जुड़े कई लोग सवाल करते हैं कि इसमें इतना समय क्यों लगा। प्रतिबंधों की समाप्ति के बाद सिडनी से रवाना हुए कार्निवल ऑस्ट्रेलिया के पैसिफिक एक्सप्लोरर क्रूज जहाज को 12-दिवसीय यात्रा के लिए फिजी जाने के क्रम में वापसी में शुक्रवार को सुबह ऑकलैंड में लंगर डालने की अनुमति दी गई। जहाज पर लगभग 2,000 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार हैं। पर्यटन मंत्री स्टुअर्ट नैश ने एसोसिएटेड प्रेस से कहा, अद्भुत, है ना? हमारी सीमाओं को फिर से खोलने की दिशा में यह एक और कदम है और हमेशा की तरह व्यापार फिर से शुरू करने के करीब है। अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या और राजस्व को उनके पूर्व-महामारी के स्तर पर लौटने में कुछ समय लगेगा, जब उद्योग का न्यूजीलैंड की विदेशी आय में लगभग 20 प्रतिशत और सकल घरेलू उत्पाद में पांच प्रतिशत से अधिक का योगदान होता था।

## अमेरिका में एफबीआई कार्यालय में घुसने की कोशिश कर रहा हथियारबंद व्यक्ति ढेर

**विलमिंगटन (अमेरिका)।** अमेरिका के सिनसिनाटी में एफबीआई के कार्यालय घुसने की कोशिश करने के बाद मौके से फरार हुए एक हथियारबंद व्यक्ति को पुलिस ने करीब एक घंटे तक चली मुठभेड़ के बाद राज्य के एक ग्रामीण इलाके में मार गिराया। ओहायो स्टेट हाईवे पेट्रोल ने यह जानकारी दी। यह घटना उस समय हुई जब अधिकारियों ने फ्लोरिडा में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मार-ए-लागो संपत्ति में छापेमारी के बाद संघीय एजेंटों के खिलाफ खतरों में वृद्धि की चेतावनी दी थी। संदिग्ध की पहचान रिकी शिफर (42) के रूप में हुई है। छह जनवरी को संसद परिसर पर हुए हमले के सिलसिले में उस पर किसी अपराध का आरोप नहीं लगाया गया था। संघीय जांचकर्ता इस बात की जांच में जुटे हैं कि कहीं शिफर का संबंध प्राउड बॉयज सहित अन्य दक्षिणपंथी, चरमपंथी समूहों से तो नहीं है।

**कैमेक कॉमर्शियल कम्पनी लिमिटेड**
कार्पोरेट पहचान संख्या : एल70109डीएल1980पीएलसी169318
पंजीकृत कार्यालय : प्रथम तल, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002
फोन : 7303495374, ई-मेल : camaccommercial@gmail.com, वेबसाइट : www.camaccommercial.com
30 जून, 2022 को समाप्त तिमाही हेतु अलेखापरीक्षित पृथक्कृत वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण
(रूपए लाख में, सिवाय प्रति शेयर डेटा)

| क्र. सं. | विवरण | पृथक्कृत | | |
|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही समाप्त | | वर्ष समाप्त |
| | | 30-06-2022 (अलेखापरीक्षित) | 30-06-2021 (अलेखापरीक्षित) | 31-03-2022 लेखापरीक्षित |
| 1. | परिचालन से कुल आय | 118.26 | 64.88 | 637.07 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर तथा अपवाद मदों से पूर्व) | 56.53 | 56.63 | 555.88 |
| 3. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पूर्व (अपवाद मदों के बाद) | 56.53 | 56.63 | 555.88 |
| 4. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद मदों के बाद) | 47.06 | 23.59 | 464.77 |
| 5. | अवधि हेतु कुल समावेशी आय खजिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है, | (836.12) | 95.90 | 1,086.43 |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी | 88.28 | 88.28 | 88.28 |
| 7. | अन्य इक्विटी | | | 158,185.70 |
| 8. | रू. 10/-प्रत्येक के शेयर पर प्रति शेयर अर्जन | | | |
| | 1. मूल (रू.) | 5.33 | 2.67 | 52.65 |
| | 2. तनुकृत (रू.) | 5.33 | 2.67 | 52.65 |

नोट्स :
1. 30 जून, 2022 को समाप्त तिमाही हेतु उपरोक्त अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित तथा निदेशक मंडल द्वारा 12 अगस्त, 2022 को आयोजित उनकी संबंधित बैठक में अनुमोदित एवं अभिलेखबद्ध किए गए हैं।
2. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए 30 जून, 2022 को समाप्त तिमाही हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। कम्पनी के वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण कम्पनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है तथा 12 अगस्त, 2022 को कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड को भी भेजा गया है।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते कैमेक कॉमर्शियल कम्पनी लिमिटेड

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी

**● सेंसेक्स 130 अंक मजबूत**

भाषा। मुंबई

**घरेलू शेयर** बाजार में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 130 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। मुद्रास्फीति और औद्योगिक उत्पादन आंकड़ें जारी होने से पहले से तेल एवं गैस और धातु तथा बिजली कंपनियों के शेयरों में मजबूती से बाजार लाभ में रहा। शुरूआती कारोबार में बाजार में गिरावट रही और बाद में इसमें तेजी आई। अंत में बीएसई का तीस शेयरों वाला सेंसेक्स 130.18 अंक यानी 0.22 प्रतिशत चढ़कर 59,462.78 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी लगातार पांचवे दिन 39.15 अंक 0.22 प्रतिशत की मजबूती के साथ 17,698.15 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान तेल और गैस, धातु और बिजली शेयरों में मजबूती रही जबकि स्वास्थ्य सेवा और आईटी शेयरों में गिरावट आई। प्रमुख सूचकांक लगातार चौथे सप्ताह बढ़त में बंद हुए और साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स।,074 अंक यानी 1.83 प्रतिशत और निफ्टी 300 अंक यानी 1.95 प्रतिशत चढ़ा। कारोबारियों के अनुसार, वैश्विक बाजारों और विदेशी पूंजी प्रवाह में बड़े पैमाने पर सकारात्मक रुख से भी स्थानीय शेयर बाजारों को समर्थन मिला। इसके बावजूद सूचना प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य कंपनियों के शेयरों में गिरावट रही। वहीं, विश्लेषकों का कहना है कि निवेशकों ने औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आंकड़े जारी होने से पहले मजबूत बुनियाद वाली कंपनियों के शेयरों में खरीदारी की है। सेंसेक्स के शेयरों में एनटीपीसी में सबसे अधिक 3.26 प्रतिशत की वृद्धि हुई। टाटा स्टील, पावरग्रिड, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एसबीआई और आईटीसी के शेयर भी लाभ में रहे। तेल की कीमतों में सुधार से रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में 1.64 फीसदी की तेजी आई।

## देश की हर पंचायत में पैक्स समितियों के गठन की जरूरत : अमित शाह

भाषा। नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि सहकारी समितियों के जरिए 10 लाख करोड़ रुपए का कृषि-ऋण मुहैया कराने के लिए देश भर में दो लाख से अधिक नई प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समितियों (पैक्स) के गठन की जरूरत है। शाह ने यहां ग्रामीण सहकारी बैंकों के एक राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि देश में फिलहाल 95,000 से अधिक पैक्स समितियां मौजूद हैं लेकिन उनमें से करीब 63,000 समितियां ही सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पैक्स समितियां कृषि क्षेत्र की कर्ज प्रणाली की आत्मा हैं लिहाजा उनका सशक्तीकरण और विस्तार जरूरी है। मंत्री ने कहा कि देश भर में तीन लाख पंचायतें मौजूद हैं लेकिन पैक्स समितियों की संख्या सिर्फ 95,000 ही है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में दो लाख से अधिक नई पैक्स समितियों के गठन की जरूरत है। शाह ने इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए राज्य सहकारी बैंकों (एससीबी) और जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों (डीसीसीबी) के वरिष्ठ अधिकारियों से एक पंचवर्षीय योजना बनाने को कहा। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों के जरिए कृषि क्षेत्र को वित्त मुहैया कराने की दर घटी है। इस समय सक्रिय 63,000 पैक्स समितियों ने दो लाख करोड़ रुपए का कृषि ऋण वितरित किया है। सहकारिता मंत्री ने कहा कि अगर पैक्स समितियों की संख्या तीन लाख तक पहुंच जाती है तो सहकारी समितियों के जरिए 10 लाख करोड़ रुपए तक का कृषि ऋण वितरित कर पाना मुमकिन होगा। उन्होंने कहा कि आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने पैक्स समितियों को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए इनके कंप्यूटरीकरण के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। पांच साल के भीतर मौजूदा पैक्स समितियों के कंप्यूटरीकरण के लिए कुल 2,516 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है की राजनितिक दल "लोकहित अधिकार पार्टी" के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय 94 एच.आई.जी डुप्लेक्स ब्रिज विहार गाज़ियाबाद - 201011 में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम , 1951 की धारा 29 क के अधीन राजनितिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग , नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है - पार्टी के पदाधिकारियो के नाम / पता नीचे दिए गए है:
**सभापति / अध्यक्ष** : रोशन लाल गुप्ता , पता: 94, एच.आई.जी डुप्लेक्स ,ब्रिज विहार ,गाज़ियाबाद , उत्तर प्रदेश – 201011
**महासचिव / सचिव** : शेखर साहू , पता : माकन नंबर : 546/777 , सर्फराजगंज -1 , लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226003
**कोषाध्यक्ष** : गौरव गुप्ता, पता: 94 ,एच.आई.जी डुप्लेक्स ,ब्रिज विहार, गाज़ियाबाद,उत्तर प्रदेश - 201011
यदि किसी को "लोकहित अधिकार पार्टी" के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति कारणों सहित सचिव (राजनितिक दल ), भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन सदन , अशोक रोड , नई दिल्ली - 110001 को , इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजे।

**Form No. URC-2**

**Advertisement giving notice about registration under Part I of Chapter XXI[Pursuant to section 374(b) of the companies Act, 2013 and rule 4(1) of the companies (Authorised to Register) Rules, 2014]**

1.Notice is hereby given that in pursuance of sub-section (2) of section 366of the Companies Act, 2013, an application proposed to be made after fifteen days thereof but before the expiry of thirty days herein after to the **Registrar at Central Registration Centre (CRC) Indian Institute of Corporate Affairs (IICA), Plot No. 6, 7, 8, Sector 5, IMT Manesar, District Gurgaon (Haryana), Pin Code-122050.GOTTLICH FOODS INDIA LLP"(LLPIN: AAQ-8762)"** a LLP may be registered under Part I of Chapter XXI of the Companies Act 2013, as a company limited by shares.

2.The Principal objectives of the company are as follows:
To carry on the business of manufacturers and merchants and dealers and distributors of canned food, packed food, Oils, aerated water, mineral water, syrups, soft drinks, fruit drinks, milk and milk products and beverages of every description.

**3.A copy of the draft memorandum and articles of association of the proposed company may be inspected at the office at WZ 1650, Nangal Raya New Delhi-110046 .**

**4.Notice is hereby given that any person objecting to this application may communicate their objection in writing to the Registrar at Central Registration Centre (CRC) Indian Institute of Corporate Affairs (IICA), Plot No. 6, 7, 8, Sector 5, IMT Manesar, District Gurgaon (Haryana), Pin Code-122050, within twenty one days from the date of publication of this notice, with a copy to the company at its registered office.**

Name(s) of Applicant
Arun Gandhi (Designated Partner)
Seema Gandhi (Designated Partner)
Date: 02nd Aug 2022. Place: New Delhi

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वप्रिय महाजन कोआपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड, 202,वर्धमान एवन शॉपिंग प्लाजा,LSC, C-Block मार्केट,सरस्वती विहार,पीतमपुरा,दिल्ली-110034 DCS नियम 2007 की धारा 19(2) के अनुसरण करते हुए दिल्ली की जनता से जो कि DCS नियम 2007 की धारा 19 व 20 की सभी शर्तों को पूरा करती है, से 3 बेडरुम फ्लैट (अनुमानित लागत 1.5 करोड़ रुपये) (कारपेट एरिया लगभग 90.88 मीटर) के लिए सर्वप्रिय महाजन CGHS Ltd (Regd. No. 1384-GH) में तीन रिक्त सदस्यता जो कि सदस्यों के सोसाइटी में त्यागपत्र देने के कारण उत्पन्न हुई है, के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक व्यक्ति, सोसाइटी आफिस 202,वर्धमान एवन शॉपिंग प्लाजा,LSC,C-Block मार्केट सरस्वती विहार, पीतमपुरा दिल्ली 110034 से प्रातः 10 बजे से सांय 4:30 बजे के बीच निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर, उसे भरकर उसके साथ 61,00,360 रुपये का (जिसमें अंशराशी, प्रवेश शुल्क, भूमि राशी और निर्माण राशी शामिल है), सर्वप्रिय महाजन कोआपरेटिव ग्रुप हाऊसिंग सोसाइटी लिमिटेड के नाम का पे आर्डर/ डिमांड ड्राफ्ट के साथ,इस सूचना के छपने के 15 दिनों के भीतर आवेदन कर सकते हैं। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ समीकरण राशि(Equalisation Charges) भी DCS Act एवं Rules के नियमानुसार जमा करनी होगी।

प्रेजिडेंट-सर्वप्रिय महाजन CGHS लिमिटेड

**RAMPUR FERTILIZERS LIMITED**
Regd. Off.: Judges Bareilly Road, Rampur-244901 U.P.
CIN: L15136UP1988PLC010084, Email id- info@rampurfert.com

**NOTICE**

In view of the continuing Covid-19 Pandemic, the Ministry of Corporate Affairs (MCA) has vide its Circular Nos. 14/2020, 17/2020, 20/2020, 02/2021, 19/2021, 21/2021 and 02/2022 dated April 8, 2020, April 13, 2020, May 5, 2020, January 13, 2021, December 08, 2021, December 14, 2021 and May 05, 2022 respectively issued by the Ministry of Corporate Affairs ('MCA') and Circular Nos. SEBI/HO/CFD/ CMD1/CIR/ P/2020/79, SEBI/HO/CFD/CMD2/ CIR/P/2021/11 and SEBI/ HODDHS/P/CIR/2022/0063 dated May 12, 2020, January 15, 2021 and May 13, 2022, respectively issued by the Securities and Exchange Board of India and all other relevant circulars issued from time to time) permitted the holding of AGM through Video Conference or Other Audio-Visual Means (OAVM). In compliance with these Circulars and the relevant provisions of the Companies Act, 2013 and SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the upcoming AGM of the Company will be held on 21/09/2022 at 1.0 p.m. through VC/OAVM.

As per aforesaid circulars, the Notice of AGM along with the Annual Report for FY 2021-2022 has to be sent only by electronic mode to those Members whose E-mail Id are already registered with the Company/ Depositaries. The Company is also providing e-voting and remote e-voting facility to all its Members similar to earlier practices.

If your email ID is already registered with the Company/ Depositary, Notice of AGM along with annual report for FY 2021-22 and login details for e-voting shall be sent to your registered email address. In case you have not registered your email ID with the Company/ Depositary, please follow below instructions to register your email ID for obtaining annual report for FY 2021-22 and login details for e-voting.

| | |
|---|---|
| Physical Holding | Send a request to Registrar and Transfer Agents of the Company, MAS Services Limited at info@masserv.com providing Folio number, Name of the shareholder, scanned copy of the share certificate (Front and Back), PAN (Self attested scanned copy of PAN Card), AADHAR (Self attested scanned copy of Aadhar Card) for registering email address. Please send your bank detail with original cancelled cheque to our RTA (i.e. MAS Services Limited, T-34 2nd Floor, Okhla Industrial Area Phase-II, New Delhi 110020 alongwith letter mentioning folio no. if not registered already.) PLEASE UPDATE THE SAME ON OR BEFORE 28/08/2022 |
| Demat Holding | Please contact your Depositary Participant (DP) and register your email address as per the process advised by DP.Please also update your bank detail with your DP for dividend payment by NACH if declare by company. PLEASE UPDATE THE SAME ON OR BEFORE 28/08/2022 |

The Notice of AGM and Annual Report for FY 2021-22 will also be available on Company's website www.rampurfert.com and website of MSE Limited at www.msei.in. Members attending the meeting through VC/ OAVM shall be counted for the purpose of Quorum under Section 103 of the Companies Act, 2013.

For Rampur Fertilizers Limited
Sd/-
Anshuman Khaitan
Managing Director
Place: Rampur
Date: 12.08.2022

**सिद्ध ऑटोमोबाइल्स लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय : आर-13, एस/एफ ग्रेटर कैलाश-।, नई दिल्ली-110048, भारत
सीआईएन : एल34102डीएल1985पीएलसी020156
ई-मेल : sidhindia1985@gmail.com, वेबसाइट : www.sidhgroup.in
30 जून, 2022 को समाप्त तिमाही हेतु अ-लेखापरीक्षित पृथक्कृत वित्तीय परिणामों का विवरण
(राशि रू. लाख में)

30 जून, 2022 को समाप्त तिमाही हेतु अ-लेखापरीक्षित पृथक्कृत वित्तीय परिणामों का विवरण

| विवरण | तिमाही समाप्त 30-06-2022 (अ-लेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 30-06-2021 (अ-लेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31-03-2022 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|
| परिचालन से कुल आय (शुद्ध) | 3.75 | - | 13.02 |
| साधारण गतिविधियों से शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात | 0.39 | (7.17) | (4.27) |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात (असाधारण मदों के बाद) | 0.39 | (7.17) | (4.27) |
| इक्विटी शेयर पूंजी | 296.23 | 296.23 | 296.23 |
| संचय (पुनर्मूल्यन संचय छोड़कर) (जैसाकि पूर्व वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाया गया है) | | | |
| प्रति शेयर अर्जन (असाधारण मदों से पहले) (रू. 10/-प्रत्येक का) मूल : तनुकृत : | 0.01 | (0.24) | (0.14) |
| प्रति शेयर अर्जन (असाधारण मदों के बाद) (रू. 10/-प्रत्येक का) मूल : तनुकृत : | 0.01 | (0.24) | (0.14) |

नोट्स :
1. उपरोक्त परिणाम निदेशक मंडल द्वारा 10 अगस्त, 2022 को सम्पन्न उनकी बैठक में अभिलेखबद्ध किया गया था।
2. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए 30 जून, 2022 को समाप्त तिमाही हेतु अलेखापरीक्षित पृथक्कृत वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है।
3. तिमाही लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट (www.bseindia.com) पर तथा कम्पनी की वेबसाइट (www.sidhgroup.in) पर उपलब्ध है।

सिद्ध ऑटोमोबाइल्स लिमिटेड
हरि मोहन गुप्ता
निदेशक
डीआईएन : 03158551
तिथि : 10-08-2022
स्थान : दिल्ली

**कामा होल्डिंग्स लिमिटेड**
KAMA Holdings
सीआईएन : एल92199डीएल2000पीएलसी104779
पंजीकृत कार्यालय : दि गैलेरिया, डीएलएफ मयूर विहार, यूनिट नंबर 236 एवं 237, द्वितीय तल, मयूर प्लेस, नोएडा लिंक रोड, मयूर विहार फेज-1 एक्सटेंशन, दिल्ली-110091
कार्पोरेट कार्यालय : ब्लॉक सी, सेक्टर-45, गुरूग्राम-122003, फोन नंबर : (+91-11) 49482870, फैक्स : (+91-11) 49482900
ई-मेल : info@kamaholdings.com वेबसाइट : www.kamaholdings.com

30 जून, 2022 को समाप्त तिमाही हेतु पृथक्कृत और समेकित अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम
(रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | पृथक्कृत | | | समेकित | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही समाप्त | | वर्ष समाप्त | तिमाही समाप्त | | वर्ष समाप्त |
| | | 30-06-2022 | 30-06-2021 | 31-03-2022 | 30-06-2022 | 30-06-2021 | 31-03-2022 |
| | | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित |
| | | (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1 | परिचालन से कुल आय | 0.22 | 0.07 | 10742.97 | 391093.31 | 272115.88 | 1250241.17 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर से पहले | (21.81) | (50.04) | 7075.96 | 84501.41 | 53712.89 | 259314.72 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात | (22.38) | (49.94) | 7026.94 | 60957.08 | 39618.27 | 188885.87 |
| 4 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय (जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) सम्मिलित है) | (22.78) | (50.17) | 7027.15 | 42382.32 | 39063.09 | 197235.02 |
| 5 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी | 645.26 | 645.26 | 645.26 | 645.26 | 645.26 | 645.26 |
| 6 | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/- प्रत्येक का) | | | | | | |
| | (क) मूल : | (0.35) | (0.77) | 108.90 | 480.03 | 312.10 | 1,483.68 |
| | (ख) तनुकृत : | (0.35) | (0.77) | 108.90 | 480.03 | 312.10 | 1,483.68 |

नोट : उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए तिमाही/ वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट (www.bseindia.com) तथा कम्पनी की वेबसाइट (www.kamaholdings.com) पर उपलब्ध है।

कृते एवं हिते बोर्ड
कार्तिक भरत राम
अध्यक्ष
(डीआईएन : 00008557)
स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 12 अगस्त, 2022

# भंवर में फंसकर यमुना में डूबी नाव, तीन की मौत



संवाददाता। बांदा

**मार्का कस्बे** में गुरुवार को यमुना नदी पार करते समय भंवर में फंसकर नाव पलटने से हुए हादसे में तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि 17 लोग अभी भी लापता बताये जा रहे हैं। नाव में लगभग तीन दर्जन लोग सवार थे। वहीं 13 लोगों को रेस्क्यू कर बचा लिया गया है। बांदा के मरका थाना क्षेत्र में एक नाव में सवार यह लोग यमुना नदी को पार कर कौहन और यशोथर जा रहे थे। जिला अधिकारी बांदा अनुराग पटेल ने बताया कि एनडीआरएफ लखनऊ

## ● जिला प्रशासन और स्थानीय लोगों के सहयोग से 13 लोग बचाए गए, 17 अभी भी लापता

## ● बचाव कार्य में जोर शोर से जुटी हैं एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम

और एसडीआरएफ इलाहाबाद से आई टीमों ने पहुंचने के बाद लगातार रेस्क्यू अभियान चलाया लेकिन अंधेरा होने की वजह से रेस्क्यू आपरेशन में परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं शुक्रवार को भी लापता लोगों की तलाश में रेस्क्यू आपरेशन चलता रहा लेकिन कोई खास सफलता नहीं मिली। मौके पर कलेक्टर बांदा अनुराग पटेल व पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह तथा डीआईजी विपिन कुमार मौके पर डटे रहे और डूबे लोगों को खोजने के सभी जतन आजमाये गए। लेकिन हथनी कुंड बैराज से छोड़ा गया पानी का बहाव अत्यधिक होने से तलाशी अभियान में काफी मुश्किल आ रही हैं। पुलिस अधीक्षक बांदा अभिनंदन सिंह के अनुसार तीन शव निकाले गए हैं। अधीक्षक के अनुसार 17 लोग अभी लापता हैं वहीं मरका थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) हेमराज सरोज ने शुक्रवार को बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार में नाव में 40 से 45 लोग सवार थे, जिनमें से 15 लोग तैर कर पानी से बाहर आ गए। उन्होंने बताया कि अभी तक तीन शव बरामद हुए हैं जिनकी पहचान सलवा डेरा निवासी फुलवा (50), कौहन गांव (फतेहपुर) निवासी राजरानी (45) और मरका निवासी किशन (सात माह) के रूप में हुई है।

## पीड़ितों से मिले मंत्री, हर संभव मदद का दिया आश्वासन





संवाददाता। बांदा

**मरका कस्बे** में कल हुई नाव दुर्घटना को लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार काफी गंभीर है। जिसके चलते जहां केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति दुर्घटना स्थल पर पहुंचीं वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शुक्रवार को प्रदेश सरकार में मंत्री राकेश सचान और रामकेश निषाद मौके पर पहुंचे। इस दौरान मंत्रियों ने हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों से मुलाकात कर उनको सरकार द्वारा हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया व केंद्रीय मंत्री निरंजन ज्योति ने जिला प्रशासन को बचाव एवं राहत कार्य तेज करते हुए लापता लोगों को शीघ्र तलाशने के लिए निर्देशित किया। सरकार ने आपदा राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने काभी निर्देश जारी किया है।

# झोलाछाप डॉक्टर ने नाबालिग छात्रा से किया दुष्कर्म, मामला दर्ज

**गोरखपुर (भाषा)।** गोरखपुर जिले में खोराबार थाना क्षेत्र के एक गांव में इलाज कराने गई 11वीं कक्षा की नाबालिग छात्रा के साथ झोलाछाप डॉक्टर द्वारा कथित तौर पर दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। खोराबार के थाना प्रभारी एम के पांडेय ने बताया कि छात्रा की मां की लिखित शिकायत पर चांकापुर के कथित झोलाछाप चिकित्सक विनय कुमार के खिलाफ बलात्कार और पॉक्सो अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और उसकी मेडिकल डिग्री की भी जांच शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार 11वीं कक्षा की एक नाबालिग छात्रा गोरखपुर के एक गांव में अपने मामा के घर गई थी। करीब एक माह पहले उसे सीने में दर्द हुआ तो उसकी मां उसे गांव के एक तथाकथित डॉक्टर के पास परामर्श के लिए ले गई। चिकित्सक ने उसे सुबह छह बजे क्लिनिक में इंजेक्शन लगाने के लिए बुलाया और लड़की अपने चचेरे भाई के साथ क्लिनिक पहुंची। चिकित्सक ने उसके चचेरे भाई को इंजेक्शन खरीदने के लिए बाजार भेजा और लड़की के साथ बलात्कार किया। शिकायत के अनुसार चिकित्सक ने उसे इस घटना के बारे में किसी को भी नहीं बताने की धमकी दी थी, लेकिन लड़की ने बाद में अपनी मां को घटना की जानकारी दे दी। इसके बाद मां की लिखित शिकायत पर पुलिस ने दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की संबंधित धाराओं में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया और झोलाछाप डॉक्टर की डिग्री की जांच भी शुरू कर दी।

## महिला आरक्षी ने लगाया दारोगा पर छेड़खानी का आरोप, मामला दर्ज

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद जिले में महिला आरक्षी ने एक दारोगा पर छेड़खानी का आरोप लगाते हुए रसूलपुर थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस उपाधीक्षक (नगर) वैभव श्रीवास्तव ने बृहस्पतिवार को दर्ज रिपोर्ट के हवाले से बताया कि वर्तमान में एटा जिले की पुलिस लाइन में तैनात दारोगा इरफान अहमद ने फिरोजाबाद में तैनात एक महिला आरक्षी के घर में घुसकर उससे कथित रूप से छेड़छाड़ की। उन्होंने बताया कि इस मामले में महिला आरक्षी की शिकायत पर बृहस्पतिवार को आरोपी दारोगा के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया है। श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी दारोगा पूर्व में फिरोजाबाद में तैनात था। उसे पूछताछ के लिए थाने लाया गया है। आरोप लगाने वाली महिला कॉन्स्टेबल की डॉक्टरी जांच कराकर बयान दर्ज किया गया है।

# यूपी में बिहार का प्रयोग तभी संभव जब नेता परिपक्वता दिखाएं: शिवपाल

भाषा। इटावा

**प्रगतिशील** समाजवादी पार्टी (लोहिया) के अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने शुक्रवार को कहा कि जिस तरह बिहार में प्रमुख विपक्षी दल जनता दल यूनाइटेड (जदयू) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) भाजपा के खिलाफ अपने मतभेदों को दरकिनार कर साथ आएं हैं, वैसा उत्तर प्रदेश में तभी संभव है जब यहां के नेता बिहार की तरह परिपक्वता दिखाएं। देश में अगले लोकसभा चुनाव में 2024 में नरेंद्र मोदी के खिलाफ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विपक्षी चेहरे के रूप में उभरने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर, शिवपाल ने कोई साफ जवाब नहीं दिया।

वरिष्ठ समाजवादी नेता मुलायम सिंह यादव के छोटे भाई शिवपाल ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा, वह (नीतीश) आठवीं बार (बिहार के) मुख्यमंत्री बने हैं। वह वरिष्ठ हैं और इसके साथ ही वह एक पुराने समाजवादी हैं। उन्होंने कहा, पहले नेताओं में परिपक्वता होनी चाहिए। जब तक उनमें परिपक्वता नहीं होगी, तब तक उत्तर प्रदेश में कुछ नहीं हो सकता। बिहार के नेताओं ने परिपक्वता दिखाई और इसलिए सब कुछ हुआ। हालांकि उन्होंने किसी पार्टी या व्यक्ति का नाम नहीं लिया। यादव यहां रक्षाबंधन के मौके पर थे। हाल ही में, शिवपाल यादव ने उत्तर प्रदेश में अपने विपक्षी गठबंधन सहयोगियों को संभालने में राजनीतिक परिपक्वता नहीं दिखाने के लिए अपने भतीजे समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव पर हमला बोला था।

शिवपाल यादव ने हाल ही में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में सपा के टिकट पर जसवंतनगर से जीत हासिल की थी और चुनाव परिणाम आने के बाद से ही उनकी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बीच दूरियां बढ़ती गई। अब शिवपाल यादव ने अपनी पार्टी के संगठन को मजबूत करना शुरू किया है। यह पूछे जाने पर कि क्या वह अगले लोकसभा चुनाव से पहले बिहार की तरह उप्र में राजनीतिक दलों के बीच एकता बनाने की पहल करेंगे, उन्होंने कहा कि इसके लिए अभी समय है। उन्होंने कहा, हम एक छोटी पार्टी हैं और फिलहाल हम अपने संगठन को मजबूत कर रहे हैं।

# बुलंदशहर में अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोगों की मौत

भाषा। बुलंदशहर

**जिले** में दो अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, अरनिया थाना इलाके में ईसनपुर गांव के पास अलीगढ़ गाजियाबाद राजमार्ग पर बृहस्पतिवार रात रोडवेज बस से कुचलकर बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि पहासू इलाके के गांव टक्कर की नगलिया के रहने वाले कालीचरण (35) और धर्मेंद्र (32) और छतारी इलाके के गांव चौगानपुर का रहने वाला साहब सिंह (28) अरनिया इलाके के दशहरा स्थित एक पावर प्लांट में मजदूरी करते थे। उन्होंने बताया कि बृस्पतिवार रात तीनों बाइक से कहीं जा रहे थे, रास्ते में खुर्जा की तरफ से आ रही रोडवेज बस ने तीनों को कुचल दिया। हादसे में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद आरोपी चालक बस को छोड़कर मौके से फरार हो गया। अरनिया के थाना प्रभारी सोमनाथ राय ने बताया शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर बस को कब्जे में ले लिया गया है।

एक अन्य घटना में सेना में भर्ती की तैयारी के लिए दौड़ लगा रहे युवक को शुक्रवार सुबह अहमदगढ़ थाना इलाके में दिल्ली बदायूं राजमार्ग पर रोडवेज बस ने कुचल दिया, जिसमें उसकी मौत हो गई। हादसे से गुस्साए लोगों ने हाईवे पर ट्रैक्टर खड़े कर जाम लगा दिया। पुलिस के मुताबिक, अहमदगढ़ थाना इलाके के नौरंगाबाद का रहने वाला अर्जुन (18) शुक्रवार सुबह सेना भर्ती की तैयारी के लिए दौड़ लगा रहा था, इस दौरान दिल्ली से बदायूं जा रही रोडवेज बस ने उसे टक्कर मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसे की सूचना पाते ही गांववाले मौके पर पहुंच गए और दिल्ली-बदायूं हाईवे पर जाम लगा दिया। सूचना पाकर शिकारपुर के उपजिलाधिकारी (एसडीएम) अब्बास हसन, पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अजय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाबुझा कर उनका गुस्सा शांत कराया।

## रोडवेज की बस ने डीसीएम ट्रक को पीछे से टक्कर मारी, एक दर्जन यात्री घायल

भाषा। बाराबंकी

**जिले के** रामनगर क्षेत्र में रोडवेज की एक बस ने ओवरटेक करने के दौरान डीसीएम ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। दलसराय गांव के पास हुए इस हादसे में बस में सवार करीब दर्जन भर यात्री घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि हादसे में गंभीर रूप से घायल चार लोगों को लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा गया है। बलरामपुर डिपो की यह बस कानपुर से बलरामपुर जा रही थी। हादसे में बस में सवार करीब 75 यात्रियों में से दर्जनभर यात्री घायल हो गए, जिसमें से चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। थाना प्रभारी संतोष ने बताया की यह हादसा बृहस्पतिवार देर रात करीब दो बजे हुआ। उन्होंने बताया कि रोडवेज की बस डीसीएम ट्रक को ओवरटेक कर रही थी, इसी दौरान ड्राइवर ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया और बस ने पीछे से डीसीएम को टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए लोगों की पहचान सुमन साहू, शारदा, सियाराम और सुखदेव वर्मा के रूप में हुई है।

# सड़क हादसों में 48 लोग घायल

## ● फिरोजाबाद में डबल डेकर बस खाई में गिरी, तीन दर्जन यात्री घायल

## ● उन्नाव में बस डिवाइडर से टकराई, 12 घायल, ड्राइवर का हाथ कटा

भाषा। फिरोजाबाद/ उन्नाव

**जनपद के** थाना नगला खंगर क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर दिल्ली से गोरखपुर जा रही एक डबल डेकर बस डिवाइडर से टकराकर खाई में जा गिरी जिससे उसमें सवार 36 यात्री घायल हो गए। इनमें से 28 यात्रियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि बाकी को मामूली उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अखिलेश नारायण ने बताया कि गोरखपुर के प्राइवेट ट्रैवल्स की बस दिल्ली से बृहस्पतिवार की रात साढ़े आठ बजे सवारी लेकर गोरखपुर के लिए रवाना हुई। जैसे ही बस जनपद फिरोजाबाद के थाना नगला खंगर क्षेत्र में आगरा - लखनऊ एक्सप्रेस वे पर पहुंची, वह असंतुलित होकर मार्ग विभाजक (डिवाइडर) से टकराई और खाई में जा गिरी। उन्होंने बताया कि इसमें सवार सभी यात्रियों को बाहर निकाला गया और एंबुलेंस से सैफई अस्पताल भेजा गया जहां उनका उपचार चल रहा है। वहीं जिले के बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर गहर पुरवा गांव के पास शुक्रवार सुबह एक बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में 12 यात्री घायल हो गए, जिसमें से चालक सहित चार को गंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां से गंभीर रूप से घायल चार लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दुर्घटना में बस के ड्राइवर को गंभीर चोंटे आई हैं, उसका एक हाथ कट गया है। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक ओपी राय के अनुसार, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर नेपाल से दिल्ली जा रही बस अचानक अनियंत्रित होकर पहले अज्ञात वाहन से टकराई, फिर डिवाइडर से टकरा गई। उन्होंने बताया कि हादसे के वक्त बस में 35 यात्री सवार थे। जिनमें से 12 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया था। अस्पताल से प्राप्त जानकारी के अनुसार, नेपाल निवासियों बस चालक रानेश्वर (40), मंजू दराई (45), भानुभक्त (52) और प्रीती पांडेय (32) को गंभीर हालर में जिला अस्पताल भेजा गया है।

# डॉ. गीतेश शास्त्री द्वारा भेजी राखी नर्स रामजानकी ने समाजसेवी यूसुफ अंसारी की कलाई पर बांधी

## ● रक्षाबंधन त्यौहार पर भाई की लम्बी उम्र की कामना की

**उरई (जालौन)।** जिला महिला अस्पताल काफी समय तक तैनात रही डा. गीतेश शास्त्री के भाई न होने की वजह से हर साल रक्षाबंधन के त्यौहार पर भाई न होने की कमी को दूर करने के उद्देश्य से कई वर्षों से शहर के मुहल्ला शिवपुरी बजरिया निवासी यूसुफअंसारी समाजसेवी को भाई के रूप में राखी बांधने का धर्म निभाया तो वहीं यूसुफ अंसारी ने भी डा. गीतेश शास्त्री को एक भाई की कमी कभी नहीं खलने दी और यह दोनों भाई-बहन का प्यार आज भी बदस्तूर कायम है। बताते चले कि डा. गीतेश शास्त्री का स्थानांतरण रामपुर जिला चिकित्सालय में होने के बाद भी भाई-बहिन का प्यार आज भी अजर अमर है। डा. गीतेश शास्त्री ने रक्षाबंधन के त्यौहार पर भाई यूसुफ अंसारी की कलाई सूनी ना रहे इसलिए उन्होंने कोरियर के माध्यम से राखी भेजी। डा. गीतेश शास्त्री द्वारा भेजी गयी राखी लेकर शुक्रवार को रक्षाबंधन के दिन यूसुफअंसारी जिला महिला चिकित्सालय पहुंचे जहां पर उन्होंने डा. गीतेश शास्त्री के द्वारा भेजी गयी राखी को स्टाफ नर्स रामजानकी के द्वारा अपनी कलाई में बंधवा कर उन्हें भी बहिन का दर्जा देकर सगुन रूप भेंट देकर हर बहिन की रक्षा करने का बचन भी समाजसेवी यूसुफ अंसारी ने दिया जबकि स्टाफ नर्स बहिन रामजानकी ने भाई की लम्बी उम्र की कामना की।



राखी बंधवाते समाजसेवी युसुफ अंसारी

# सोमनाथ मन्दिर में लग रहा अराजकतत्वों का जमावड़ा

संवाददाता। चित्रकूट

**मानिकपुर के** ऐतिहासिक सोमनाथ मन्दिर में इन दिनों अराजकतत्वों का जमावडा लगने लगा है। शाम पांच बजे से अराजकतत्व पहुंचने लगते हैं। देर रात तक मन्दिर परिसर में जमकर उपद्रव मचाते हैं। ग्रामीणों ने प्रधान समेत पुलिस को सूचना दी है।

शुक्रवार को सावन महीने में सोमनाथ मन्दिर में श्रद्धालुओं के आवागमन के चलते पुलिस के पहरे के साथ अराजकतत्वों के भी आने का सिलसिला शुरु हो गया है। श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक करने को पहुंचते हैं। सोमवार को तो पुलिस का पहरा रहता है। अन्य दिनों में यहां की सुरक्षा भगवान भरोसे रहती है। सोमनाथ मन्दिर जंगल व पहाडी में एकांत स्थल पर है। यहां कुछ साधु रहते हैं। जो ग्रामीणों के सहयोग से मन्दिर परिसर की साफ-सफाई करते हैं। मन्दिर में रोशनी समेत अन्य व्यवस्थायें कराई गई हैं। अराजकतत्वों का जमावडा लगने से श्रद्धालुओं को दिक्कतें होने लगी हैं।

दोपहर बाद अराजकतत्व पहुंचने लगते हैं। एक दर्जन से अधिक की तादाद में अपने वाहनों से पहुंचे अराजकतत्व देर शाम तक मन्दिर परिसर व आसपास के इलाके में जमकर उपद्रव मचाते हैं। वहां अक्सर जुआ भी खेलते हैं। मन्दिर की व्यवस्था देख रहे मदना, चरदहा, चर, ऐंचवारा प्रधान समेत ग्रामीणों ने इसकी शिकायत पुलिस से की है। रैपुरा थाना प्रभारी नागेन्द्र नागर ने कहा कि शाम को पुलिस गश्त लगाकर अराजकतत्वों को चिन्हित किया जायेगा।

## निर्मित हो चुके सभी प्रधानमंत्री आवासों में लहरायेगा तिरंगा झंडा

**उरई (जालौन)।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को नगर पालिका परिषद उरई में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत पूर्ण हो चुके आवास पर तिरंगा वितरण और तिरंगा लगाने का कार्य किया जा रहा। जिसमें आवास का निर्माण कार्य तथा लाभार्थी के जीवन में आवास के उपरांत क्या बदलाव हुआ। इस पर भी चर्चा की गई। एसडीएम, परियोजना निदेशक डूडा की अगुवाई में जागरूकता रैली निकाली गई। जो शहर के प्रमुख वार्डो चौराहों से होती हुई वापस परियोजना कार्यालय में समाप्त हुई। परियोजना निदेशक डूडा ने बताया की जिले के सभी नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों में 9577 पूर्ण हो चुके है। सभी पर तिरंगा लगाने का कार्य पूरा हो चुका हैं। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन सभी पालिकाओं व नगर पंचायत कर रही हैं।

## क्विक न्यूज

### मेरठ में युवती की सिर कटा शव मिला

**मेरठ (भाषा)।** उत्तर प्रदेश में मेरठ के घनी आबादी वाले लिसाड़ीगेट थानाक्षेत्र में शुक्रवार को कब्रिस्तान के पास एक युवती का सिर कटा शव मिला। पुलिस क्षेत्राधिकारी (कोतवाली) अरविंद चौरसिया के अनुसार शुक्रवार सुबह कुछ लोगो ने लिसाड़ी गेट थानाक्षेत्र के न्यू इस्लामनगर में कब्रिस्तान के पास फल रखने वाली प्लास्टिक की कैरेट में युवती का शव पड़ा देखा था। उन्होंने बताया कि फिलहाल युवती का सिर बरामद नही हो सका है और वह 18-20 साल की लग रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी के अनुसार शव देखने से ऐसा लगता है कि हत्या एक-दो दिन पहले कही दूसरे स्थान पर की गई तथा पुलिस को गुमराह करने के लिए शव को लाकर यहां फेंक दिया गया। चौरसिया के मुताबिक पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी है और उसने आसपास के इलाकों में सिर की तलाश के लिए श्वान दस्ताव लगा दिया है,लेकिन सिर का कुछ पता नही चल सका। उनके अनुसार मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम भी जांच-पड़ताल में जुटी है एवं आसपास के सीसीटीवी कैमरा कैमरों को खंगाला जा रहा है। पुलिस के अनुसार युवती का पता लगाने के लिए मेरठ व आसपास के जनपदों के थाना क्षेत्रों सम्पर्क कर गुमशुदा युवतियों के बारे में जानकारी हासिल की जा रही है।

### माफिया और पूर्व सांसद अतीक अहमद की 24 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क

**प्रयागराज (भाषा)।** जिला मजिस्ट्रेट के छह अगस्त, 2022 के कुर्की के आदेश का अनुपालन करते हुए प्रयागराज पुलिस ने कुख्यात माफिया और आईएस-227 गिरोह के सरगना अतीक अहमद की कौशांबी स्थित 24 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति शुक्रवार को कुर्क कर ली। पुलिस के मीडिया सेल की विज्ञप्ति के मुताबिक, प्रयागराज पुलिस और राजस्व की टीम ने कौशांबी जिले में चायल तहसील के रसूलाबाद में हिस्ट्रीशीटर अतीक अहमद की 1.460 हेक्टेयर भूमि शुक्रवार को कुर्क की जिसकी वर्तमान समय में कीमत 24 करोड़ रुपए है। पुलिस के अनुसार फिलहाल गुजरात की अहमदाबाद जेल में निरुद्ध अतीक अहमद के खिलाफ प्रयागराज के धूमनगंज थाने में 100 के करीब मुकदमे दर्ज है। कुर्की की कार्वाई के दौरान पुलिस अधीक्षक (नगर), उप जिलाधिकारी (सदर), क्षेत्राधिकारी (द्वितीय), कौशांबी के उप जिलाधिकारी (चायल), धूमनगंज थाना के प्रभारी और पूरामुफ्ती थाना के प्रभारी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि अतीक अहमद प्रयागराज की शहर पश्चिमी सीट से लगातार पांच बार विधायक रहा है और इसने समाजवादी पार्टी के टिकट से 2004 में फूलपुर लोकसभा सीट से चुनाव जीता था।

### मारपीट कर नगदी व मोबाइल लूटा , की शिकायत

**मौदहा (हमीरपुर)।** रेलवे स्टेशन से ग्राम परछा सवारी छोड़ने जा रहे ई रिक्शा चालक को परछा मार्ग पर अज्ञात सवारी ने मारपीट उसकी नगदी व मोबाइल लूट लिए। पीड़ित ने इस घटना की तहरीर कोतवाली मौदहा में देखकर अज्ञात आरोपी के खिलाफकार्यवाही की मांग की है। नगर के फत्तेपुर निवासी बसंत कुमार ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को तड़के वह रेलवे स्टेशन से एक सवारी को लेकर पड़ोस के गांव परछा छोड़ने जा रहा था तभी सिसोलर मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग के समीप सवारी ने वसंत के साथ मारपीट करते हुए उसकी जेब से 380 रुपए व मोबाइल लूट कर मौके से फरार हो गया। तहरीर मिलते ही कोतवाली पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### पत्रकार को मातृ शोक

**उरई (जालौन)।** वरिष्ठ पत्रकार श्यामनाथ सक्सेना की माता राधा सक्सेना के आकस्मिक निधन पर मीडिया जगत में शोक की लहर दौड़ गयी। अनेकों लोगों ने उनके कालपी रोड उरई स्थित आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। पत्रकारों की शोकसभा वरिष्ठ पत्रकार सुरेश खरकया की अध्यक्षता में आयोजित हुयी जिसमें उपस्थित सभी पत्रकार साथियों ने मृत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना कर दो मिनट का मौन धारण किया। वह अपने पीछे दो पुत्र राम सक्सेना व श्यामनाथ सक्सेना सहित तीन बेटियों सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गयी। शोकसभा में राजेश द्विवेदी, मो. हामिद, आशुतोष शर्मा, प्रताप पाल, लालजी सेंगर, मनोज जाटव, अरुण सोलंकी बाटा, अभिषेक नारायण राम, मनोज जाटव, मुन्नालाल चौरसिया, राकेश बाथम सहित अनेकों साथी मौजूद रहे।

### जिला पंचायत सदस्य प्रमुख प्रतिनिधि अनिरुद्ध ने घर-घर बांटे झंडे

**कुठौंद (जालौन)।** शुक्रवार को कस्बा कुठौंद में अमृत महोत्सव के पावन पर्व के मौके पर जिला पंचायत सदस्य व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अनिरुद्ध कुमार द्विवेदी, संदीप दाऊ, मुरली मनोहर त्रिपाठी भाजपा के अनेकों कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रदेश के मुखिया आदित्यनाथ योगी के सपनों को साकार करने हेतु अमृत महोत्सव के पावन पर्व पर विश्व हिंदू परिषद के मंत्री अभिनव दीक्षित के आवास पर तिरंगा लहराकर घर-घर तिरंगा झंडों का वितरण शुरू किया। इस दौरान अनिरुद्ध कुमार द्विवेदी, संदीप दाऊ मुरली मनोहर त्रिपाठी, प्रवेंद्र कुमार सहित अनेकों युवा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय ध्वज की पहचान के बारे में जानकारी देते हुए जन-जन को जागरूक किया। आजादी का 75 वां अमृत महोत्सव पर्व हम सभी के लिये सौभाग्य का विषय है।

### भाजपाइयों ने संगीतमयी प्रभातफेरी निकाल जागरूकता अभियान चलाया



जालौन (उरई)। भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर के मोहल्लों में संगीतमय प्रभात फेरी निकालकर लोगों को हर घर तिरंगा अभियान के प्रति जागरूक किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान को लेकर शुक्रवार की सुबह नगर के भाजपाइयों ने भाजपा नगर अध्यक्ष अभय सिंह राजावत के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाली। संगीतमय प्रभात भेजी में विभिन्न वाद्ययंत्रों के साथ लोक कलाकार लोगों को हर घर तिरंगा अभियान के प्रति जागरूक करते हुए चल रहे थे। वहीं, भाजपा कार्यकर्ताओं ने मोहल्ला भवानीराम, चुर्खीबाल व काशीनाथ में लोगों से स्वतंत्रता दिवस पर अपने अपने घरों पर तिरंगा लगाने की अपील की है। इस मौके पर धीरज बाथम, अन्नू शर्मा, पप्पू चौहान आदि मौजूद रहे।

### बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधा रक्षा सूत्र

**कोंच(जालौन)।** भाई बहिन के परस्पर प्रेम, विश्वास, रक्षा से परिपूर्ण रक्षाबंधन पर्व शुक्रवार को नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरागत रूप से मनाया गया। श्रावण मास के अंतिम दिन शुक्रवार को शुभ मुहूर्त में सबसे पहले घर के मंदिर में प्रतिष्ठापित भगवान की मूर्तियों को रक्षा सूत्र बांधा गया जिसके बाद बहिनों ने भाईयों का हल्दी, रोली, अक्षत से तिलक कर उनका मुंह मीठा कराया और फिर दाहिने हाँथ की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा।भाईयों ने भी बहिनों को उपहार देकर जीवन पर्यंत उनकी रक्षा का वचन दिया।राखी के प्रमुख पर्व को लेकर घरों में उत्साह,उमंग, हर्ष का माहौल देखने को मिला।ससुराल से मायके आयीं नव विवाहित महिलाओं ने घर में अपनी छोटी बहिनों व भाईयों सहित माता पिता व अन्य परिजनों के साथ रहकर पर्व का आनंद उठाया। रक्षाबंधन पर्व पर नगर में मिठाईयों की दुकानों पर भी पूरे दिन मिठाई खरीदने के लिए लोगों की भीड़ देखने को मिली। स्वास्थ्य की दृष्टि से कई लोगों ने मिलावटी मिठाई खरीदने के बजाय घरों में बनाई गई मिठाई को प्राथमिकता दी।

### पुलिस प्रशासन ने नगर में निकाली तिरंगा यात्रा



**कोंच (जालौन)।** भारत देश की आजादी के इस साल 75 वर्ष पूर्ण हो जाने की खुशी में केन्द्र सरकार के आह्वान पर मनाये जा रहे आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में शुक्रवार को स्थानीय पुलिस प्रशासन ने नगर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। सीओ शैलेन्द्र कुमार वाजपेयी व कोतवाल बलिराज शाही की संयुक्त अगुवाई में तहसील कार्यालय से आरंभ यात्रा में समस्त दरोगा, महिला व पुरूष सिपाही हांथों में तिरंगा झंडा लहराते साथ चल रहे थे। यात्रा में शामिल डीजे पर बज रहे देशभक्ति गीतों से पूरा माहौल भारत माता की जय के नारों से गुंजायमान हो रहा था।तिरंगा यात्रा स्टेट बैंक, लवली चौराहा, नई बस्ती, सागर ताल से होकर मुख्य मार्ग के रास्ते मारकंडेश्वर तिराहे पहुंची जहां यात्रा का समापन हुआ। जेडीसी बैंक के समीप पत्रकार संजय सोनी, तरुण निरंजन, सुधीर सोनी, अभिषेक रिछारिया पुन्नी आदि ने तिरंगा यात्रा में शामिल सभी का मिष्ठान बांटकर मुंह मीठा कराया। यात्रा में एसएसआई आनंद कुमार, एसआई सर्वेश सिंह, आलोक पाल, राजकुमार सिंह, सचिन शुक्ला, बारेलाल आजाद, विवेक कुमार आदि शामिल रहे।

पायनियर
नई दिल्ली ,शनिवार, 13 अगस्त, 2022



# मध्यक्रम के किसी बल्लेबाज पर गिरेगी गाज!

- राहुल और कोहली की वापसी का असर
- पंत, सूर्यकुमार व कार्तिक में से किसी को बाहर होना पड़ सकता

**भाषा।** नई दिल्ली







भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली पूरी तरह से फिट और चयन के लिए उपलब्ध है लेकिन पिछले एक दशक पहली बार क्रिकेट जगत में टीम में उनकी जगह को लेकर चर्चा चल रही है।

पिछले साल यूएई में खेले गए टी20 विश्व कप में टीम के बेहद ही खराब अभियान का ठीकरा शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर फूटा था, जो तेजी से रन बनाने में विफल रहे थे। इस बात पर काफी चर्चा हुई थी क्या लोकेश राहुल, रोहित और कोहली का शीर्ष के तीन स्थान पर बल्लेबाजी करना चाहिए। खेल के ज्यादातर जानकार हालांकि इसके पक्ष में नहीं थे। भारतीय टीम अगर एशिया कप और टी20 विश्व कप में इन तीनों बल्लेबाजों को अंतिम एकादश में रखती है तो इसका असर टी20 प्रारूप में देश के लिए पिछले कुछ समय में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों पर पड़ेगा। इसमें ऋषभ पंत, सूर्यकुमार यादव और दिनेश कार्तिक में से किसी को टीम से बाहर होना पड़ सकता है। पंत के पास किसी भी समय मैच का पासा पलटने की क्षमता है तो सूर्यकुमार आसानी से मैदान के किसी भी हिस्से में बड़ा शॉट लगा सकते हैं। कार्तिक टीम में विशेषज्ञ फिनिशर (आखिरी ओवर के विशेषज्ञ बल्लेबाज) की भूमिका निभाते है। कोहली और राहुल के लिए क्या इनमें किसी एक बल्लेबाज को ड्रेसिंग रूम में बैठना पड़ेगा? यह अहम सवाल है और भारतीय टीम प्रबंधन को इसका जवाब तलाशना होगा। हरफनमौला हार्दिक पंड्या और रविन्द्र जडेजा की जगह इस टीम में पक्की है और फिर चार विशेषज्ञ गेंदबाज होंगे। इससे टीमें सिर्फ पांच बल्लेबाजों के लिए जगह होगी। इसमें अंतिम एकादश में जगह को लेकर माथापच्ची होगी। पिछले साल के टी20 विश्व कप के बाद कोहली ने टी20 की चार पारियों में 17, 52, एक और 11 रन बनाए है। इस मामले में बड़ा सवाल यह भी है कि क्या टीम प्रबंधन कोहली को अपने हिसाब से खेलने देगा या उन्हें पारी की शुरुआत से ही आक्रामक बल्लेबाजी करनी होगी।

रोहित की कप्तानी में टीम आक्रामक बल्लेबाजी कर रही है। वह खुद भी आतिशी तेवर में बल्लेबाजी कर रहे है। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज में उन्होंने क्रमश: पंत और सूर्यकुमार के साथ पारी का आगाज कर सबको चौका दिया। भारतीय कप्तान ने इस दौरान 16 मैचों में 145 के स्ट्राइक रेट से लगभग 450 रन बनाए। पंत और सूर्यकुमार ने भी पारी का आगाज करते हुए आक्रामक तेवर दिखाए। दीपक हुड्डा भी शानदार लय में है और उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ पारी का आगाज करते हुए शतक जड़ा था। हुड्डा ने तीसरे क्रम पर भी अच्छी बल्लेबाजी कर प्रभावित किया है। एशिया कप के शुरुआती मैचों में उनके लिए टीम में जगह बनाना मुश्किल होगा लेकिन ऑफ स्पिन गेंदबाजी के कारण वह मजबूत विकल्प होंगे। राहुल के बारे में पहले कहा गया था कि वह पूरी तरह से फिट नहीं है और एशिया कप से टीम में वापसी करेंगे लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ 28 अगस्त को टीम के पहले मैच को देखते हुए उन्हें मैच अभ्यास देने के लिए जिम्बाब्वे दौरे की टीम में जोड़ा गया। राहुल जिम्बाब्वे में शिखर धवन की जगह टीम का नेतृत्व करेंगे। टीम को हालांकि सबसे ज्यादा माथापच्ची पंत, सूर्यकुमार और कार्तिक में से किसी दो को चुनने पर करनी होगी।

## जिम्बाब्वे दौरे पर लक्ष्मण होंगे भारतीय टीम के मुख्य कोचः जय शाह

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण जिम्बाब्वे के आगामी दौरे के लिए भारत के कार्यवाहक मुख्य कोच होंगे क्योंकि इस श्रृंखला और 27 अगस्त से यूएई में खेले जाने वाले एशिया कप के बीच बहुत ही कम समय है। यह जानकारी भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने शुक्रवार को दी। शाह ने पीटीआई-भाषा से कहा, हां, जिम्बाब्वे दौरे पर खेली जाने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए लक्ष्मण टीम की जिम्मेदारी (कोच) उठाएंगे। ऐसा नहीं है कि राहुल द्रविड़ को विश्राम दिया जा रहा है। जिम्बाब्वे में एकदिवसीय श्रृंखला 22 अगस्त को संपन्न होगी और द्रविड़ के साथ भारतीय टीम 23 अगस्त को यूएई के लिए रवाना होगी। इन दोनों टूर्नामेंटों के बीच काफी कम समय है, ऐसे में लक्ष्मण जिम्बाब्वे में भारतीय टीम की जिम्मेदारी उठाएंगे। एशिया कप टी20 टूर्नामेंट टीम से सिर्फ लोकेश राहुल और दीपक हुड्डा ही जिम्बाब्वे दौरे पर एकदिवसीय टीम में है। ऐसे में यह तर्कसंगत है कि मुख्य कोच टी20 टीम के साथ होगा। जिम्बाब्वे में तीन वनडे 18, 20 और 22 अगस्त को हरारे में खेले जाएंगे। शाह ने यह भी बताया कि लोकेश राहुल और हुड्डा हरारे से दुबई के लिए उड़ान भरेंगे। बीसीसीआई में यह परंपरा रही है कि जब मुख्य टीम किसी दौरे पर होती है तब दूसरे स्तर या ए टीमों की निगरानी हमेशा एनसीए के प्रमुख द्वारा की जाती है।



# महिला आईपीएल का शुरुआती चरण मार्च 2023 में कराया जाएगा

भाषा। नई दिल्ली

**महिलाओं की इंडियन** प्रीमियर लीग (आईपीएल) मार्च 2023 में एक महीने की विंडो में शुरू की जाएगी और पूरी संभावना है कि इसमें पांच टीमें खेलेंगी, शुक्रवार को इसकी पुष्टि बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने की। बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारियों ने इस मुद्दे पर चर्चा की और टूर्नामेंट के लिए मार्च की विंडो को ठीक समझा गया जो दक्षिण अफ्रीका में महिला टी20 विश्व कप के बाद की है। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, हां, डब्ल्यूआईपीएल मार्च के पहले हफ्ते में शुरू होगा और हमने पहले साल चार हफ्ते की विंडो निर्धारित की है। दक्षिण अफ्रीका में टी20 विश्व कप नौ से 20 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा और हमारी योजना इसके तुरंत बाद डब्ल्यूआईपीएल कराने की है। फिलहाल हम पांच टीमों के साथ टूर्नामेंट कराएंगे लेकिन यह छह टीमों का हो सकता है क्योंकि संभावित निवेशकों के बीच इसको लेकर काफी दिलचस्पी है। आगे टीमों की नीलामी की प्रक्रिया की घोषणा की जाएगी। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह ने पीटीआई को अलग अलग साक्षात्कार में पहले पुष्टि की थी कि डब्ल्यूआईपीएल 2023 में शुरू होगा। मुंबई इंडियंस, राजस्थान रॉयल्स, चेन्नई सुपर किंग्स सभी ने महिला टीमें खरीदने में दिलचस्पी दिखाई थी। यहां तक कि यूटीवी के सीईओ रोनी स्क्रूवाला ने ट्वीट किया था कि वह डब्ल्यूआईपीएल फ्रेंचाइजी खरीदने में दिलचस्पी रखते हैं।

### लाहिड़ी 71 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त 81वें स्थान पर

**मेम्फिस (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी फेडएक्स सेंट जूड चैम्पियनशिप के शुरुआती दौर में एक ओवर 71 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 86 वे स्थान पर है। लाहिड़ी ने फेडएक्स प्ले-ऑफ्स में शीर्ष 10 में रहने के कारण इस टूर्नामेंट का टिकट कटाया था। उन्हें हालांकि कट में जगह बनाने के लिए दूसरे दौर में काफी बेहतर प्रदर्शन करना होगा। एशियाई चैलेंजर सी वू किम ने इस दौरान 168 यार्ड की दूरी से शानदार ईगल लगाई। वह आठ अंडर 62 के स्कोर के साथ अमेरिका के जे.जे. स्पन के साथ संयुक्त रूप से तालिका में शीर्ष पर है।

### इस्राइली क्लब मैकाबी टेल अवीव के 15 प्रशसंक यूनान में गिरफ्तार

**थेसालोनिकी (यूनान)।** यूनानी पुलिस ने इस्राइल के फुटबॉल क्लब मैकाबी टेल अवीव के 15 खेल प्रशंसकों को यूरोपा कांफ्रेंस लीग मैच से पहले गिरफ्तार किया क्योंकि उनके पास से धुआं बम, फ्लेयर्स (लपटें निकालने के लिए) और पटाखे मिले थे। पुलिस ने कहा कि इनकी उम्र 16 से 35 साल के बीच है। उन्हें आरिस क्लब के खिलाफ यूरोपा कांफ्रेंस लीग मैच से पहले गुरुवार को सुरक्षा जांच के दौरान गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शुक्रवार की सुबह इनकी गिरफ्तारी की घोषणा की।

### ईडन गार्डंस में विशेष मैच से शुरू होगा लीजेंड्स लीग क्रिकेट

**नई दिल्ली।** लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) की शुरुआत में इस साल 16 सितंबर को कोलकाता के प्रतिष्ठित ईडन गार्डन्स में एक विशेष मैच खेला जाएगा। आयोजकों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इंडिया महाराजा और वर्ल्ड जॉइंट्स के बीच होने वाला यह मैच भारतीय स्वतंत्रता के 75वें वर्ष से जुड़े समारोहों को समर्पित होगा। एलएलसी के उपायुक्त रवि शास्त्री ने विज्ञप्ति में कहा, यह हमारे लिए गौरवशाली क्षण है कि हम अपनी स्वतंत्रता का 75वें साल का जश्न मना रहे है। मुझे यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि हमने इस साल लीग को स्वतंत्रता समारोह के 75वें वर्ष को समर्पित करने का फैसला किया है। इंडिया महाराजा का नेतृत्व पूर्व भारतीय कप्तान और भारतीय क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष सौरव गांगुली करेंगे जबकि वर्ल्ड जॉइंट्स की कमान इंग्लैंड के 2019 के विश्व कप विजेता कप्तान इयोन मोर्गन संभालेंगे।

### दिव्या काकरान को पांच लाख रुपए का इनाम

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने शुक्रवार को राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता पहलवान दिव्या काकरान को पांच लाख रुपए से पुरस्कृत किया। दिव्या उत्तर पूर्वी दिल्ली क्षेत्र में रहती है जिसका प्रतिनिधित्व तिवारी लोकसभा में करते है। भाजपा सांसद ने पहलवान से उनके निर्वाचन क्षेत्र के गोकुलपुरी स्थित घर पर मुलाकात की। बर्मिंघम में हाल ही में संपन्न राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली दिव्या ने तिवारी को राखी बांधी। तिवारी ने उन्हें पूरा समर्थन देने का संकल्प लिया।

### डूरंड कप का आगाज गोवा और मो स्पोर्टिंग के मैच से होगा


**कोलकाता।** गत चैम्पियन एफसी गोवा और मोहम्मडन स्पोर्टिंग के मैच के साथ डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के 131वें सत्र का आगाज यहां के विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन (वीवाईबके) में 16 अगस्त (मंगलवार) से होगा। पिछले साल का फाइनल मुकाबला ग्रुप बी के इन्ही दो टीमों के बीच खेला गया था। टूर्नामेंट में 20 टीमों के बीच कुल 47 मैच खेले जाएंगे जिसका फाइनल 18 सितंबर को होगा।इसमें इंडियन सुपर लीग की 11 टीमों के अलावा आई-लीग की पांच और सेना से जुड़ी चार टीमें होंगी।

# राहुल को पहली जीत का इंतजार

- धवन है सफल कप्तान

**भाषा।** नई दिल्ली





**केएल राहुल** को फिट होने के बाद भले ही जिंबाब्वे दौरे के लिए भारतीय टीम की कमान सौंपी गई हो लेकिन उन्हें अब भी अपनी कप्तानी में पहली जीत का इंतजार है जबकि शिखर धवन भारत के सफल कप्तानों में शामिल है जिन्हें पहले इस दौरे में टीम की अगुवाई करनी थी।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने राहुल को रोहित शर्मा के साथ तीनों प्रारूपों में उप कप्तान बना रखा है और इसलिए उनके फिट होने पर उन्हें जिंबाब्वे दौरे के लिए धवन की जगह कप्तानी सौंपी गई। लेकिन राहुल ने अभी तक जिन चार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों में कप्तानी की है उन सभी में भारत को हार का सामना करना पड़ा। इनमें एक टेस्ट और तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच शामिल हैं। दूसरी तरफ धवन ने छह एकदिवसीय मैचों में भारतीय टीम की कमान संभाली है जिनमें से पांच मैचों में टीम को जीत मिली। इसके अलावा धवन ने तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों में भी कप्तानी की है जिनमें उनका रिकॉर्ड एक जीत और दो हार है। धवन ने पिछले साल जुलाई में पहली बार भारतीय टीम की कप्तानी की थी। वह हाल में वेस्टइंडीज के वनडे दौरे में भी टीम के कप्तान थे। वेस्टइंडीज के खिलाफ जहां भारतीय टीम ने तीन वनडे की श्रृंखला में क्लीनस्वीप किया वहीं श्रीलंका के खिलाफ उसने श्रृंखला 2-। से जीती थी। पिछले साल श्रीलंका के खिलाफ भारतीय टीम टी20 श्रृंखला में।-2 से हार गई थी। राहुल ने इस साल जनवरी में दक्षिण अफ्रीकी दौरे में रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में पहली बार भारतीय टीम की अगुवाई की थी। उनके नेतृत्व में भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जो तीन वनडे मैच खेले थे उन सभी में उसे हार का सामना करना पड़ा था। इस दौरे के दूसरे टेस्ट मैच में तत्कालीन कप्तान विराट कोहली के पूरी तरह फिट नहीं होने के कारण राहुल को पहली बार टेस्ट क्रिकेट में कप्तानी का मौका मिला था लेकिन भारत यह मैच सात विकेट से हार गया था। राहुल ने इस साल फरवरी के बाद कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला में खेलना था लेकिन कोविड-19 के लिए पॉजिटिव पाए जाने के कारण वह नहीं खेल पाए थे।

# पूर्व भारतीय खिलाड़ियों का एआईएफएफ चुनावों में मत अधिकार दिए जाने के कदम का समर्थन

**भाषा।** नई दिल्ली

भारत के पूर्व और मौजूदा फुटबॉलरों ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद एआईएफएफ (अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ) के चुनावों में पूर्व खिलाड़ियों को मतदान का अधिकार देने के कदम का स्वागत किया, हालांकि राज्य संघ इस फैसले से खुश नहीं हैं।

इन पूर्व खिलाड़ियों में महान फुटबॉलर बाईचुंग भूटिया और संदेश झींगन शामिल हैं। उच्चतम न्यायालय ने तीन अगस्त को एआईएफएफ की कार्यकारी समिति के चुनाव कराने का निर्देश दिया था जिसमें निर्वाचक मंडल राज्य फुटबॉल संघ के 36 प्रतिनिधियों और 36 मशहूर पूर्व फुटबॉल खिलाड़ियों का हो। विश्व संचालन संस्था फीफा ने हालांकि एआईएफएफ को भेजे गए एक पत्र में कहा था कि निर्वाचक मंडल में राज्य संघों के प्रतिनिधियों और पूर्व खिलाड़ियों की बराबर संख्या समझदारी नहीं है, हालांकि उसने संविधान मसौदे के 50 प्रतिशत के बजाय कार्यकारी समिति में 25 प्रतिशत खिलाड़ियों के प्रतिनिधित्व पर सहमति दी थी। पूर्व कप्तान भूटिया ने कहा कि उच्चतम न्यायालय का आदेश खिलाड़ियों को संन्यास में गरिमा प्रदान करेगा। मैं एआईएफएफ में पूर्व खिलाड़ियों को मत डालने का अधिकार देने के लिए उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत करता हूं। हमारे देश में खिलाड़ियों को संन्यास के बाद भुला दिया जाता है और उन्हें खेल से बाहर कर दिया जाता है जबकि उनके पास देने के लिए फिर भी काफी कुछ होता है।

## पूर्व खेल मंत्री सोनोवाल लड़ सकते हैं एआईएफएफ अध्यक्ष पद का चुनाव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल इस महीने के अंत में होने वाले अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के चुनाव मे अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ सकते है, सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। केंद्रीय मंत्रिपरिषद मे पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग का पोर्टफोलियो संभाल रहे सोनोवाल ने एआईएफएफ चुनाव चुनावों के लिए संभावित नामांकन के संबंध में असम फुटबॉल संघ से संपर्क किया है। लेकिन अभी तक कुछ भी आधिकारिक नही है क्योंकि वह चीजों को देख रहे है। सूत्रों के अनुसार पूर्व खेल मंत्री को इसके लिए अपनी पार्टी (भाजपा) से भी सहमति लेनी होगी। असम फुटबॉल संघ के एक सूत्र ने पीटीआई से कहा, उन्होंने (सोनोवाल) ने असम फुटबॉल संघ के अध्यक्ष को एआईएफएफ के चुनावो मे अध्यक्ष पद के चुनाव के संबंध मे संपर्क किया है।

# भारत को अगले साल हॉकी विश्व कप से पहले सुधार की जरूरतः अभिषेक

**भाषा।** नई दिल्ली

**हाल में समाप्त** हुए राष्ट्रमंडल खेलों में अपने शानदार प्रदर्शन से प्रभावित करने वाले युवा फॉरवर्ड अभिषेक ने कहा कि भारतीय टीम का लक्ष्य अगले साल होने वाले विश्व कप से पहले अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में रहना है। बर्मिंघम में छह मैचों में दो गोल करने वाले अभिषेक ने हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में कहा, हम सभी वास्तव में अभ्यास में वापसी करने और आगामी प्रतियोगिताओं के लिए खुद को तैयार करने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, हम सभी एक टीम के रूप में सुधार करना चाहते हैं। अगले साल विश्वकप होना है और उससे पहले सभी खिलाड़ी अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में रहना चाहते हैं। राष्ट्रमंडल खेलों में यह 22 वर्षीय खिलाड़ी सभी छह मैचों में खेला था और उन्होंने भारत को रजत पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। भारतीय टीम फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गई थी। अभिषेक ने कहा, इतने बड़े मंच पर अच्छा प्रदर्शन करना मेरे लिए यादगार अनुभव रहा। इस टूर्नामेंट के दौरान मुझे अपने खेल के बारे में काफी कुछ सीखने को मिला और पता चला कि किन क्षेत्रों में मुझे सुधार करने की जरूरत है। हमने पूरी प्रतियोगिता में एक टीम के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया जबकि हमारा सामना कड़े प्रतिद्वंद्वियों से था। प्रत्एक मैच हमारे लिए एक चुनौती था और हमने इसका डटकर सामना किया।

# कैस्पर रूड नेशनल बैंक ओपन के क्वार्टर फाइनल में



किर्गियोस

**भाषा।** मॉन्ट्रियल

**नॉर्वे के** चौथी वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड ने रॉबर्टो बॉटिस्ता आगुट को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

शीर्ष वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव, नंबर दो कार्लोस अल्काराज और नंबर तीन स्टेफ़ानोस सिटसिपास के बुधवार को बाहर होने के बाद रूड एकल ड्रॉ में सबसे अधिक वरीयता प्राप्त खिलाड़ी बचे हैं। रूड ने स्पेन के आगुट को 6-7 (4), 7-6 (4), 6-4 से पराजित किया। उनका अगला मुकाबला छठी वरीयता प्राप्त फेलिक्स ऑगर अलियासिम से होगा, जिन्होंने ब्रिटेन के कैमरन नोरी को 6-3, 6-4 से हराया। पोलैंड के आठवीं वरीयता प्राप्त ह्यूबर्ट हर्काज़ ने भी स्पेन के अल्बर्ट रामोस विनोलस को 6-7 (6), 6-2, 7-6 (3) से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई जबकि निक किर्गियोस ने हमवतन ऑस्ट्रेलियाई एलेक्स डी मिनौर को 6-2, 6-3 से हराया। एक अन्य मैच में स्पेन के पाब्लो कारेनो बुस्टा ने इटली के सातवीं वरीयता प्राप्त यानिक सिनर को 6-2, 6-4 से शिकस्त दी।

## माइया ने स्वियातेक को हराकर उलटफेर किया

**टोरंटो।** ब्राजील की बीट्रिज हदाद माइया ने पोलैंड की शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक को 6-4, 3-6, 7-5 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मे जगह बनाई। माइया ने अपने करियर मे पहली बार शीर्ष क्रम की खिलाड़ी को हराया। इससे वह डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मे पहुंचने वाली पहली ब्राजीलियाई महिला खिलाड़ी बन गई है। उनका अगला मुकाबला बेलिंडा बेनसिच और गारबाइन मुगुरुजा के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। इस बीच 10वी वरीयता प्राप्त कोको गौफ ने छठी वरीयता प्राप्त आर्यना सबलेंका को 7-5, 4-6, 7-6 (4) से हराया। गौफ का सामना अब रोमानिया की सिमोना हालेप से होगा। हालेप ने स्विट्जरलैंड की जिल टेकमैन को 6-2, 7-5 से पराजित किया। अमेरिका की सातवी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने इटली की कैमिला जॉर्जी को 3-6, 6-0, 7-5 से हराया लेकिन कनाडा की बियांका आंद्रीस्कु चीन की 19 वर्षीय झेंग किनवेन से 7-5, 5-7, 6-2 से हार गईं। एक अन्य मैच मे चेक गणराज्य की कैरोलिना पिलिसकोवा ने यूनान की तीसरी वरीयता प्राप्त मारिया सक्कारी को 6-1, 6-7 (9), 6-3 से पराजित किया।

### अल्टीमेट खो-खो लीग आज से

**पुणे।** अल्टीमेट खो-खो लीग के शुरुआती सत्र का आगाज रविवार को यहां के श्री शिव छत्रपति खेल परिसर में शुरू होगा जिसमें छह टीमें खिताब के लिए भिड़ेंगी। लीग में भाग लेने वाली छह फ्रेंचाइजी टीमें चेन्नई क्विक गन्स, गुजरात जायंट्स, मुंबई खिलाड़ीज, ओडिशा जगरनॉट्स, राजस्थान वॉरियर्स और तेलुगु योद्धाज इस देसी खेल को आधुनिक अवतार में पेश करते हुए अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। लीग के आयुक्त और अल्टीमेट खो-खो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तेनजिंग नियोगी ने लीग की शुरुआत को देश में इस खेल के लिए एक विशेष क्षण करार दिया। उन्होंने कहा, खो-खो आंतरिक रूप से प्रत्एक भारतीय के दिल और आत्मा में बसा हुआ है। यह खेल हर स्कूल में खेला जाता है।

# राष्ट्रमंडल खेलों में महिला पहलवानों के प्रदर्शन से खुश नहीं है डब्ल्यूएफआई

- होगी समीक्षा

**भाषा।** नई दिल्ली



**राष्ट्रीय महासंघ** हाल में समाप्त हुए राष्ट्रमंडल खेलों में चार भारतीय महिला पहलवानों के प्रदर्शन से खुश नहीं है कि वे ड्रा में कमजोर प्रतिद्वंद्वियों के बावजूद फायदा नहीं उठा सकीं और स्वर्ण पदक से चूक गईं। राष्ट्रमंडल खेलों में सभी 12 पहलवानों ने पदक जीते जिसमें से छह ने स्वर्ण, एक ने रजत और पांच ने कांस्य पदक अपने नाम किए। महिलाओं में केवल विनेश फोगाट और साक्षी मलिक ही स्वर्ण पदक जीत सकी थीं जबकि अंशु मलिक स्वर्ण पदक की दावेदार होने के बावजूद 57 किग्रा वर्ग में रजत पदक लेकर लौटीं। पूजा गहलोत (50 किग्रा), दिव्या काकरान (68 किग्रा) और पूजा सिहाग (76 किग्रा) ने कमजोर प्रतिद्वंद्वियों के बावजूद कांस्य पदक जीते। महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग में केवल छह पहलवानों ने हिस्सा लिया जिसमें पूजा कनाडा की मेडिसन बियांका पार्क्स से हार गईं और उन्होंने प्लेऑफ में कांस्य पदक जीता। वहीं 76 किग्रा में केवल आठ पहलवान जबकि 68 किग्रा वर्ग में नौ पहलवान थीं, जिसमें बांग्लादेश, मौरिशस, कैमरून, टोंगा और न्यूजीलैंड जैसे देश की पहलवान शामिल थीं। केवल दिव्या के सामने 68 किग्रा में नाईजीरिया की ब्लेसिंग ओब्रूडूडू जैसी मजबूत पहलवान की चुनौती थी जो तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता हैं। दिव्या एक भी अंक नहीं जुटा सकीं और फिर उन्होंने कैमरून की कमजोर पहलवान ब्लानडिन नएह एनगिरी को हराकर कांस्य पदक जीता। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के लिए सबसे बड़ी निराशा प्रतिभाशाली अंशु मलिक का स्वर्ण पदक नहीं जीत पाना रही। अंशु मलिक के सामने फाइनल में अफ्रीकी चैम्पियन ओडुनाओ फोलासाडे एडेकुओरोए की चुनौती थी जो उनसे सात साल बड़ी हैं। डब्ल्यूएफआई के एक अधिकारी ने कहा, हमारी महिला पहलवानों का यह अच्छा प्रदर्शन नहीं था। अगर आप कमजोर प्रतिद्वंद्वियों के बावजूद पदक नहीं जीत पा रहे हो तो इससे आपका प्रदर्शन दिखाई देता है। हम पहलवानों के साथ बैठकर उनके प्रदर्शन की समीक्षा करेंगे। अंशु अपने से कहीं बड़ी उम्र की प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ सही दांव नहीं लगा सकी। पहलवानों को इसके बारे में सोचना चाहिए। भारत निश्चित रूप से राष्ट्रमंडल खेलों में पावरहाउस है लेकिन मुझे लगता है कि यह हमारे नतीजों से सही से दिखाई नहीं दे रहा। पुरूषों के वर्ग में हालांकि प्रदर्शन उम्मीद के अनुरूप रहा जिसमें बजरंग पूनिया (65 किग्रा), रवि दहिया (57 किग्रा), नवीन (74 किग्रा) और दीपक पूनिया (86 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते जबकि दीपक नेहरा (97 किग्रा) और मोहित ग्रेवाल (125 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते।

## राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेने वाले सशस्त्र बलों के खिलाड़ियों से मिले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को भारतीय सशस्त्र बलों के उन खिलाड़ियों से मुलाकात की जिन्होने हाल मे ब्रिटेन के बर्मिंघम में समाप्त हुए राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लिया था। रक्षा मंत्री ने सशस्त्र बलों के खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की और इसे शानदार करार किया। भारत ने 28 जुलाई से आठ अगस्त तक हुए इन राष्ट्रमंडल खेलों मे 18 स्वर्ण, 15 रजत और 22 कांस्य पदक जीते। सिंह ने ट्विटर पर लिखा, बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले सैन्य बलों के खिलाड़ियों के साथ बातचीत शानदार रही। उन्होंने लिखा, उन्होंने अपने शानदार प्रदर्शन से हर किसी को खुश किया और अपनी उपलब्धियों से देश को गौरवान्वित किया। इन एथलीट को भविष्य के लिए सफलता हासिल करने के लिए शुभकामनाएं।

# एक्स स्टूडेंट क्लब ने जीता जिला फुटबॉल लीग का खिताब



**लखनऊ।** जिला फुटबॉल लीग के फाइनल में एक्स स्टूडेंट्स क्लब ने पुलिस ब्वॉयज क्लब को 2-1 से हराया। एक्स स्टूडेंट्स क्लब की ओर से इमरान खान ने 39 वे इमरान ने 61 वे मिनट में गोल किया। पुलिस ब्वॉयज की ओर से सलमान ने 46 वे मिनट में गोल किया। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी ओलंपियनअशोक कुमार पुत्र स्वर्गीय ध्यान चंद्र एवं उनके भाई देवेंद्र सिंह और चौक पार्षद ,अनुराग मिश्रा अन्नू और कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी नेगी, राकेश टंडन , अर्जुन , वीरेंद्र शर्मा , डीएस बोरा , मुकुल शर्मा, राशिद अहमद, पूरन सिंह भंडारी, पप्पू डेरेवाल फुटबॉल की कई हस्तियां जिसमें सपन राय साईं फुटबॉल कोच एवं सुधीर सिंह विजय थापा मौजूद थे ।